■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 333
पृष्ठ : 16
औरंगाबाद, गुरुवार
8 मई 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

1954: केंद्र सरकार ने चंद्रनगर को पश्चिम बंगाल राज्य में शामिल किया।
1962: रवीन्द्र भारती विश्वविद्यालय की स्थापना।
1963: भारतीय रेडक्रास सोसायटी का शताब्दी समारोह मनाया गया।
1980: विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चेचक के उन्मूलन की घोषणा की।
1984: फ्रांस ने आईलेंड पर न्यूक्लियर टेस्ट किया।

इसे अपने दिल पर लिख लें कि हर दिन सबसे अच्छा दिन है।

संक्षिप्त समाचार

सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद का बढ़ा कार्यकाल

नयी दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)। केंद्र सरकार ने सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद के कार्यकाल का विस्तार किया है। सरकार ने उनके कार्यकाल को एक साल के लिए बढ़ाया है। इससे पहले सोमवार को अगले सीबीआई निदेशक की नियुक्ति के लिए पीएमओ में बैठक हुई थी जिसमें मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शामिल हुए थे। केंद्र सरकार ने बुधवार को सीबीआई निदेशक प्रवीन सूद का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया। सूद ने 25 मई 2023 को दो वर्ष की अवधि के लिए सीबीआई निदेशक का पदभार संभाला था। एक साल के सेवा विस्तार के बाद वह इस पद पर मई 2026 तक बने रहेंगे।

युवक की हत्या

नवादा(नबिटा ब्यूरो)। रजौली थाना क्षेत्र के अंबातरी गांव के पास बुधवार सुबह एक युवक का शव संदिग्ध हालात में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान खिजुआ निवासी प्रमोद यादव के रूप में की गई है। शव मिलने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना पर रजौली थाना अध्यक्ष राजेश कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार, मृतक के शरीर पर कई जगहों पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है।

हर्ष फायरिंग में दुल्हन के मौसा की मौत

पटना(नबिटा ब्यूरो)। बिहार में पुलिस की सख्ती के बावजूद हर्ष फायरिंग से होने वाली घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। ताजा मामला मोकामा के ईशानगर गांव का है जहां शादी में बारात गए एक युवक की हर्ष फायरिंग में मौत हो गई है। शादी का जश्न मातम में बदल गया। मृतक युवक रिश्ते में वधू का मौसा लगता था। मृतक की पहचान वधू के मौसा उमेश पासवान उर्फ कारू पासवान के तौर पर की गई है। बताया जाता है कि गांव में इन्दल पासवान की बेटी की शादी थी। सुबह चार बजे समधी मिलन समारोह हो रहा था। इसी दौरान हर्ष फायरिंग की गयी। गोली सीधे इंदल पासवान के चेहरे पर लगी और उसने दम तोड़ दिया।

युवक की गोली मारकर हत्या

हाजीपुर (नबिटा ब्यूरो)। नगर थाना क्षेत्र के आरएन कॉलेज के निकट आम के गाछी में कार सवार अपराधियों ने बुधवार सुबह गोली मारकर युवक की हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची डायल 112 की पुलिस ने भाग रहे अपराधी का पीछा किया। भागने के दौरान अपराधी ने कार से एक स्कूल बस में धक्का मार दिया। डायल 112 की पुलिस ने पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन मौके से अपराधी फरार हो गया। मौके से पुलिस ने आरएन कॉलेज का पास लगा स्विफ्ट डिजायर जब्त किया है। मृतक युवक की पहचान औद्योगिक थाना क्षेत्र के छोटी यूसुफपुर निवासी राजकुमार शाह 18 वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार बताया गया है।

भारतीय सेना ने मिसाइल हमला कर नौ आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिलाया, कांपा पाकिस्तान

आपरेशन सिंदूर : 90 से अधिक आतंकी मारे गये

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार तड़के पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें मुरीदके और बहावलपुर भी शामिल हैं। ये सभी आतंकवादी समूहों लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के गढ़ हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इन हमलों में अब तक 90 से अधिक आतंकवादियों के मारे जाने की खबर सामने आ रही है। मुरदीके में 30 आतंकियों को मार गिराया गया। दूसरे कैंपों में भी दर्जनों आतंकवादी मारे गए हैं। खबर है कि, इस ऑपरेशन में 90 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं। हालांकि, इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सशस्त्र बलों ने 25 मिनट के ऑपरेशन सिंदूर नामक इस ऑपरेशन में 24 मिसाइलों के जरिए नौ आतंकी शिविरों को ध्वस्त कर दिया। इन नौ ठिकानों में से पांच पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में थे, वहीं चार पाकिस्तान में थे। इन ठिकानों में आतंकियों को भर्ती किया जाता था। उन्हें प्रशिक्षित किया जाता था। उनके दिमाग में जहर भरा जाता था। ऑपरेशन सिंदूर में यह खास ध्यान रखा गया कि पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठानों, रिहाइशी इलाकों और आम नागरिकों को नुकसान न पहुंचे।

सवाई नाला कैम्प : नियंत्रण रेखा से 30 किमी दूर स्थित यह कैम्प लश्कर-ए-तैयबा का था। 2024 में सोनगर्म और गुलमर्ग में हुए आतंकी हमलों के साथ-साथ पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को पर्यटकों पर हुए हमले को अंजाम देने



आए आतंकियों ने इसी शिविर में प्रशिक्षण लिया था। यह आतंकी शिविर 2000 में शुरू हुआ था। पाकिस्तान की फौज और आईएसआई के अफसर अक्सर यहां आते थे।

मरकज सैयदना बिलाल कैम्प : यह कैम्प जैश-ए-मोहम्मद का था। यहां हथियार, विस्फोटक रखे जाते थे। यहां आतंकियों को घने जंगलों में जिंदा रहने का प्रशिक्षण दिया जाता था। पाकिस्तानी सेना का स्पेशल सर्विसेस ग्रुप यहां पर आतंकियों को ट्रेनिंग देने आता था।

गुलपुर कैम्प: नियंत्रण रेखा से 30 किमी दूर यह कैम्प लश्कर-ए-तैयबा का था। राजौरी और पुंछ में सक्रिय आतंकी इसी कैम्प से प्रशिक्षण प्राप्त करते थे। पुंछ में 20 अप्रैल 2023 को हुए हमले और रियासी में 9 जून 2024 को तीर्थयात्रियों पर हमला करने आए आतंकियों ने भी यहीं से ट्रेनिंग ली थी।

बरनाला कैम्प : नियंत्रण रेखा से नौ किमी दूर स्थित यह कैम्प भी लश्कर-ए-तैयबा का था। यहां हथियार, आईईडी रखे जाते थे। आतंकियों को घने जंगलों में जिंदा रहने का प्रशिक्षण दिया जाता था। यहां एक बार में 100 से ज्यादा आतंकी रुक सकते थे।

अब्बास कैम्प : नियंत्रण रेखा से 13 किमी दूर यह कैम्प लश्कर-ए-तैयबा/जैश-ए-मोहम्मद का था। यहां पर लश्कर के फिदायीन दस्ते तैयार किए जाते थे। एक बार में 15 आतंकियों को प्रशिक्षण देने लायक जगह थी। माना जाता है कि जैश-ए-मोहम्मद का आतंकी कारी जरार भी यहां आता था। पुंछ और राजौरी सेक्टर में घुसपैठ के लिए यहीं से आतंकी तैयार होते थे।

सरजल कैम्प : अंतरराष्ट्रीय सीमा से छह किमी दूर यह कैम्प जैश-ए-मोहम्मद का था। मार्च 2025 में जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवानों की जिन आतंकियों ने हत्या की, उन्होंने यहीं ट्रेनिंग हासिल की थी। जैश का आतंकी अब्दुल रउफ असगर इस कैम्प को चलाता था। यहीं पर आतंकियों को सुरंगें खोदना सिखाया जाता था। यहीं से **(शेष पृष्ठ 10 पर)**

सुरक्षा बलों पर हमले की साजिश नाकाम जंगल से पांच प्रेशर आईईडी बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। नक्सलियों द्वारा हमले की साज़िश को जवानों ने नाकाम कर दिया। पुलिस ने जंगल से पांच प्रेशर आईईडी बरामद किया है। हालांकि नक्सली मौके से फरार हो गए। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं औरंगाबाद पुलिस के द्वारा की गई। प्राप्त आसूचना के आधार पर एसआईटी का गठन किया गया। गठित एसआईटी द्वारा 06 मई 2025 को पलामू पुलिस, एसटीएफ बिहार एवं झारखंड की टीम तथा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की। मदनपुर सीडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के फलस्वरूप मदनपुर थाना क्षेत्र के लडुईया पहाड़ के शिकारी नाला के पास कार्रवाई की गई। यहां नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की बड़ी योजना थी, जिसे



समय रहते विफल कर दिया गया। जंगल में छिपाकर लगाये गए सभी प्रेशर आईईडी को यथा स्थान पर विनिष्ट कर दिया गया। प्रत्येक आईईडी का वजन दो किलोग्राम था। एसडीपीओ ने बताया कि संयुक्त अभियान के फलस्वरूप अबतक करीब 102 आईईडी बरामद कर यथास्थान विनष्ट किया गया है। इस कार्रवाई से नक्सलियों का मनोबल काफी गिरा हुआ है। साथ ही नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु लगातार छापामारी अभियान जारी है।

सहकारिता मंत्री ने किया नवबिहार टाइम्स के प्रिंटिंग प्रेस का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। औरंगाबाद जैसे छोटे शहर से अखबार की छपाई शुरू होने से पत्रकारिता के साथ-साथ स्थानीय उद्यमिता को भी बढ़ावा मिलेगा। आमतौर पर जो भी दैनिक अख़बार हैं, वह सभी बिहार से बाहर की अखबार हैं। इससे स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार मिलेगा। यह बात सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने बुधवार को जसोइया स्थित बियाडा परिसर में नवबिहार टाइम्स के प्रेस प्लांट का उद्घाटन करते हुए कही। इस अवसर पर औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, पूर्व सांसद बीरेंद्र कुमार सिंह, भाजपा के वरीय नेता प्रमोद चंद्रवंशी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पांडे, वरीय कवि शंकर कैमूरी, जदयू प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विश्वनाथ सिंह, सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज के प्राचार्य सुधीर कुमार मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेंद्र कुमार चंद्रवंशी सहित कई अन्य प्रमुख लोग शामिल रहे।



बैंक ऑफ महाराष्ट्र से 15 लाख नकद और पांच करोड़ के आभूषण की लूट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

समस्तीपुर। शहर के काशीपुर मुहल्ला स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शाखा में बदमाशों ने बुधवार दिन के करीब 11:30 बजे धावा बोलकर करीब 15 लाख रुपये नकद के अलावा पांच करोड़ रुपये मूल्य का गहना लूटकर ले गए। बदमाशों की संख्या आठ बताई गई है, जो हथियारों से लैस थे। घटना की सूचना मिलते ही एसपी अशोक मिश्रा के अलावा एसपी संजय पांडे सुमित नगर और मुफस्सिल थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई है। घटना के संबंध में बैंक के डिप्टी मैनेजर शशि भूषण कुमार ने बताया कि दिन के करीब 11:30 बजे पहले दो-तीन की संख्या में बदमाश खाता खुलवाने के नाम पर अंदर प्रवेश किए। खाता खोलने के लिए क्या-क्या डॉक्यूमेंट की जरूरत है, इस पर बात कर रहे थे। इसी दौरान 6-7 और बदमाश अंदर प्रवेश कर गए। सभी लोगों को गन पॉइंट पर ले लिया और बैंक के काउंटर में रखा 15 लाख नकद के अलावा करीब पांच करोड़ रुपये का गहना लूट कर ले गए। इस दौरान बदमाशों ने सभी बैंक कर्मियों का मोबाइल भी ले लिया। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश आराम से फरार हो गए। चूंकि मार्केट में यह बैंक स्थित है।



उसके नीचे कई दुकानें भी हैं लेकिन लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगी। पुलिस के आने के बाद लोगों को यह जानकारी मिल सकी की ऊपर बैंक में लूट हुई है। बैंक के नीचे साइबर कैफ़े चलने वाले कृष्ण कुमार ने बताया कि घटना की भनक भी उन्हें नहीं लगी। जब पुलिस मौके पर पहुंची है तभी लोगों को जानकारी मिली कि ऊपर बैंक में लूट हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि लूट के बावजूद भी बैंक में खतरे का सायरन नहीं बजा जिस कारण आसपास के लोगों को घटना की भनक तक नहीं मिली।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आज जमालपुर आयेंगे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव 8 मई को जमालपुर रेल कारखाना का दौरा करेंगे। उनके साथ केंद्रीय मंत्री और मुंगेर सांसद राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह भी मौजूद रहेंगे। इस दौरे से पहले पूर्व रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक यतीश कुमार बुधवार को जमालपुर पहुंचेंगे। वे जमालपुर रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का जायजा लेंगे। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे कार्यों का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद जमालपुर से धनौड़ी रेलखंड का भी दौरा करेंगे। यतीश कुमार लिलुआ रेल इंजन कारखाना के मुख्य कारखाना प्रबंधक भी हैं। उनका जमालपुर दौरा रेलमंत्री के आगमन की पुष्टि करता है। रेल मंत्री के



कार्यक्रम का विस्तृत शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है। रेल मंत्री के दौरे में जमालपुर कारखाना को निर्माण का दर्ज़ा मिल सकता है। इससे कारखाने को एलएचबी कोच और वंदे भारत ट्रेनों के रखरखाव की जिम्मेदारी मिलेगी। इससे क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। एक्ट अप्रेंटिस का प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को भी रोजगार के अवसर मिलेंगे।

सरकारी तालाबों को मिलेगी विशिष्ट पहचान


पटना(नबिटा ब्यूरो)। बिहार के सरकारी तालाबों को विशिष्ट पहचान (यूआईडी) मिलेगी। 'बिहार गजेटियर्स' जलनिकायों के संरक्षण की दिशा में मददगार साबित होगी और यूआईडी से संबंधित काम करने में विशेष भूमिका निभाएगी। ये बातें राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने 'गजेटियर-कम-एटलस ऑफ वॉटर बॉडीज ऑफ बिहार' पुस्तक के विमोचन के दौरान कही। इस पुस्तक का लोकार्पण विभागीय मंत्री ने पटना स्थित मुख्य सचिवालय के अधिवेशन भवन में किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इससे न केवल जल स्रोतों की सुरक्षा और प्रबंधन को बल मिलेगा बल्कि अतिक्रमित जलनिकायों की पहचान कर उन्हें पुनः संरक्षित करने में स्थानीय प्रशासन को मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री नीतीश सहित बिहार के सभी सियासी दिग्गजों ने ऑपरेशन सिंदूर को सराहा

सेना के साहस और पराक्रम पर पूरे देश को गर्व : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। पहलगाम हमले के 15 दिन बाद पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना की कार्रवाई पर पूरे देश के साथ बिहार में भी जश्न का माहौल है। पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में भारतीय सेना की ऑपरेशन सिंदूर में की गई कार्रवाई को बिहार के तमाम सियासी दिग्गजों ने सराहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सोशल मीडिया एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान ऑक्यूपाइड कश्मीर में आतंकवादियों के नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध पूरा देश एकजुट है। भारतीय सेना के साहस और पराक्रम पर पूरे देश को गर्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर हम सभी को अटूट विश्वास एवं गर्व है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस विषय पर कई ट्वीट और एक वीडियो संदेश जारी करते हुए कहा कि यह सिर्फ सैन्य ऑपरेशन नहीं था, यह हमारे बहनों के सिंदूर की रक्षा का उत्तर था। चुन-चुनकर और घुस-घुसकर मारा गया। यह एक निर्णायक कार्यवाही थी, जो आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देती है। वहीं ऑपरेशन सिंदूर को उन्होंने पहलगाम में छीनी गयी सिंदूर का बदला बताया।



उन्होंने अपने एक पोस्ट में लिखा-'भारत का आरंभ, आतंकिस्तान का अंत। भारत माता की जय।' दूसरे पोस्ट में सम्राट चौधरी ने लिखा- 'चुन-चुन कर मारा, घुस-घुस कर मारा! ये नया भारत है। आज का दिन शौर्य, गर्व का है और भारतीय सेना को सलाम करने का दिन है। राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने लिखा है जय हिंद की सेना। बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने अपने पोस्ट में लिखा है कि सेना ने सिंदूर की रक्षा की। बिहार कांग्रेस ने एक्स पर पोस्ट कर भारतीय वायु सेना की वीडियो को जारी करते हुए लिखा- 'शुक्रिया भारतीय सेना! बस देश पहले! ऑपरेशन सिंदूर के साथ हम 140 करोड़ एक हैं। जय हिंद। केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने पोस्ट करके भारतीय सेना के शौर्य को सलाम किया। जय हिंद! जय हिंद की सेना! पटना साहिब से सांसद और पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने बहुत ही साहसिक और प्रभावी ऑपरेशन सिन्दूर के सफल होने पर बुधवार को भारत की सेना के शौर्य और सटीक मारक क्षमता के लिए उनका अभिनन्दन करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह का विशेष रूप से अभिनंदन किया। श्री प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री के साहसिक निर्णय और सेना पर पूरा विश्वास करते हुए प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश के कारण यह बड़ी सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि अब स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में यह नया भारत है जहां सिर्फ आतंकवाद के खिलाफ ही कार्यवाही नहीं होगी बल्कि उनके आकाओं और ठिकानों पर भी कार्यवाही होगी जो आज करके दिखाया गया है। उन्होंने कहा कि जहां तक जानकारी मिली है, हमारी वायुसेना का एक **(शेष पृष्ठ 10 पर)**

'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद बढ़ाई गई पटना एयरपोर्ट की सुरक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भारतीय सेना की पाकिस्तान और पीओके में 'ऑपरेशन सिंदूर' की कार्रवाई के बाद पटना एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। एयरपोर्ट के चप्पे-चप्पे पर सीआईएसएफ के जवानों को तैनात किया गया है और हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। पटना एयरपोर्ट से आने-जाने वाली चार फ्लाइट को भी रद्द किया गया। दरअसल, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले के जवाब में सेना के द्वारा पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों पर किए गए सर्जिकल स्ट्राइक के बाद एहतियात के तौर पर पटना एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था टाइट कर दी गई है। सीआईएसएफ के जवानों ने मोर्चा संभाल लिया है। वहीं पटना एयरपोर्ट से आने जाने वाले चार विमान को रद्द कर दिया गया है। इंडिगो की विमान संख्या 6ई 6485 जो 1:25 पर भुवनेश्वर से पटना आगमन होना था, उसको रद्द कर दिया गया है। वहीं दूसरी फ्लाइट की बात करें तो इंडिगो की विमान संख्या 6ई 6394 सुबह-सुबह 9:15 पर चंडीगढ़ से पटना आनी थी इसको भी रद्द कर दिया गया। वहीं पटना एयरपोर्ट से जाने वाले दो विमानों को रद्द कर दिया गया है। इंडिगो की विमान संख्या 6ई 6394 जिसे सुबह 9:55 पर उड़ान भरकर भुनेश्वर जाना था, उसे रद्द कर दिया गया। वहीं एयर इंडिया एक्सप्रेस की विमान संख्या आई एक्स 1591 गाजियाबाद जिसे 11:55 में गाजियाबाद के लिए उड़ान भरना था जिसे रद्द कर दिया गया।

पटना शाम 7 बजे से 10 मिनट का ब्लैकआउट

सभी घरों, कार्यालयों और सार्वजनिक स्थानों की बत्तियां बंद रखी गई 0 सायरन बजते ही पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। पहलगाम हमले के जवाब में भारत की पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक के बाद बुधवार को राजधानी पटना समेत राज्य के छह जिलों में मॉक ड्रिल की गई। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार राजधानी पटना समेत राज्य के छह जिलों में शाम 7 बजे से 10 मिनट के लिए ब्लैकआउट किया गया। इस दौरान सभी घरों, कार्यालयों और सार्वजनिक स्थानों की बत्तियां बंद रखी गई। शाम 6 बज कर 58 मिनट पर सायरन बजते ही पटना के डाक-बंगला चौराहे पर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगने लगे। पटना में 80 जगहों पर सायरन बजे। फायर ब्रिगेड, पुलिस, थानों की गाड़ियां और अन्य आपातकालीन सेवाओं ने शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर सायरन बजाये। प्रशासन के लोगों ने कहा कि यह केवल एक रिहर्सल है। बिहार के पटना, पूर्णिया, कटिहार, अररिया, किशनगंज और बेगूसराय में मॉक ड्रिल की गई। इसको लेकर सुरक्षा के चाक-चौबंद प्रबंध किए गए थे। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य युद्ध जैसे हालात में भारत की नागरिक तैयारियों का परीक्षण करना है। इसी कड़ी में राजधानी पटना में मॉक ड्रिल किया गया। इस दौरान पटना में सात बजे शाम से 10 मिनट के लिए ब्लैक आउट किया गया। वहीं सायरन बजाकर लोगों को युद्ध की परिस्थिति से निपटने के जागरूक किया गया। ब्लैक आउट के दौरान सड़कों और गलियों में अन्धेरा पसरा रहा जबकि लोगों ने इस दौरान इनवर्टर की लाइट भी बंद कर ली जिससे कहीं भी रौशनी का नामोनिशान नहीं रहा। बाइक और चारपहिया वाहनों में भी गाडी जलाकर जा रहे लोगों को भी रोक दिया गया। ऐसी स्थिति में लोगों को फटकार भी लगाया गया। ब्लैक आउट के दौरान डाकबंगला चौराहा, इनकम टैक्स चौराहा जैसे इलाकों में थोड़ी देर के लिए सन्नाटा पसरा रहा है। 10 मिनट के बाद फिर सभी इलाकों में विद्युत आपूर्ति बहल की गयी। वहीं सड़कों पर वाहनों का आवागमन सुचारू हो सका। ब्लैक आउट को लेकर पटना पुलिस अलर्ट मोड पर थी। पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल में आज दोपहर को जिला प्रशासन की ओर से ब्लैक आउट से पहले मॉक ड्रिल की ट्रेनिंग दी गई। मॉक ड्रिल के दौरान वायुसेना के साथ हॉटलाइन और रेडियो-संचार लिंक का संचालन, नियंत्रण कक्षों की कार्य क्षमता और उनकी तत्परता का आकलन किया गया। जिला प्रशासन और सेना इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ी हर कड़ी का मूल्यांकन किया गया। इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को आपातकालीन परिस्थितियों, विशेषकर हवाई हमले जैसी संभावित आपदाओं से निपटने के लिए तैयार करना है। इसमें युद्ध या बड़े हमले की स्थिति में नागरिकों को कैसे सुरक्षित रखा जाए, इसका प्रदर्शन किया गया। पटना में मॉक ड्रिल से पहले पटना एयरपोर्ट पर मॉक ड्रिल हुआ। पटना एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग में आग से बचाव के लिए यह मॉक ड्रिल किया गया। इस दौरान फायर ब्रिगेड के कर्मचारी पूरी तरह से मुस्तैद नजर आए।

भाजपा के पूर्व विधायक अनिल सिंह कांग्रेस में शामिल

जदयू नेता शंभू पटेल ने भी थामा कांग्रेस का दामन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भाजपा के पूर्व विधायक अनिल सिंह बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। अनिल सिंह चंडी विधानसभा क्षेत्र से दो बार विधायक रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित मिलन समारोह में उनके साथ जदयू के पूर्व प्रदेश महासचिव और राज्य सलाहकार परिषद के सदस्य शंभू पटेल ने भी कांग्रेस का दामन थाम लिया। बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने दोनों नेताओं को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी। इस मौके पर कांग्रेस के कई नेता मौजूद थे।

पाक को मिला मुंहतोड़ जवाब : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिहार भाजपा के वरीय नेता व बिहार सरकार में सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि भारत की बहन-बेटियों का सिंदूर उजारने वाले पाक फौज पोषित दूर्दांत आतंकी को ऑपरेशन सिंदूर द्वारा भारतीय सेना ने ठिकाने लगाया। इसके लिए विश्व की सबसे मजबूत और बहादुर सेना में से एक भारतीय सेना को बिहार वासियों की ओर से जय हिंद, जय जवान, आपकी सदा विजय हो। हमें हमारे सेना पर सदा गर्व रहा है। दुश्मन हमारी सेना का का शौर्य, पराक्रम, अदम्य साहस, दिलेरी और बहादुरी का नमूना वर्ष 1948, 1965, 1971 और 1999 में देख चुकी है। हमने सर्जिकल और एयर स्ट्राइक कई बार कर अपनी क्षमता का परिचय भी दिया है। आज रात में की गई ऑपरेशन सिंदूर देश के इतिहास में सदा याद किया जाता रहेगा। हमारी सेना ने लाहौर के करीब पहुंचकर ऑपरेशन को अंजाम दिया है। हमारी सेना ने सैकड़ों आतंकी को ढेर किया है। पाकिस्तान सेना को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाक में किए गए नौ जगहों पर हमले सदा सपने में याद आते रहेंगे। हमें जख्म देने वाले इसे याद रखें, हमें छेड़ोगे तो हम छोड़ेंगे नहीं। छठी का दूध और नानी की याद दिलाते रहेंगे। भारत माता की जय।

आतंकिस्तान की फिजां में गूंज रहा 56 इंच सीना का खौफ : मंगल पाण्डेय

आतंक पर प्रहार के लिए पीएम मोदी पर है पूरे देश को गर्व

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की शानदार सफलता पर कहा है, 'शाबाश भारतीय जांबाज़!' उन्होंने कहा है कि भारतीय सेना के शौर्य व प्रधानमंत्री मोदी के 56 इंच के सीना का खौफ आतंकिस्तान पाकिस्तान की फिजां में तैर रहा है। आतंकियों के अड्डे ध्वस्त हो चुके हैं। श्री पाण्डेय ने कहा कि आखिरकार भारत ने पाकिस्तान के आतंकियों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई कर केवल पहलगाम के बर्बर आतंकी हमले का ही नहीं बल्कि तमाम विपक्षी आलोचनाओं का भी माकूल जवाब दे दिया है। गगनवीर इंडियन एयरफोर्स और नेवी ने मंगलवार की आधी रात के बाद पाकिस्तान और पीओके (पाक अधिकृत कश्मीर) के भीतर मिसाइल अटैक कर आतंकियों के अड्डे ध्वस्त कर अपना बदला पूरा कर लिया। वाकई पीएम मोदी ने जो कहा, उसे कर दिखाया। इस हमले में 7 शहरों के 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया है। इसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं। पाकिस्तान जैसा दुष्प्रचार करने व आतंकियों को पनाह देने वाला देश भी इसे स्वीकार कर रहा है। दुनिया के लिए आतंक के खिलाफ भारत के जीरो टॉलरेंस का यह खुला सन्देश है। श्री पाण्डेय ने कहा कि भारत की ये जवाबी कार्रवाई पहलगाम हमले के 15 दिन बाद की गई है और इसका नाम दिया गया है 'ऑपरेशन सिंदूर' । ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने निर्ममता से धर्म पूछ कर हत्या कर दी थी। पीएम मोदी के धैर्य के साथ लिए गए प्रतिशोध व भारतीय सेना के शौर्य को सैल्यूट करना ही पहलगाम में शहीद हुए 26 नागरिकों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

जन संघर्ष मोर्चा की बैठक, धरना की तैयारी पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। आज जन संघर्ष मोर्चा एक बैठक सी पी आई के कार्यलय काजीपुर में सी पी आई के जिला सचिव विश्वजीत कुमार की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में बांकीपुर बस स्टैंड को सरकार द्वारा हटाए जाने के विरोध में 8 मई के होने वाले धरना की तैयारी पर चर्चा हुआ। बैठक में अपने अध्यक्षीय संबोधन में विश्वजीत जी ने कहा कि परिवहन विभाग के भूमि को कॉर्पोरेट के हाथों से कौड़ियों के भाव बेचकर सरकार गरीबों की सुविधा से वंचित करना चाह रही है। बैठक में एक स्वर से सभी ने बांकीपुर बस स्टैंड को सरकार द्वारा हटाकर फाइव स्टार होटल या मौल बनाए जाने के निर्णय का विरोध किया है और सभी साथियों ने सर्व सहमिति से निर्णय लिया कि कल होने वाले धरना-प्रदर्शन में छात्र नौजवानों , समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों और आम नागरिको अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है इसकी जानकारी जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष सह पूर्व पार्षद प्रदीप मेहता ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से प्रेस को दी और कहा कि कल के धरना के कार्यक्रम के बाद जन संघर्ष मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल पटना के जिला अधिकारी से मिलकर एक ज्ञापन सोपा जाएगा। बैठक में सी पी आई के देवरत्न, सत्येंद्र सिंह, अनिल रजक, उदयन राय, पूर्व पार्षद मोहन प्रसाद सी पी आई एम के सजय चटर्जी, रूपेश मेहता, सकुर रहमान राजकुमार मेहता, सन्त जी इत्यादि प्रमुख उपस्थित थे।

शिक्षक अभ्यर्थियों को कानून का उल्लंघन नहीं करना चाहिए : सुनील कुमार

हमने पूर्व में ही कहा था कि हमारे विभाग ने बीपीएससी को चिट्ठी भेज दी है

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बीपीएससी टीआरई-3 अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज को लेकर राज्य के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि हमने पूर्व में ही कहा था कि हमारे विभाग ने बीपीएससी को चिट्ठी भेज दिया है। इस पर बीपीएससी निर्णय लेगा। उन्होंने कहा कि इसमें घेराव करने का प्रश्न ही नहीं था जहां तक विधि व्यवस्था का सवाल है तो इसको मेंटेन करना प्रशासन का काम है। किसी को भी कानून का उल्लंघन नहीं करना चाहिए। सुनील कुमार से जब पूछा गया कि टीआई-3 के सफल शिक्षकों का जो स्कूल आवंटन किया गया है, उसमें आरोप लग रहा है कि एक ही स्कूल में एक ही विषय के कई शिक्षकों को भेजा गया है। इस पर उन्होंने कहा कि हम सभी लिस्ट को देख रहे हैं। जहां एक ही विषय के अधिक शिक्षक हैं, वहां से शिक्षकों का स्थानान्तरण किया जाएगा। बता दें कि बीते दिन टीआरई-3 में सफल शिक्षकों को स्कूल आवंटन किया गया। नीट पेपर लीक मामले में शामिल कोचिंग माफिया पर कार्रवाई के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि पुलिस जांच कर रही है। निष्पक्ष रुप से कार्रवाई की जा रही है जो भी इस मामले में गलत पाया जाएगा या जो भी शामिल होगा उस पर सख्त एक्शन लिया जाएगा।

नई दिल्ली-भागलपुर एवं अमृतसर-महरसा के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हाजीपुर। ग्रीष्मकालीन अवकाश के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में और 02 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है - गाड़ी संख्या 04068/04067 नई दिल्ली-भागलपुर-नई दिल्ली स्पेशल (डीडीयू-पटना- किउल-जमालपुर के रास्ते): गाड़ी संख्या 04068 नई दिल्ली-भागलपुर स्पेशल 11 मई से 09 जुलाई, 2025 तक प्रत्येक रविवार एवं बुधवार को नई दिल्ली से 14.00 बजे खुलकर अगले दिन 02.50 बजे डीडीयू, 07.30 बजे पटना एवं 10.40 बजे किउल सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 13.30 भागलपुर पहुंचेगी ।

तिरहुत रेंज के डीआईजी चंदन कुमार कुशवाहा पहुंचे शिवहर, लिया विधि व्यवस्था का जायजा


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



मुजफ्फरपुर/पटना। डीआईजी चंदन कुमार कुशवाहा ने निरीक्षण के क्रम में लंबित मामलों को निपटारा करने का निर्देश दिया एवं साइबर क्राइम के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं इसके लिए जागरूकता अभियान चलाए जाने की निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिया। इस मौके पर एसपी शैलेश कुमार सिन्हा, एएसपी प्रेमचंद सिंह, सदर डीएसपी सुशील कुमार, ट्रेफिक डीएसपी भरत कुमार, नगर थाना अध्यक्ष रणधीर कुमार सिंह व अन्य मौजूद रहे। बताया जाता है कि डीआईजी का निरीक्षण पुलिस महकमे में एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जो विभिन्न पुलिस प्रतिष्ठानों, जैसे कि थाना, पुलिस लाइन, और एसडीपीओ कार्यालयों की कार्यप्रणाली, व्यवस्थाओं, और प्रदर्शन की जांच के लिए किया जाता है। डीआईजी द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान, लंबित मामलों की समीक्षा, अपराध नियंत्रण, और विधि व्यवस्था के संबंध में दिशा-निर्देश दिए जाते हैं। डीआईजी विभिन्न पुलिस प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चल रही हैं और किसी भी प्रकार की कमी या अनियमितता को समय रहते ठीक किया जा सके।

एकेडमिक काउंसिल के नवनिर्वाचित सदस्यों ने कुलपति प्रो. डी सी राय से शिष्टाचार मुलाकात की

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। विश्वविद्यालय में एकेडमिक काउंसिल के नवनिर्वाचित सदस्यों ने कुलपति प्रो. डी सी राय से औपचारिक शिष्टाचार मुलाकात की। बैठक का उद्देश्य विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रणाली को और अधिक प्रभावशाली एवं समकालीन बनाना था। बैठक में एकेडमिक काउंसिल के सामाजिक विज्ञान संकाय से डॉ. सौरभ राज, विज्ञान संकाय से डॉ. राजेश कुमार, वाणिज्य संकाय से डॉ. चौधरी साकेत कुमार तथा मानविकी संकाय से डॉ. सुशांत कुमार मौजूद थे। विश्वविद्यालय के डीन, स्टूडेंट वेलफेयर, डॉ. आलोक कुमार भी इस महत्वपूर्ण बैठक में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान नवनिर्वाचित सदस्यों ने कुलपति को कई गंभीर अकादमिक मुद्दों से अवगत कराया। विशेष रूप से एउएट्ट प्रणाली के अंतर्गत तृतीय सेमेस्टर के पाठ्यक्रम में व्याप्त खामियों की ओर ध्यान आकृष्ट किया गया। सदस्यों ने बताया कि रसायन विज्ञान और मनोविज्ञान जैसे विषयों में जहां थ्योरी परीक्षा कराई जा रही है, वहीं प्रयोगात्मक विषय होने के बावजूद प्रैक्टिकल परीक्षा का सिलेबस ही मौजूद नहीं है। यह न केवल छात्रों की अकादमिक प्रगति में बाधा उत्पन्न करता है, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता को भी प्रभावित करता है। इसके अतिरिक्त, सदस्यों ने यह भी सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय के कई पाठ्यक्रमों में वर्तमान समय की आवश्यकताओं के अनुरूप संशोधन की सख्त आवश्यकता है। बदलते शैक्षणिक और औद्योगिक परिदृश्य को देखते हुए कोर्स कंटेंट को अद्यतन करना समय की मांग है। कुलपति ने सदस्यों की बातों को गंभीरता से सुना और शैक्षणिक व्यवस्था को अधिक प्रभावशाली एवं व्यावहारिक बनाने की दिशा में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों और शिक्षकों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन शीघ्र ही आवश्यक कदम उठाएगा। डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. आलोक प्रताप सिंह ने भी छात्रहित को प्राथमिकता देते हुए निर्णय प्रक्रियाओं में तेजी लाने एवं प्रशासनिक स्तर पर सहयोग को मजबूत करने की बात कही। अकादमिक काउंसिल के सदस्यों की यह पहल विश्वविद्यालय में सकारात्मक शैक्षणिक परिवर्तनों की ओर एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस भेंटवार्ता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि नवचयनित एकेडमिक काउंसिल प्रतिनिधि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक नीतियों को छात्र और शिक्षक हित में नया आयाम देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

झारखण्ड मैथिली मंच के बहिना प्रकोष्ठ के तत्वावधान में जानकी दिवस आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



रांची। झारखण्ड मैथिली मंच के बहिना प्रकोष्ठ के तत्वावधान में जानकी प्राकट्य दिवस आयोजित किया गया। प्रथम चरण में विद्यापति दलान हरमू के परिसर में माता जानकी की विधिवत पूजा अर्चना की गयी एवं विद्यापति तथा माता जानकी को सामूहिक रूप से पुष्पांजलि अर्पित की गई। तदुपरांत विद्यापति रचित भगवती बंदना जय जय भैरवि असुर भयाऊनि के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। तत्पश्चात सोहर आदि अनेक विधा में आकर्षक गीतों की प्रस्तुति बबिता झा, बिट्टू झा, सुनीता झा, अनिता झा, नमीता मिश्र, किरण झा के समूह गान के रूप में हुई। दूसरे चरण में डीएवी स्वर्ण रेखा विद्यानगर में 51 कुंवारी कन्या का पूजन कार्यक्रम किया गया। बच्चियों को उपहार भी प्रदान किया गया। सभी कन्या पारंपरिक परिधान में सुसज्जित बहुत ही आकर्षक एवं मनमोहक लग रही थी। विद्यालय के सचिव डाक्टर गंगेश गुन्जन ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। बदरी नाथ झा ने बच्चियों को प्रश्न-उत्तर के माध्यम से माता जानकी के बारे में पूरी जानकारी दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य मंजू सिंह, निभा झा सहित अनेक शिक्षिकाओं ने सहयोग किया। कार्यक्रम में झारखण्ड मैथिली मंच के अध्यक्ष विनय कुमार झा, महासचिव जयन्त कुमार झा, संरक्षक अरूण कुमार झा, ब्रज किशोर झा, नरेश झा, ब्रज कुमार झा, बदरी नाथ झा, भारतेन्दु कुमार झा, बहिना प्रकोष्ठ के बबिता झा, बिट्टू झा, सुनीता झा, अनीता झा, नमीता मिश्र, किरण झा सहित काफी संख्या में सदस्य सम्मिलित हुए। समस्त कार्यक्रम बहिना प्रकोष्ठ के देखरेख में सम्पन्न हुआ।

एमजी मोटर इंडिया ने एमजी विंडसर प्रो को लॉन्च किया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने एमजी विंडसर प्रो को लॉन्च किया है, जो व्यावसायिक श्रेणी की यात्रा को और भी आरामदायक और सुरक्षित बनाने वाला है। इस नए मॉडल में उन्नत तकनीकी सुविधाएं और सुरक्षा फीचर्स के साथ 52.9 केडब्लूएच की नई बैटरी शामिल की गई है। लॉन्च के बाद से एमजी विंडसर को ग्राहकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है और अब प्रो सीरीज की शुरुआत इसके बाजार में प्रदर्शन को और मजबूत बनाएगी। एमजी विंडसर प्रो को एक आकर्षक प्रारंभिक बीएएएस मूल्य 12.49 लाख रुपये प्लस 4.5 रुपये प्रति किमी और एक्स-शोरूम कीमत 17,49,800 रुपये (पहली 8,000 बुकिंग्स के लिए वैध) पर लॉन्च किया गया, एमजी विंडसर प्रो इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर तेजी से बदलाव को बढ़ावा देने का वादा करता है। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने अपने बैटरी-एज-ए-सर्विस (बीएएएस) मॉडल की पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और कोटक महिंद्रा प्राइम जैसे नए वित्तीय साझेदारों को अपने साथ जोड़ा है। यह स्वामित्व मॉडल ईवी खरीदने को भारतीय ग्राहकों के लिए अधिक लचीला और सुलभ बनाता है। कंपनी एमजी विंडसर प्रो के पहले मालिक को जीवनभर की बैटरी वारंटी प्रदान करेगी। इसके अलावा जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया एमजी विंडसर प्रो के लिए अपनी 3-60 आश्वस्त बायबैक योजना भी पेश करेगी जो यह सुनिश्चित करती है कि 3 साल बाद इसका 60 प्रतिशत मूल्य बना रहेगा। एमजी विंडसर प्रो के लॉन्च पर बात करते हुए जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक अनुराग मेहरोत्रा ने कहा एमजी विंडसर ने भारत के 4डब्लू -इवी सेगमेंट की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, अपनी आकर्षक मूल्य प्रस्तावना के साथ ग्राहकों का विश्वास जीता है।

रेलवे ट्रैक पर संरक्षा के लिए पूर्व मध्य रेल द्वारा उठाए गए कई कदम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल द्वारा सुरक्षित एवं बाधारहित रेल परिचालन के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इसी कड़ी में रेलवे ट्रैकों का नवीनीकरण, महत्वपूर्ण रेलखंडों की फेंसिंग, घनी आबादी वाले क्षेत्रों में चहारदिवार आदि के बाद कई रेलखंडों में ट्रेनों की गतिसीमा में वृद्धि की गयी है। रेलवे द्वारा यात्री सुरक्षा के मद्देनजर एफओबी/ एलएचएस/ सब-वे के निर्माण सहित यात्री सुरक्षा/संरक्षा के मद्देनजर कई कदम उठाए गए हैं। सोशल मीडिया सहित विभिन्न प्रचार माध्यमों द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन आदि के माध्यम से रेलवे ट्रैक से उचित दूरी बनाए रखने की सलाह दी जाती रही है। विदित हो कि गलत तरीके से रेलवे ट्रैक पार करने में जनवरी, 2025 से मार्च, 2025 तक पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों में लगभग 335 लोगों की दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से पैदल या वाहन के साथ ट्रेन से टकराकर मौत हो गयी। इनमें दानापुर मंडल में 136, सोनपुर मंडल में 22, समस्तीपुर मंडल में 66, पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 62 तथा धनबाद मंडल में 49 लोगों की अवैध तरीके से रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान ट्रेन से टकराकर मौत हो गयी। रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि जल्दबाजी में रेल पटरी पार कर अपने जीवन को खतरे में न डालें। साथ ही एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए सदैव सब-वे या फुट ओवर ब्रिज का प्रयोग करें। रेलवे ट्रैक के आसपास हमेशा सतर्क रहें तथा रेलवे ट्रैक से हमेशा पर्याप्त दूरी बनाकर रखें। रेलवे ट्रैक हमेशा अधिकृत समपार फाटकों से ही पार करें। यत्र-तत्र अनधिकृत रूप से रेलवे ट्रैक पार करना गैरकानूनी तथा जानलेवा है। रेलवे ट्रैक पर न चलें, यह खतरनाक भी है और अपराध भी।

जैन धर्मावलंबियों ने मनाया 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का ज्ञान कल्याण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। जैन धर्मावलंबियों ने पटना के मंदिरों में मनाया जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का ज्ञान कल्याण पटना के मीठापुर, कदमकुआं, मुरादपुर, गुलजारबाग सहित सभी दिगम्बर जैन मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर का ज्ञान कल्याणक श्रद्धा एवं भक्ति से मनाया। प्रातः से हीं श्रद्धालुगण मंदिर पहुंचने लगे। भगवान का अभिषेक किया गया। अभिषेक के बाद शांतिधारा की गई। फिर भगवान का अर्घ्य चढ़ाया गया। फिर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। मुरादपुर दिगम्बर जैन चैत्यालय में सुबोध जैन फंटि एवं अन्य ने शांतिधारा एवं पूजन किया। मीठापुर दिगम्बर जैन मंदिर में भी पूजा अर्चना की गई। कमलदह दिगम्बर जैन मंदिर में सोनू जैन एवं अन्य ने पूजा किया।

बिहार राज्य पंचायत परिषद् के अध्यक्ष के निधन पर श्रद्धांजलि सभा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार राज्य पंचायत परिषद् के अध्यक्ष बिंदेश्वरी प्रसाद सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। विद्यापति मार्ग स्थित परिषद् भवन में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। बीते 29 अप्रैल को एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान बिंदेश्वरी प्रसाद सिंह का निधन हो गया। वे 77 वर्ष के थे। बिंदेश्वरी प्रसाद सिंह वरीय कांग्रेस नेता थे। वे मरची पंचायत के पूर्व मुखिया भी थे। इन्होंने अखिल भारतीय पंचायत परिषद के महामंत्री पद को भी सुशोभित किया। श्रद्धांजलि सभा के दौरान परिषद् के पदाधिकारियों ने कहा कि बिंदेश्वरी प्रसाद सिंह ने जीवन पर्यन्त गरीबों, पिछड़ों एवं दलितों के उत्थान के लिए कार्य किया। वे पिछले 50 वर्षों से राज्य में पंचायती राज व्यवस्था को सुदृढ़ करने में जुटे रहे। श्रद्धांजलि सभा में पंचायती राज संस्थाओं से जुड़े अनेक लोग शामिल हुए। यह जानकारी कार्यालय प्रभारी रामबाबू कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

आशीर्वाद ने अब बिहार में अपने फ्रेश डेयरी प्रोडक्ट्स की रेंज को और भी किया मजबूत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

दरभंगा। पूर्वी भारत का लोकप्रिय डेयरी ब्रांड आशीर्वाद, अब बिहार में अपने फ्रेश डेयरी प्रोडक्ट्स की रेंज को और भी मजबूत करते हुए मसाला छाछ 10 रुपये के किफायती दाम पर लेकर आया है। गर्मियों की शुरुआत में यह नई पेशकश एकदम सही समय पर आई है जो स्वाद और ताजगी का बढ़िया मेल पेश करती है। आशीर्वाद ने इस खास लॉन्च के साथ एक बार फिर दिखाया है कि वो अपने उपभोक्ताओं को बढ़िया क्वालिटी, किफायती दाम, भरोसा और अनोखा स्वाद देने के लिए पूरी तरह से समर्पित है। आशीर्वाद मसाला छाछ खासतौर पर बिहारी स्वाद के लिए स्थानीय स्तर में ही तैयार किया गया है जिससे आपको मिले ताजगी भरा घर जैसा एहसास। छाछ में जीरा, काली मिर्च और काले नमक जैसे मसालों का स्वादिष्ट मिश्रण किया गया है जो न केवल अपने विशिष्ट स्वाद, बल्कि पाचन संबंधी लाभों के लिए भी पसंद किए जाते हैं। इस विस्तार के बारे में बोलते हुए विवेक कुक्कल, वाइस प्रेसिडेंट एंड हेड, डेयरी एंड बेवरेजेस, आईटीसी लिमिटेड, आईटीसी में हमारा मकसद हमेशा से रहा है कि हम अपने उपभोक्ताओं के स्वाद और पसंद को समझते हुए उत्तम क्वालिटी वाले प्रोडक्ट्स बनाएं। आशीर्वाद मसाला छाछ अब 200 मिली पाउच में उपलब्ध होगा जिसकी कीमत सिर्फ 10 रुपये है। यह जल्द ही बिहार के सभी किराना और मॉडर्न ट्रेड स्टोर्स पर उपलब्ध होगा।

नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस जिले के विकास में बड़ा कदम : मंत्री



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। औरंगाबाद में नए व्यवसाय की शुरुआत हुई। सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार, पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह एवं विधायक आनंद शंकर सिंह समेत अन्य ने संयुक्त रूप से नए प्रतिष्ठान 'नवबिहार टाईम्स प्रिंटिंग प्रेस' का आज विधिवत उद्घाटन किया। उपस्थित सभी लोगों ने कमल किशोर के इस नए प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की, जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व सांसद बीरेंद्र सिंह, भाजपा के वरीय नेता प्रमोद चंद्रवंशी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पांडेय, वरीय कवि शंकर कैमूरी, जदयू प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विश्वनाथ सिंह, सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज के प्राचार्य सुधीर कुमार मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेंद्र कुमार चंद्रवंशी सहित कई अन्य प्रमुख लोग शामिल रहे। सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने नवबिहार टाइम्स के संपादक कमल किशोर को इस नए उद्यम के लिए सफलता की कामना की। उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि इससे पत्रकारिता के साथ-साथ स्थानीय उद्यमिता को भी बढ़ावा मिलेगा। यह गर्व का विषय है कि औरंगाबाद जैसे छोटे शहर से अखबार की छपाई शुरू होगी। आमतौर पर जो भी दैनिक अखबार है, वह सभी बिहार से बाहर की अखबार है। नवबिहार टाइम्स से स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार मिलेगा। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि औरंगाबाद जैसे छोटे शहर में किसी दैनिक अखबार का प्रकाशन बड़ी बात है। यह जिले ही नहीं बल्कि प्रदेश के लिए गर्व की बात है। यह प्रिंटिंग प्रेस न केवल स्थानीय लोगों के लिए काम के अवसर प्रदान करेगा बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देगा। श्री सिंह ने कहा कि एक पत्रकार सरकार की सभी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाते हैं व जनता की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाते हैं। सरकार का उद्देश्य है कि पायदान के अंतिम छोर पर बैठे लोगों को लाभ मिले। सदर विधायक आनंद शंकर सिंह ने बताया कि यह औरंगाबाद के लिए बड़ा धरोहर है। यह स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार का अवसर प्रदान करेगा। यह हम सभी के लिए गौरव का विषय है। इसके लिए हम नवबिहार टाइम्स के सम्पादक कमल किशोर के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। पूर्व सांसद बीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि आज के डिजिटल युग में ये प्रिंटिंग प्रेस एक बड़ी उपलब्धि है। यह गर्व का विषय है, इसके लिए नवबिहार टाइम्स के मुख्य संपादक कमल किशोर के प्रति आभार व्यक्त करता करता हूं। भाजपा वरीय नेता प्रमोद चंद्रवंशी ने कहा कि यह प्रिंटिंग प्रेस स्थानीय लोगों के लिए कई तरह के रोजगार के अवसर प्रदान करेगा। यह जिले के लिए गर्व का विषय हैं। कामना करता हूं, आने वाले समय में यह प्रिंटिंग प्रेस उच्चाइयों को छुए। इसके लिए ढेर सारी शुभकामनाएं। इस अवसर पर स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक नीतीश कुमार, डॉ. अनिल सिन्हा, डॉ. शीला वर्मा, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामानुज पांडे, अनिल सिंह, स्काउट एंड गाइड राज्य सचिव श्रीनिवास कुमार, सहित कई अन्य मौजूद रहे।

कैमरे की नजर में .....



नवबिहार टाइम्स के संपादक कमल किशोर को सम्मानित करते भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष रामानुज पांडेय एवं प्रवक्ता अश्विनी तिवारी



औरंगाबाद के पूर्व सांसद एवं नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह को सम्मानित करते सोनवर्षा वाणी के प्रधान संपादक श्रीराम अम्बष्ट



औरंगाबाद में प्रिंटिंग उद्योग को नयी उंचाईयों तक ले जाने के लिए तैयार नवबिहार टाइम्स का अत्याधुनिक प्रिंटिंग संयंत्र



नवबिहार टाइम्स के प्रिंटिंग संयंत्र के उद्घाटन समारोह में उपस्थित अतिथियों ने बिहार के विकास की परिकल्पना पर अपने विचार रखे और जिले के विकास के भावी रूपरेखा पर हुआ गंभीर विमर्श

औरंगाबाद के लिए धरोहर है नवबिहार टाइम्स

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। बुधवार को शहर से सटे जसोईया स्थित बियाडा परिसर में नवबिहार टाइम्स के आधुनिक प्रिंटिंग प्रेस का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। इस मौके पर समाज के सभी प्रबुद्ध लोग शामिल हुए। सबों ने एक स्वर में कहा कि नवबिहार टाइम्स का आधुनिक प्रिंटिंग प्रेस औरंगाबाद जिला के लिए एक धरोहर है।



भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक नीतीश कुमार ने कहा कि यह प्रिंटिंग प्रेस स्थानीय लोगों के लिए कई तरह के रोजगार के अवसर प्रदान करेगा। यह जिले के लिए गर्व का विषय हैं। कामना करता हूं, आने वाले समय में यह प्रिंटिंग प्रेस उच्चाइयों को छुए । इसके लिए ढेर सारी शुभकामनाएं। **चिकित्सक डॉ. शीला वर्मा** ने कहा कि औरंगाबाद जैसे छोटे शहर में किसी दैनिक अखबार का प्रकाशन बड़ी बात है। यह जिले ही नहीं बल्कि प्रदेश के लिए गर्व की बात है। यह प्रिंटिंग प्रेस न केवल स्थानीय लोगों के लिए काम के अवसर प्रदान करेगा बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देगा। **चिकित्सक डॉ. अनिल सिन्हा** ने कहा कि आज के डिजिटल युग में ये प्रिंटिंग प्रेस एक बड़ी उपलब्धि है। यह गर्व का विषय है, इसके लिए नवबिहार टाइम्स के मुख्य संपादक कमल किशोर के प्रति आभार व्यक्त करता करता हूं। **स्काउट एण्ड गाइड के राज्य सचिव श्रीनिवास कुमार** ने कहा कि नवबिहार टाइम्स दैनिक समाचार पत्र औरंगाबाद के लिए एक बड़ा धरोहर है। यह स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार का अवसर प्रदान करेगा। यह हम सभी के लिए गौरव का विषय है। इसके लिए हम नवबिहार टाइम्स के सम्पादक कमल किशोर के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

प्रखंड मुख्यालय से राष्ट्रीय पहचान तक नवबिहार टाइम्स ने रची पत्रकारिता की नई इबारत

नबिटा विशेष प्रतिनिधि

औरंगाबाद। बिहार के एक छोटे से प्रखंड मुख्यालय से शुरू होकर राष्ट्रीय फलक पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराने वाले नवबिहार टाइम्स ने पत्रकारिता की दुनिया में एक मिसाल कायम की है। सीमित संसाधनों और अपार जज्बे के बल पर यह अखबार आज 12 पृष्ठों के साथ बिहार, झारखंड और उत्तर भारत के कई हिस्सों में जनमानस की आवाज बन चुका है।

1987 में 'नव हलचल' से हुई थी शुरुआत

यह यात्रा 1987 में एक साप्ताहिक के रूप में 'नव हलचल' से आरंभ हुई थी। तकनीकी रूप से स्वनिर्मित ट्रेडिंग प्रिंटिंग प्रेस पर आधारित इस पहल ने धीरे-धीरे एक आंदोलन का रूप लिया। 28 मई 1990 को भारत सरकार से विधिवत पंजीकरण प्राप्त कर यह दैनिक 'नवबिहार टाइम्स' बन गया और प्रखंड मुख्यालय से प्रकाशित होने वाला बिहार का पहला दैनिक अखबार बना।

बिना रुके 20 वर्षों की अखंड पत्रकारिता

पिछले दो दशकों में अखबार ने मात्र 9 घोषित छुट्टियों को छोड़ किसी भी दिन गैर-घोषित अवकाश नहीं लिया। यह इसकी निष्कलंक पत्रकारिता और जनसरोकारों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। चार से बारह पृष्ठों तक का विकास 1993 में चार पृष्ठों से शुरू हुआ यह सफर, 1998 में छह, 2003 में आठ और अंततः 2005 से 12 पृष्ठों तक पहुंचा। आज नवबिहार टाइम्स बिहार के 23-24 जिलों में पढ़ा जाता है, जबकि झारखंड संस्करण की शुरुआत 2017 में बोकारो से हुई।

प्रसार, पहचान और पुरस्कार

भारत सरकार का डीएवीपी (2009), बिहार सरकार (2011-12), झारखंड, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की विज्ञापन स्वीकृति ने अखबार की साख को नई ऊंचाई दी। इंटरनेशनल मीडिया फाउंडेशन का 2002 में विशेष सम्मान तथा पटना, रांची, दिल्ली सहित कई शहरों में दर्जनों पुरस्कारों ने इसकी गुणवत्ता और ईमानदारी की मोहर लगाई। डिजिटल युग की ओर सशक्त कदमसमय के साथ कदम मिलाते हुए नवबिहार टाइम्स ने अपना न्यूज पोर्टल आरंभ कर दिया है। यूट्यूब चैनल की लॉन्चिंग की तैयारी अंतिम चरण में है। डिजिटल विंग को प्रिंट टीम से स्वतंत्र रखा गया है और एक नया स्टूडियो अखबार के ही कैंपस में बन रहा है।

50 स्थायी कर्मी, 200 संवाददाता और सैकड़ों हॉकर

पटना, बोकारो और दिल्ली कार्यालयों के साथ नवबिहार टाइम्स के पास 50 से अधिक स्थायी स्टाफ, बिहार-झारखंड में 200 से ज्यादा संवाददाता, और सैकड़ों हॉकरों का मजबूत नेटवर्क है। यह अखबार किसी उद्योगपति का नहीं, बल्कि एक जमीनी पत्रकार की दूरदृष्टि, निष्ठा और संघर्ष की उपज है।

जनपक्षधर पत्रकारिता की मिसाल बना नवबिहार टाइम्स

गांव की गलियों से लेकर राजधानी के दफ्तरों तक, नवबिहार टाइम्स ने पत्रकारिता को जन-जन से जोड़ा है। यह सिर्फ एक अखबार नहीं, बल्कि एक आंदोलन है जो पत्रकारिता को फिर से जनसेवा का माध्यम बना रहा है।



नवबिहार टाइम्स की सीवान जिले की टीम का उत्साहवर्द्धन करते सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार एवं पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह



उद्घाटन समारोह में कला एवं संस्कृति के विविध रंग बिखेरती दानिका सांस्कृति संस्थान की छात्राएं



कार्यक्रम को संबोधित करते नवबिहार टाइम्स के प्रधान संपादक कमल किशोर



नवबिहार टाइम्स के समारोह में अपना आशीर्वाद और शुभकामना देने आये शहर के तमाम प्रबुद्ध नागरिक



भारतीय जनता पार्टी के अति पिछड़ा प्रकोष्ठ संयोजक प्रमोद चंद्रवंशी को सम्मानित करते नवबिहार टाइम्स के मदन मोहन श्रीवास्तव

औरंगाबाद में 'नवबिहार प्रिंटिंग संयंत्र' से प्रिंटिंग उद्योग में नई सुबह

स्थानीय विकास को मिलेगा नया आयाम | आधुनिक तकनीक से सुसज्जित संयंत्र से लागत घटेगी और रोजगार बढ़ेगा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। बिहार के औरंगाबाद जिले ने एक ऐतिहासिक पहल के जरिए प्रिंटिंग उद्योग में आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा दिया है। 'नवबिहार प्रिंटिंग संयंत्र' के उद्घाटन के साथ न केवल आधुनिक प्रिंटिंग तकनीक की शुरुआत हुई है, बल्कि यह संयंत्र बिहार का पहला 'प्रिंटिंग मॉल' भी बन गया है– एक ऐसा केंद्र जहां हर प्रकार की छपाई की सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं।

अत्याधुनिक मशीन से सजेगा अब औरंगाबाद का छापाखाना

इस संयंत्र की खास बात यह है कि इसमें अत्याधुनिक वेब ऑफसेट मशीन स्थापित की गई है, जो एक साथ 16 पृष्ठों की रंगीन छपाई को पूरी तरह स्वचालित प्रक्रिया से अंजाम देती है। इससे न केवल उत्पादन में तेजी आएगी, बल्कि छपाई की लागत में भी उल्लेखनीय कमी आएगी। इसका सीधा लाभ स्थानीय समाचार पत्रों और पाठकों को मिलेगा, जिन्हें अब और बेहतर गुणवत्ता में रंगीन स्थानीय समाचार पढ़ने को मिलेंगे।

आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता औरंगाबाद

नवबिहार टाइम्स के प्रधान संपादक कमल किशोर ने संयंत्र की शुरुआत को एक सपने के साकार होने जैसा बताया। उन्होंने कहा, 'मेरा सपना था कि न्यूजप्रिंट की रील औरंगाबाद में ही उतरे और आज वह सपना साकार हो गया है। यह संयंत्र न केवल प्रौद्योगिकी का उदाहरण है, बल्कि आत्मनिर्भर औरंगाबाद की दिशा में बड़ा कदम है।' अब तक किताबों, विजिटिंग कार्डों, बैनरों, अखबारों या स्कूलों



के प्रिंटिंग कार्यों के लिए पटना, बनारस या दिल्ली की ओर रुख करना पड़ता था, लेकिन इस संयंत्र के शुरू होने से ये सारी सुविधाएं अब स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होंगी।

स्थानीय युवाओं को मिला रोजगार, लौटे परदेस से

यह संयंत्र औरंगाबाद के लिए रोजगार के नए द्वार खोल रहा है। फिलहाल 15 से 20 लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला है, जिनमें कई ऐसे युवा शामिल हैं जो पहले दिल्ली, हरियाणा जैसे राज्यों में प्रिंटिंग उद्योग में काम कर रहे थे। अब उन्हें अपने घर के पास ही सम्मानजनक और स्थायी रोजगार मिल रहा है। कमल किशोर ने यह भी बताया कि संयंत्र में निजी और सरकारी विद्यालयों के लिए हर प्रकार की शैक्षणिक सामग्री की छपाई की भी सुविधा होगी, जिससे क्षेत्रीय स्कूलों को भी लाभ होगा।

आने वाले दिनों में विस्तार की योजना

प्रधान संपादक ने भरोसा जताया कि भविष्य में इस संयंत्र का दायरा और भी विस्तृत होगा। उन्होंने कहा, 'यह संयंत्र एक बीज है, जो समय के साथ एक मजबूत पेड़ बनेगा। हम सबके सहयोग, समर्थन और शुभकामनाओं से इसे बिहार के प्रिंटिंग हब के रूप में विकसित करना चाहते हैं।' नवबिहार प्रिंटिंग संयंत्र न केवल तकनीकी नवाचार का प्रतीक बनकर उभरा है, बल्कि यह स्थानीय उद्यमशीलता, रोजगार और विकास के एक नए अध्याय की शुरुआत भी है। यह औरंगाबाद को प्रिंटिंग मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाने की दिशा में एक निर्णायक कदम माना जा रहा है।



जदयू प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता विश्वनाथ सिंह को सम्मानित करते नवबिहार टाइम्स के अटल बिहारी सिंह

पड़ोस की शादी में गीत गाने गई पत्नी की हत्या, शव कुएं में फेंका

जैतीपुर गांव में घरेलू कलह बना मौत की वजह, पति गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। बिहार के नालंदा जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां महज शादी में गीत गाने को लेकर हुए विवाद में एक पति ने अपनी पत्नी की जान ले ली। चंडी थाना क्षेत्र के जैतीपुर गांव में 20 वर्षीय फुला देवी की बेरहमी से हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया गया।घटना की जानकारी मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कुएं से महिला का शव बरामद किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पति मंटू रविदास को हिरासत में ले लिया गया है और पूछताछ की जा रही है।

गीत गाने को लेकर हुई थी कहासुनी

बताया जा रहा है कि जैतीपुर गांव में पड़ोस में शादी समारोह था। मृतका फुला देवी को न्योता मिलने पर वह गीत गाने कार्यक्रम में चली गई थी। इसी बात को लेकर जब उसका पति मंटू रविदास शाम को घर लौटा, तो दोनों के बीच कहासुनी हुई। परिजनों के अनुसार, विवाद इतना बढ़ गया कि मंटू और उसके पिता ने मिलकर फुला देवी की बेरहमी से पिटाई की और अचेत अवस्था में उसे कुएं में फेंक दिया, ताकि घटना को हादसा साबित किया जा सके।

गांववालों की सूचना पर खुला राज

मृतका के भाई देवेश कुमार ने बताया कि अहले सुबह गांव के एक पड़ोसी ने फोन पर सूचना दी कि उसकी बहन को कुएं में फेंक दिया गया है। पुलिस और ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया और आरोपी पति को तत्काल हिरासत में लिया गया।

तीन बच्चों की मां थी फुला देवी

फुला देवी की शादी वर्ष 2014 में मंटू रविदास से हुई थी। मृतका मूल रूप से पेंदापुर गांव की रहने वाली थी। वह तीन बच्चों की मां थी, जिनमें दो बेटे और एक बेटी शामिल हैं।

पुलिस कर रही जांच, पति हिरासत में

चंडी थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया, प्रथम दृष्टया मामला घरेलू कलह का प्रतीत हो रहा है। पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। पीड़ित पक्ष से आवेदन मिलने पर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

दो आश्रितों को मिली संवेदना की सौगात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



बिहारशरीफ। बिहार सरकार के जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री सह नालंदा जिले के प्रभारी मंत्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में डॉ. आंबेडकर समग्र सेवा अभियान, शहर आपका-आपकी बात एवं महिला संवाद कार्यक्रम के क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से इन योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नालंदा जिले के चार नगर निकायों–बिहारशरीफ नगर निगम, राजगीर नगर परिषद, इसलामपुर नगर परिषद एवं हिलसा नगर परिषद–का क्षेत्र विस्तार हुआ है। इन नवविस्तारित क्षेत्रों में नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं समुचित विकास के लिए आपका शहर-आपकी बात कार्यक्रम के अंतर्गत मुहल्ला सभाएं आयोजित की जा रही हैं।

इन क्षेत्रों में आवास, सड़क, नाला, स्ट्रीट लाइट, पार्क, जलापूर्ति, शौचालय, सिवरेज, घाट और मोक्षधाम जैसी बुनियादी सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। कार्यक्रम के तहत नालंदा जिले के कुल 135 वार्डों में से 37 वार्डों के 48 मुहल्लों में 41 मुहल्ला सभाएं आयोजित की गई हैं, जिनसे प्राप्त सुझावों के आधार पर 1,718 योजनाएं चयनित की गई हैं।

इस मौके पर आयोजित जिला अनुकंपा समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार अनुसूचित जाति के दो मृतकों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र सौंपा गया। मंत्री विजय कुमार चौधरी ने ग्राम दाहाविगहा, थाना हिलसा निवासी स्व. मंटू पासवान की पत्नी ललिता देवी और ग्राम नानन्द, थाना सिलाव निवासी स्व. विकास कुमार चौधरी की आश्रिता कुमारी शोभा को नौकरी से संबंधित नियुक्ति पत्र प्रदान किया। दोनों मृतकों की हत्या के बाद यह संवेदनात्मक पहल की गई।

बैठक के दौरान क्षेत्रीय सांसद कौशलेंद्र कुमार, हरनौत विधायक हरिनारायण सिंह, अस्थावां विधायक डॉ. जितेंद्र कुमार, हिलसा विधायक कृष्ण मुरारी शरण, इसलामपुर विधायक राकेश रौशन, राजगीर विधायक कौशल किशोर, विधान पार्षद रीना यादव, मेयर अनीता देवी, उपमेयर आईशा शाहीन सहित कई जनप्रतिनिधि, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, वन प्रमंडल पदाधिकारी, नगर आयुक्त व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। समिति के सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं और सुझाव मंत्री के समक्ष रखे, जिन पर उन्होंने यथासंभव कार्रवाई का आश्वासन दिया।

बस और ट्रक की टक्कर :12 यात्री घायल, चार की हालत नाजुक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



नवादा। नवादा के पकरीबरावां प्रखंड में एक भीषण सड़क हादसा हुआ। रोह-रूपो पथ पर कचना गांव के पास एक बालू लदे ट्रक और यात्री बस की आमने-सामने टक्कर में करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में महिलाएं, पुरुष और स्कूली बच्चे शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तीखे मोड़ पर तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक ने सामने से आ रही 'मां जगदंबा' नामक बस को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। हादसे में बस चालक के दोनों पैर टूट गए और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। घटना में घायल यात्रियों में आसमा निवासी रूपेश शर्मा की पत्नी रीना देवी, रूपो निवासी प्रेमन कुमार, देवधा के गुड्डू चौरसिया की पत्नी सोनिया देवी, बीरनामा के इंद्रदेव प्रजापति, मानसागर पटोरी के कृष्ण देव रविदास के बेटे सर्वेश रविदास और रूपो के सुधीर शर्मा के बेटा राहुल कुमार का नाम शामिल है। सूचना मिलने पर पकरीबरावां थाना पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां लाया गया। इनमें से चार की हालत गंभीर होने पर उन्हें नवादा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बस में मौजूद कुछ स्कूली बच्चे भी घायल हुए हैं, जिनका इलाज स्थानीय म्यूजिक क्लिनिक में चल रहा है। फिलहाल पुलिस मौके पर कैंप कर रही है और दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी है।

नालंदा के एनएच-20 पर रोड एक्सीडेंट, महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। जिले में एनएच-20 बख्तियारपुर रजौली फोरलेन पर बुधवार को रफ्तार का कहर देखने को मिला है। सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। मामला सोहसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रीराम पेट्रोल पंप के पास की है। मृतका की पहचान नूरसराय थाना क्षेत्र के कखड़ा मंडाछ निवासी स्वर्गीय सियासरण यादव की (70) साल की पत्नी अशर्फी देवी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मृतका के परिजन ने बताया कि महिला खेत से सब्जी तोड़कर उसे बेचने के लिए जा रही थी। तभी सड़क पार करने के दौरान श्री राम पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। इस हादसे में घटनास्थल पर ही अशर्फी देवी की मौत हो गई। गांव का ही एक युवक जो पेट्रोल पंप के पास व्यवसाय करता है। उसने ही फोन कर घटना की जानकारी गांव और घर वालों को दी। हादसे की जानकारी मिलने के बाद गांव और परिवार के सदस्य घटनास्थल पर पहुंचे, जहां शव को देख परिजनों की चीख पुकार मच गई। जिससे पूरा इलाका गमगीन हो गया। सड़क हादसे में मौत की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया।

पहलगाम के बदले से भारतीयों का सीना हुआ चौड़ा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



नवादा। भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम से 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के लिए भारतीय सेना वा प्रधानमंत्री जी का दिल से आभार व्यक्त करता हूं। इस ऑपरेशन सिंदूर के होने से सम्पूर्ण वातावरण राष्ट्रभक्ति की भावधारा से सराबोर हो उठा। हर दिशा में गर्व, श्रद्धा और सुकून की लहर दौड़ गई।

इस ऐतिहासिक क्षण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रति गहरा आभार व्यक्त करता हूं – ''यह केवल एक सैन्य अभियान नहीं, अपितु हर भारतीय के हृदय की पीड़ा पर मरहम रखने वाला क्षण है। यह ऑपरेशन भारतीय सेना के अदम्य शौर्य, पराक्रम और संकल्प का सजीव प्रमाण है। हमें अपनी सेना पर गर्व है, जो हर बार देश की अस्मिता के लिए ढाल बनकर खड़ी होती है।''

इधर भारतीय जनता पार्टी के पुराने नेता और शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुरेंद्र चौधरी ने कहा है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने किए गए वादे पर काम पूरा किया । पहलगाम का बदला लिया। जिससे हमारे देशवासियों का सीना चौड़ा हुआ है । उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान के आतंकी बंकर ध्वस्त हुए हैं । पाकिस्तान में भगदड़ मच गई है। आए दिन भारत की तरफ आंख उठा कर देखने वाला पाकिस्तान आज दुम दबाकर भागने पर मजबूर हुआ है । यह हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कूटनीति का परिणाम है ।

आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा वादों के अधिकतम निष्पादन हेतु बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देशानुसार, जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार आशुतोष कुमार झा के निर्देश के आलोक में 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा, कुमारी सरोज कीर्ति के प्रकोष्ठ में एम.ए.सी.टी. के सुलहनीय योग्य वादों के अधिकतम निष्पादन के संबंध में विचार-विमर्श हेतु वादी एवं बीमा कंपनियों के विद्वान अधिवक्ताओं के साथ बैठक की गई। बैठक में उपस्थित विभिन्न बीमा कंपनियों के अधिवक्ताओं ने आश्वस्त किया कि वे अपनी-अपनी कंपनियों से सतत संवाद कर रहे हैं तथा अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन के प्रयास कर रहे हैं, ताकि आगामी लोक अदालत में वादों का निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही, एमएसीटी के विभिन्न न्यायालयों से प्राप्त नोटिसों की तामिला के संबंध में भी विचार किया गया। वादी पक्ष के अधिवक्ताओं ने भी यह आश्वासन दिया कि वे पक्षकारों एवं कंपनियों के बीच सुलह की कोशिश निरंतर कर रहे हैं, जिससे सुलह के आधार पर अधिकतम वादों का निष्पादन किया जा सके। सचिव द्वारा उपस्थित अधिवक्ताओं को निर्देशित किया गया कि वे लोक अदालत के माध्यम से सुलहनीय योग्य वादों का अधिकतम निष्पादन सुनिश्चित करें। इस बैठक में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के अतिरिक्त बीमा कंपनियों के अधिवक्ता–रामानुज शर्मा, रोहित सिन्हा, सतीशचंद्र सिन्हा, अजित कुमार सिन्हा, राजेशकृष्ण, निरंजन कुमार सिंह, अमिताभ राजीव तथा लोक अदालत नवादा के पेशकार सुशील कुमार उपस्थित थे।

नियोजन-सह-व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला 15 मई को

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार के निदेश के आलोक में जिला नियोजनालय, नवादा द्वारा 15 मई 2025 को सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई. कैंपस), गोनावां, नवादा में एक दिवसीय जिला स्तरीय नियोजन-सह-व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम ''नियोजक आपके क्षेत्र में'' थीम के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है, जो निःशुल्क रोजगार का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा।

इस मेले में बिहार राज्य एवं अन्य राज्यों से लगभग 20-25 प्रतिष्ठित नियोजकों के भाग लेने की संभावना है। मेले में नन-मैट्रिक से लेकर उच्चतर शैक्षणिक योग्यता प्राप्त बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध होंगे। इसके साथ ही कुशल युवा कार्यक्रम, डोमेन स्किल, आरटीडी, पीएमकेवीवाई, पीएमकेके आदि योजनाओं से प्रशिक्षित युवाओं के लिए भी यह मेला एक उत्तम अवसर है।

कार्यक्रम में स्वरोजगार एवं कौशल विकास हेतु मार्गदर्शन तथा सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी, जिससे बेरोजगारों के साथ-साथ अन्य जरूरतमंद लाभार्थी भी लाभान्वित हो सकें।

मेले में भाग लेने हेतु आवेदक/आवेदिकाओं का एन.सी.एस. (गएट्ट) पोर्टल पर निबंधन अनिवार्य है। एनसीएस पर निबंधन की सुविधा जिला नियोजनालय, नवादा कार्यालय एवं कार्यक्रम स्थल पर उपलब्ध रहेगी। मेले में प्रवेश से लेकर चयन प्रक्रिया तक सभी सेवाएं पूर्णतः निःशुल्क होंगी। आवेदक/आवेदिकाएं अपने बायोडाटा, शैक्षणिक/प्रशिक्षण प्रमाण-पत्रों की छायाप्रतियाँ एवं पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो के साथ निर्धारित तिथि पर कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित हों।

नालंदा में संदिग्ध हालत में महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नालंदा में एक महिला कि संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मामला चण्डी थाना क्षेत्र के जैतीपुर गांव का है। मृतका की पहचान जैतीपुर गांव निवासी मंटू रविदास की पत्नी फुलवा देवी (25) के रूप में की गई है। मायके वाले महिला के ससुर और पति पर मारपीट कर हत्या का आरोप लगाया है। घटना के संबंध में मृतका के भाई दिवेश कुमार ने बताया कि जैतीपुर गांव से बहन के पड़ोसियों ने फोन कर सूचना दी की उसकी हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया गया है। जब हमलोग पहुंचे तो शव चण्डी रेफरल अस्पताल में पड़ा हुआ था। इसके बाद पुलिस के सहयोग से शव को लेकर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे।

भाई ने बताया कि फुलवा देवी पड़ोसी के यहां शादी समारोह में गीत गाने के लिए गई थी। इसी बात से नाराज होकर उसके पति और ससुर ने बहन के साथ मारपीट कर दी और उसकी हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया। ताकि यह कोई हादसा प्रतीत हो। साल 2016 में थरथरी थाना क्षेत्र के पैंदापुर निवासी स्वर्गीय संजय रविदास ने अपनी बेटी फुलवा की शादी चण्डी थाना क्षेत्र के जैतीपुर निवासी लाल रविदास के बेटे मंटू रविदास से की थी। इस बीच 2 बेटा और 1 बेटी भी हुई। अगले महीने 4 जून को मृतक महिला की बहन की शादी भी होने वाली थी।

बंद घर से 10 लाख की संपत्ति ले गए चोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। नालंदा में अज्ञात चोरों ने बंद घर में चोरी की है। लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ किया। चोरी मनोज कुमार के घर में हुई है। घर से चोर सोने-चांदी के गहने, कीमती बर्तन और अन्य सामान ले गए। घर की मालकिन नालंदा सदर अस्पताल की एएनएम प्रतिमा कुमारी ने कहा कि बिहारशरीफ में किराए के मकान में रहते हैं। गंजपर में मेरा ससुराल अक्सर बंद रहता है, क्यों कि परिवार के सदस्य बाहर रहते हैं। मैं हर 8 दिन में घर की देखरेख के लिए आती हं। बुधवार को मैं घर पहुंची। मेन दरवाजे खोलकर अंदर गई तो देखा दूसरे गेट का ताला टूटा हुआ है। पूरा घर में सामान बिखरा पड़ा था। अलमारियों के ताले टूटे हुए थे। बाद में पता चला कि चोर छत के रास्ते से घर में घुसे थे। घटना रहुई थाना क्षेत्र के गंजपर गांव की है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, चोरी में लगभग 8 से 10 लाख रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। चोरों ने सोने-चांदी के गहने, महंगे बर्तन, पीतल की बाल्टियां और अन्य कीमती वस्तुएं चुरा लीं। उल्लेखनीय है कि कुछ महीने पहले इसी घर में एक शादी समारोह आयोजित किया गया था। स्वर्गीय रघुनाथ प्रसाद के 4 बेटों में से 3 दिल्ली में रहते हैं, जबकि एक का पहले ही निधन हो चुका है।

39 फरार अपराधी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। पुलिस अधीक्षक, अभिनव धीमान ने बताया कि 6 मई 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, हत्या में 1, मद्य निषेध में 8 एवं अन्य गिरफ्तारी 30 कुल 39 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 476 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। कुर्की के निष्पादन की संख्या-3 है। वाहन जाँच के क्रम में कुल 700 वाहनों की जाँच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 55 हजार 500 रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत मोटरसाईकिल 2 एवं ट्रैक्टर 1 बरामद किया गया।

शैक्षणिक गतिविधि में सुधार सहित कई मुद्दों को लेकर शिक्षकों ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कौआकोल। प्रखण्ड के कौआकोल बाजार स्थित एनआईटीएन कोचिंग सेंटर में बुधवार को बिहार स्टेट टीचर्स एसोसिएशन गोप गुट की प्रखण्ड इकाईं ने बैठक का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने किया। बैठक की विस्तृत जानकारी देते हुए संघ के मीडिया प्रभारी सह कोषाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि बैठक में कौआकोल संघ के सभी कार्यकारणी सदस्य एवं शिक्षक उपस्थित हुए। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि वैसे शिक्षक जो नियोजित से विशिष्ठ शिक्षक बन गए है,उनका वेतन संरक्षण के संधारण हेतु अपनी सेवा पुस्तिका बीआरसी कार्यालय से संधारण कराना सुनिश्चित करें। शिक्षकों ने कहा कि बीआरसी कार्यालय में कुछ तथाकथित बिचौलिए द्वारा सेवा पुस्तिका संधारण में यदि नाजयाज राशि की मांग की जाती है तो इसकी सूचना अनिवार्य रूप से संघ को दिया जाय। इसके अलावा वैसे शिक्षक एवं शिक्षिका जिनका बेतन बकाया है एवं मातृत्व अवकाश की समस्या है उसे तुरन्त निष्पादन किया जाए।

राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु थाना प्रभारियों की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के मार्गदर्शन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार आशुतोष कुमार झा के निर्देश के आलोक में 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा, कुमारी सरोज कीर्ति के प्रकोष्ठ में जिले के थाना अध्यक्षों/प्रभारियों एवं डिफेंस अधिवक्ताओं के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान थानाध्यक्षों द्वारा प्रस्तुत तामिला प्रतिवेदनों की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में जिन थानों से अपेक्षित संख्या में तामिला प्राप्त नहीं हुई, उन थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि वे शत-प्रतिशत तामिला सुनिश्चित करें। सचिव द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि पंचायत एवं ग्राम स्तर पर सक्रिय पहल कर पक्षकारों को नोटिस की जानकारी प्रदान की जाए, क्योंकि राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता निर्गत नोटिसों की समयबद्ध तामिला पर ही निर्भर करती है। सचिव महोदया द्वारा उपस्थित थाना प्रभारियों को माप एवं तौल वादों से संबंधित सूची भी प्रदान की गई, जिससे संबंधित वादों का निष्पादन सुलह के आधार पर किया जा सके। उक्त बैठक में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के अतिरिक्त जिले के विभिन्न थाना–नगर थाना नवादा, मुफस्सिल, नारदीगंज, हिसुआ, नरहट, सिरदला, रजौली, अकबरपुर, काशीचक, मेसकौर, वारिसलीगंज, शाहपुर, पकरीबरामा, गोविंदपुर, कौआकोल, परना डाबर, कादिरगंज, सीतामढ़ी, थाली, नेमदारगंज, रूपौ, धमौल, रोह एवं बुंदेलखंड–के थाना अध्यक्ष/प्रभारी तथा स्थायी लोक अदालत, नवादा के पेशकार सुशील कुमार उपस्थित रहे।

नालंदा में युवा एथलीटों को मिलेगी ट्रेनिंग : लक्ष्य खेल अकादमी करेगी समर कैंप का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



बिहारशरीफ। नालंदा के हरनौत में युवा एथलीटों के लिए एक विशेष अवसर आने वाला है। लक्ष्य खेल अकादमी की ओर से 12 मई से 22 जून 2025 तक एक विस्तृत समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। राजकीय कृत +2 उच्च विद्यालय के फुटबॉल स्टेडियम में होने वाले इस कैंप में 8 से 18 साल तक के बच्चों और युवाओं को एथलेटिक्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस समर कैंप का मुख्य आकर्षण यह है कि इसमें राष्ट्रीय पैरा खिलाड़ी कुंदन कुमार पांडे मुख्य प्रशिक्षक के रूप में युवाओं का मार्गदर्शन करेंगे। उनके साथ जूनियर कोच रासबिहारी पांडे भी प्रशिक्षण देंगे। यह दोनों अनुभवी प्रशिक्षक युवा एथलीटों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार प्रशिक्षित करने में सक्षम हैं। नालंदा जिला पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन और नालंदा एथलेटिक एसोसिएशन के संयुक्त देखरेख में आयोजित इस कैंप के लिए समस्त हरनौत और नालंदा के निवासियों का सहयोग मिल रहा है।

पंजीकरण की अंतिम तिथि 11 मई

समर कैंप में भाग लेने के इच्छुक युवाओं के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 11 मई 2025 निर्धारित की गई है। पंजीकरण के लिए आवेदकों को अपने आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र और दो फोटोग्राफ्स जमा करने होंगे।

खेल प्रेमियों का मानना है कि यह समर कैंप नालंदा जिले में एथलेटिक्स के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। लगभग 40 दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर से क्षेत्र के कई युवा एथलीटों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा।

कुंदन कुमार पांडे ने बताया कि हमारा उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिभाओं की खोज करना और उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। उन्होंने आगे कहा कि इस कैंप से न केवल युवाओं को खेल के गुर सीखने का मौका मिलेगा, बल्कि उन्हें अनुशासन और टीम वर्क जैसे जीवन कौशल भी विकसित करने में मदद मिलेगी।

छह अभियुक्तों के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कौआकोल। कौआकोल थाना कांड संख्या-456/24 के तहत हत्या मामले में फरार चल रहे छह अभियुक्तों के विरुद्ध कौआकोल पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर निर्गत इश्तेहार नोटिस तामिला कराकर एक-एक प्रति अभियुक्तों के घर पर चस्पा किया। इसकी जानकारी देते हुए कौआकोल थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक दीपक कुमार ने बताया कि हत्या के मामले में फरार चल रहे कौआकोल थाना क्षेत्र के करमाटांड़ गांव निवासी व हत्याकांड के नामजद अभियुक्तों सत्येन्द्र यादव,सोनु यादव,गौतम यादव,छोटू रजक,रामाशीष यादव एवं नरेश यादव के घर पर कौआकोल पुलिस की मौजूदगी में ढोल नगाड़ा बजाकर न्यायालय से निर्गत इश्तेहार नोटिस तामिला कराया गया।

17 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए राजस्व कर्मचारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कौआकोल। बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ के आह्वान पर कौआकोल प्रखंड में पदस्थापित सभी राजस्व कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। जिससे राजस्व सम्बंधित कामकाज प्रभावित होने शुरू हो गए हैं। राजस्व कर्मचारियों के एक साथ हड़ताल पर चले जाने के कारण अंचल कार्यालय सहित पंचायतों में राजस्व का कामकाज पूरी तरह से ठप हो गया है। कौआकोल अंचल में पदस्थापित राजस्व कर्मचारी मिथुन कुमार मिठ्ठू,नरेंद्र कुमार,नितेश कुमार मिश्र,प्रकाश कुमार,आदित्य कुमार एवं दीपक कुमार ने बताया कि संघ के आह्वान पर अपने 17 सूत्री मांगों को लेकर राज्य के सभी कर्मचारियों ने बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल कर सरकार के नीतियों का विरोध किया है। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में कर्मचारियों की ग्रेड पे में 2800 रुपये की वृद्धि और अपने गृह जिले में पदस्थापन की मांग भी शामिल है। राजस्व कर्मचारियों का कहना है कि ना तो उन्हें सम्मानजनक ग्रेड पे मिल रहा है और ना ही अन्य सुविधाओं का लाभ,ऐच्छिक स्थानांतरण का लाभ नहीं मिलने से वे घर से दूर काम करने को मजबूर है। कर्मचारियों की हड़ताल के चलते न केवल अंचल कार्यालय बल्कि पंचायतों में भी आम जनता का कार्य प्रभावित होने शुरु हो गए हैं। भूमि संबंधित कार्य, नामांतरण,खाता-खेसरा सुधार और अन्य सरकारी सेवाएं पूरी तरह से बाधित हो गई है। वहीं हड़ताल के कारण आम लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राजस्व कर्मचारियों का कहना है कि जब तक हम लोगों की मांगें पूरी नहीं होती है, तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

डॉ अनुज ने किया जनसम्पर्क

नवादा। राजनीति में एक नया आयाम लिखने की ओर अग्रसर समाजसेवी एवं शिक्षाविद डॉ अनुज सिंह के द्वारा लगातार घर-घर जाकर लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं के बारे में जाना जा रहा है। वे लगातार कई दिनों से अमीर, गरीब, जाति धर्म से हटकर केवल विकास को संकल्प बनाकर लोगों से मिल रहे हैं और आने वाले विधानसभा चुनाव में अपना हाथ मजबूत करने का अनुरोध करते दिख रहे हैं। बीते मंगलवार को देर शाम तक नवादा सदर प्रखंड के महुली पंचायत अंतर्गत भागलपुर रजबरिया, खिरन महुली, नकटी बेलदरिया महुलीडीह, पुरनी महुली, मोहन बेलदरिया आदि गांवों में जाकर मतदाताओं से आशीर्वाद लिया।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में गदका ने मचाई धूम

महाराष्ट्र ने जीता पहला पदक, बिहार के नाम 1 रजत सहित 5 पदक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। खेलो इंडिया यूथ गेम्स (केआईवाईजी) 2025 में बुधवार का दिन गटका के लिए ऐतिहासिक रहा क्योंकि गया के आईआईएम कैंपस में इस पारंपरिक खेल के सभी छह स्वर्ण पदक दांव पर थे। दिन की शुरुआत शांत माहौल में हुई, लेकिन आधे घंटे के भीतर जब बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे दर्शक बनकर पहुंचे तो माहौल जोश से भर गया। हर मुकाबला उत्साहपूर्ण दर्शकों के सामने जोश के साथ लड़ा गया। प्रतियोगिता के बाद यह साफ था कि गटका जो एक पारंपरिक युद्धकला है को अब नया जोश और नया जीवन मिल रहा है। इस दिन की ऊर्जा ने इस खेल के उज्ज्वल भविष्य की उम्मीदें जगा दी हैं। गटका सिख परंपरा में गहराई से जुड़ा हुआ है और इसकी उत्पत्ति छठे सिख गुरु, गुरु हरगोबिंद जी से मानी जाती है। पहले यह गुरुद्वारों में सीमित था, लेकिन अब खेलो इंडिया जैसे आयोजनों और सरकार के समर्थन के चलते यह अन्य राज्यों में भी लोकप्रिय हो रहा है। खिलाड़ी लकड़ी की छड़ी (जिसे सोटी कहते हैं) और ढाल (फर्री) का उपयोग करते हैं और अधिकतम अंक अर्जित करने की कोशिश करते हैं जब महाराष्ट्र की कोच आरती चौधरी से पूछा गया कि यह खेल महाराष्ट्र में इतनी तेजी से कैसे लोकप्रिय हुआ तो उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में गटका का एक अपना रूप है जिसे मरदानी कहा जाता है। नियम अलग होते हैं, लेकिन बहुत सी समानताएं भी हैं। असल में हर क्षेत्र में इस तरह के पारंपरिक खेल होते हैं, बस नाम अलग होते हैं। कोच आरती चौधरी मानती हैं कि भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन ने गटका और अन्य पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि सरकार बहुत अच्छा काम कर रही है। बिहार के एक मिडिल स्कूल शिक्षक रवि रोशन ने अपने छात्रों को इस आयोजन में भाग लेने के लिए लाया ताकि वे पारंपरिक खेलों से जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि बच्चे यहां दो-तीन दिन से हैं और अब उनमें गटका और मल्लखंभ जैसे खेलों को अपनाने की इच्छा दिख रही है। रवि रोशन को उम्मीद है कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मेजबानी से बिहार एक प्रमुख खेल राज्य बनेगा। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब बिहार खेलो इंडिया की मेजबानी कर रहा है। मुझे लगता है कि इससे यहां के खेलों को दीर्घकालिक फायदा होगा। मुझे उम्मीद है कि बिहार गटका में पदक जरूर जीतेगा। कक्षा 8 की छात्रा जैनब परवीन ने इस प्रभाव को एक वाक्य में समेटा, गटका देखने के बाद मेरा भी मन कर रहा है कि मैं भी लकड़ी की सोटी उठाऊं और इस खेल में हिस्सा लूं जहां शिक्षक सिर्फ एक पदक की उम्मीद कर रहे थे, बिहार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 5 पदक जीते जिसमें 1 रजत और 4 कांस्य शामिल है। टीम फर्री सोटी बालिका और बालक वर्ग में बिहार ने कांस्य जीता। सिंगल सोटी बालिका वर्ग में अंशु ने रजत पदक दिलाया। फर्री सोटी व्यक्तिगत बालक और बालिका वर्ग में आकाश कुमार शर्मा और कोमल जैन ने कांस्य पदक हासिल किए। यह प्रदर्शन बिहार को खेल के क्षेत्र में आगे ले जाने में बड़ी भूमिका निभाएगा।

बुधवार को गटका में पदक विजेता

टीम फर्री सोटी (बालिका) में स्वर्णः झारखंड, रजतः महाराष्ट्र, कांस्यः बिहार और मध्य प्रदेश। टीम फर्री सोटी (बालक) में स्वर्णः चंडीगढ़, रजतः पंजाब, कांस्यः झारखंड और बिहार।सिंगल सोटी व्यक्तिगत (बालक) में स्वर्णः गुरसेवक सिंह (पंजाब), रजतः अशदीप सिंह (पंजाब), कांस्यः गगनदीप सिंह (दिल्ली), मंदीप सिंह (हरियाणा)। सिंगल सोटी व्यक्तिगत (बालिका) में स्वर्णः तमन्ना (पंजाब), रजतः अंशु (बिहार), कांस्यः अर्शप्रीत कौर सग्गू (मध्य प्रदेश), अवनीत कौर (पंजाब)। फर्री सोटी व्यक्तिगत (बालक) में स्वर्णः भूपिंदरजीत सिंह (चंडीगढ़), रजतः जगदीप सिंह (पंजाब), कांस्यः अमितोज सिंह डासन (छत्तीसगढ़), आकाश कुमार शर्मा (बिहार)।

चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

टिकारी(गया)। थाना की पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ बाइक चोर को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। टिकारी थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र के बेलहड़िया मोड़ के समीप पुलिस द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में संदेह के आधार पर एक बाइक सवार से बाइक के कागजात की मांग की गई। बाइक चालक कागजात पुलिस को न दे सका। पुलिस द्वारा वाहन की जांच की गई तो वाहन चोरी का निकला। पुलिस ने बाइक सवार को वाहन सहित गिरफ्तार कर ली। गिरफ्तार वाहन चोर की पहचान अरवल जिला के किंजर थाना क्षेत्र के कुरकुरी ग्राम के सुरेंद्र यादव के पुत्र चिंटू कुमार के रूप में हुई। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध सुसंगत धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायालय में सुपुर्द कर दिया गया जहां से जेल भेज दिया गया।

राष्ट्रीय नेतृत्व, शौर्य और स्वाभिमान पर गर्व का समय : कौटिल्य मंच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गया। आज जिस तरह से सभी राजनीतिक दलों में राष्ट्रीय एकता और अखंडता पर एक जुट होने का संदेश दिया है। आतंकियों द्वारा खुलेआम चुनौती को स्वीकार कर उसे जड़ मूल से मिटाने का संकल्प लिया है उसी का परिणाम है कि हमारे बहादुर सैनिकों ने जो राष्ट्रीय एकता को हिलाने वाले पाकिस्तान के आतंकियों ने घृणित कार्रवाई की थी, घुसकर जो कड़ा प्रहार किया है, उसने आतंकियों के ट्रेनिंग कैंप, आतंकी ठिकाने को ध्वस्त कर ऑपरेशन सिंदूर ने विश्व में आतंक फैलाने का केंद्र को ध्वस्त कर मानवतावादियों को सम्मान मनोबल बढ़ाया है जिस साहस का परिचय हमारे बहादुर सैनिकों को ने दिया है उसके सामने आज समूचा देश नतमस्तक है। संपूर्ण राष्ट्र उनके साथ है। आज राष्ट्र सहित संपूर्ण संपूर्ण विश्व हमारे नेतृत्व शौर्य और स्वाभिमान पर गर्व करता है। भारतीय राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा कौटिल्य मंच एवं मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान से जुड़े जिन प्रमुख लोगों ने इस कार्रवाई का हार्दिक स्वागत किया है। उनमें प्रमुख रूप से पुरस्कृत सम्मानित साहित्यकार। आचार्य राधा मोहन मिश्रा माधव, विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े महासभा एवं मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर विवेकानंद मिश्र, स्वामी सुमन गिरी, बी एन पाण्डेय, राजीवनयन पांडे, डॉक्टर रविंद्र कुमार, डॉक्टर दिनेश कुमार, आचार्य अरुण मिश्रा, डॉक्टर चंद्रशेखर मिश्रा, डॉ अनीता नेत्री रूबी कुमारी, शशि शेखर पाठक हरिनारायण त्रिपाठी, सुरेंद्र दुबे, मृदुला मिश्रा, पंडित सुरेंद्र पांडेय, अधिवक्ता आनंद सिंह, अधिवक्ता दीपक पाठक, अधिवक्ता विजय पांडे, वरिष्ठ अधिवक्ता मोहम्मद याहिया, गजाधर लाल कटरियार, अमरनाथ पांडे, शेखर जी, डॉक्टर त्रिगुणायत, डॉक्टर पी पी मिश्रा, डॉक्टर ज्ञानेश भारद्वाज, मोहम्मद मासूक, पंडित अजय मिश्रा, अधिवक्ता मोहम्मद आरिफ, रंजीत पाठक, पवन मिश्रा, सुनील गिरी, नुसरत जहां, तस्लीम नाज, तरन्नुम तारा, प्रोफ़ेसर गीता विश्वकर्मा, शबनम परवीन ,हिना परवीन, राम भजन दास, देव कुमार ठाकुर, गुप्तेश्वर ठाकुर, बृजभूषण मिश्रा, डॉक्टर जियाउद्दीन, प्रोफ़ेसर रीना सिंह, शीला त्रिपाठी, देवेंद्र नाथ मिश्रा, गोविंद बाबू पीतल केबाड, मालती देवी, सुनीता देवी, रजनी चावला, पुष्पा गुप्ता, मांडवी गुर्दा, पुष्प लता त्रिपाठी, कंचन पाठक, सुरेंद्र पासवान, सुमन कुमारी, डिंपल कुमारी, मनीष कुमार, पार्वती देवी, कांति देवी, डॉक्टर शंभू कुमार, बृजेश राय, अजय मिश्रा, सुनील कुमार, संजय दास, प्रियांशु मिश्रा, डोमन प्रसाद, गीता चंद्रवंशी, कविता राऊत, संगीता देवी, नीलम कुमारी, धीरज कुमार, पूजा कुमारी, नरेंद्र सोनी, शिल्पा कुमारी, उषा देवी आदि उल्लेखनीय है।

बुद्ध पूर्णिमा के भव्य आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गया। जिले के डीएम डॉ त्यागराजन एसएम एवं एसएसपी आनंद कुमार के संयुक्त अध्यक्षता में बुधवार को बीटीएमसी, बोधगया के सभागार में बुद्ध पूर्णिमा-2025 के भव्य आयोजन की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में वरीय पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी, बीटीएमसी के सदस्यगण, आयोजन समिति के प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित पदाधिकारीगण ने भाग लिया। बैठक के दौरान सभी पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों को उनके दायित्वों और कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, ताकि वे अपने उत्तरदायित्वों को प्रभावी तरीके से निभा सकें। साथ ही जिला पुलिस-प्रशासन द्वारा अब तक की गई व्यापक तैयारियों का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया।

प्लेटफार्म पर किया गया फ्लैग मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गया। कश्मीर के पहलगाम में आतंकी कार्रवाई के बाद मंगलवार की देर रात भारतीय सेना ने अपनी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान में छिपे आतंकियों के ठिकानों पर साहसिक कार्रवाई कर कई ठिकाने को ध्वस्त कर दिया है। वहीं गृह मंत्रालय द्वारा जारी एडवाइजरी के मद्देनजर रेलवे क्षेत्र में भी सुरक्षा बलों को चाक चौबंद करने का निर्देश जारी किया गया है। रेल संपत्तियों के साथ यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा रहा है। इसे लेकर बुधवार को आरपीएफ पोस्ट गया के प्रभारी निरीक्षक बनारसी यादव के नेतृत्व में आरपीएफ गया के पदाधिकारियों व बल सदस्यों ने प्लेटफॉर्म, यात्री परिक्षेत्र, सेक्टर 7 एवं 8 में सुरक्षा के दृष्टिकोण से फ्लैग मार्च किया। प्लेटफॉर्म पर मार्च करते पदाधिकारी व जवान यात्रियों को जागरूक किया गया। इंस्पेक्टर बनारसी यादव ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में कई कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार को फ्लैग मार्च के दौरान सेक्टर 7 व 8 के आसपास रेलवे लाइन के किनारे रहने वाले लोगों के बीच जाकर उनको रेलवे में अपराध करने से दूर रहने के हिदायत दी गई एवं ऐसा करने पर कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई।

पाकिस्तान के खिलाफ हिंदुस्तान के सिंदूर ऑपरेशन पर हर्ष

जनसुराज पार्टी के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ बी डी शर्मा ने जताया हर्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



कोंच। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सफलतापूर्वक सिंदूर ऑपरेशन किया जिस पर जन सुराज पार्टी के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ बी डी शर्मा ने बुधवार को खुशी जताई है। उन्होंने इस सफल ऑपरेशन के लिए भारतीय सेना और सरकार को बधाई दी। डॉ बी डी शर्मा ने कहा कि यह ऑपरेशन भारत की सैन्य शक्ति और देश की सुरक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन से देश की सुरक्षा और अखंडता को मजबूती मिलेगी। डॉ शर्मा ने देश के लोगों से अपील की कि वे देश की सुरक्षा और एकता के लिए एकजुट रहें और देश के विकास में योगदान दें।

चोरों ने उड़ाया लाखों का सामान, गहना, बर्तन, नकद गायब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गुरारू। प्रखण्ड क्षेत्र के डबुर पंचायत अंतर्गत बरिआवां गांव में चोरों ने मेन दरवाजा का ताला तोड़ कर लाखों का सामान चुराकर चंपत हो गये। गौरतलब है कि पीड़ित गृह स्वामी महंगू प्रजापति पिता बोधि प्रजापति ने बताया कि मंगलवार की शाम पूरे परिवार घर में ताला बंद कर शादी में चले गए थे। बुधवार की अहले सुबह आया तो देखा कि घर का मेन दरवाजा का ताला टूटा हुआ है। अन्दर गया तो पाया कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है। बक्सा बगैरह टूटा हुआ है। इस चोरी की घटना में चोरों द्वारा गहना, बर्तन और नकदी पैसा चुरा लिया गया है। इस घटना से करीब चार लाख रूपए की क्षति हुई है। कोंच थाना सूचना पर आई और इंक्वायरी कर चली गयी है। इस घटना में गांव वालों का ही हाथ होना प्रतीत होता है।

मारपीट सहित एन बी डब्ल्यू के चार गिरफ्तार, गए जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच। पुलिस ने मारपीट के मामले में कार्रवाई करते हुए मीठापुर और लक्ष्मण बिगहा गांव से चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ एनबीडब्ल्यू (गैर-जमानती वारंट) जारी था। गिरफ्तार आरोपियों को पुलिस ने बुधवार को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर निम्नलिखित कार्यों के लिए मान्यता प्राप्त अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम ठेकेदारों से एवं रेल, सिचांई, सी॰पी॰डबलु॰डी॰, एम॰ई॰एस॰ अथवा अन्य लोक उपक्रम में रजिस्टर्ड अथवा कार्यरत ठेकेदारों से ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित करते है।

निविदा सूचना संख्या : डबलू–7/ई–टेन्डर/04/ओपन/दानापुर/2025–26,

क्रमांक :01, 1. कार्य के नाम, लोकेशन के साथ : सहायक मंडल इन्जी॰/जहानाबाद के तहत जहानाबाद और तरेगना स्टेशन में जलापूर्ति व्यवस्था के साथ आरसीसी ओएच टैंक 50000 गैलन क्षमता का प्रावधान। 2. अनुमानित निविदा राशि : ₹1,65,72,361.71, 3. बयाना की राशि : ₹2,32,900/–

क्रमांक :02, 1. कार्य के नाम, लोकेशन के साथ : आरेख गार्डन, कृष्ण लीला मैदान, राम लीला मैदान, स्विमिंग पुल के पास लॉन और पीआरपी दीघा घाट और हर्बल गार्डन का सुधार (लॉन घास, झाड़ीदार पेड़ और थीम वाले उदयानों का रोपण, तालाब क्षेत्र का सैदर्यीकरण और विकास, स्प्रिकलर, सिंचाई प्रणाली आदि की स्थापना) 2. अनुमानित निविदा राशि:₹1,91,35,417.93, 3. बयाना की राशि : ₹2,45,700/–

क्रमांक :03, 1. कार्य के नाम, लोकेशन के साथ : वरीय मंडल अभियंता/3/दानापुर के अधिन रेलवे कॉलोनी में स्टाफ क्वार्टरों की टपकती छत का सुधार। 2. अनुमानित निविदा राशि : ₹95,18,270.35, 3. बयाना की राशि : ₹1,90,400/–

क्रमांक :04, 1. कार्य के नाम, लोकेशन के साथ : वरीय मंडल अभियंता/3/दानापुर के अधिन टीबीआर = 35.460 टीकेएम, टीएफआर = 7.30 टीकेएम और टीटीआर (टीडब्ल्यू = डब्ल्यू सी एम एस सी) =13 सेट (1:12) और अन्य विविध कार्य। 2. अनुमानित निविदा राशि : ₹1,49,61,944.28, 3. बयाना की राशि : ₹2,24,800/–

क्रमांक : 05, 1. कार्य के नाम, लोकेशन के साथ : सकलडीह में ट्रैक मशीन साइडिंग जैसे कक्ष, जलापूर्ति, प्रकाश व्यवस्था आदि का प्रावधान। 2. अनुमानित निविदा राशि : ₹30,89,631.46, 3. बयाना की राशि : ₹61,800/–

क्रमांक : 06, 1. कार्य के नाम, लोकेशन के साथ : वरीय मंडल अभियन्ता/2/दानापुर के तहत विभिन्न सेक्शनों पर रोबोटिक पुनर्निर्माण द्वारा 52/60 कि॰ ग्राम प्वाइन्ट और क्रॉसिंग की पुनर्निर्माण/पुनर्मुर्दण, जैसे कि आडीएसओ/लखनऊ द्वारा मंजूर किए गए है। 2. अनुमानित निविदा राशि : ₹22,27,123/–, 3. बयाना की राशि : ₹44,600/–

4. निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय : निविदा ऑन लाईन www.ireps.gov.inपर प्रस्तुत की जानी है। निविदाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 26.05.2025 को 12.00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन निविदादाताओं के समक्ष निर्धारित तिथि को 12.00 बजे के बाद निविदा खोली जायेगी। 5. वेब साईट नाम एवं निविदा संबंधी सूचना : 1. निविदा सूचना पात्रता मान दंड तथा निविदा क्रिस के वेब साईट CRIS website http.//www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है, एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिये कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखें। उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो इसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा बल्कि वेब–साईट पर अपलोड कर दिया जायेगा। 2. विवाद की स्थिति में हिन्दी एवं अंग्रेजी में दी सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर आई.आर.ई.पी.एस पोर्टल में प्रकाशित सूचना मान्य होगा। संशोधनों के लिए वेब साइट देखने और तदनुसार अपनी निविदा प्रस्तुत करने के लिए निविदाकारों की जिम्मेदारी है।

मंडल रेल प्रबंधक (इन्जी॰)/
पूमरे/दानापुर
पीआर/0198/डीएनआर/अभि./टी/25–26/92

उत्तर कोयल नहर में बने पुलों को तोड़ नया पुल निर्माण और ढलाई कार्य जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



कोंच। उत्तर कोयल नहर परियोजना का कार्य जोरों पर है। इस परियोजना के पूरा होने के बाद क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा जिससे उनकी फसलों की उत्पादकता में वृद्धि होगी और आय में भी बढ़ोतरी होगी। इस परियोजना से गया और औरंगाबाद जिलों के किसानों को विशेष लाभ होगा। नहर के निर्माण से क्षेत्र में सिंचाई की समस्या दूर होगी और किसानों को अपनी फसलों की सिंचाई करने में आसानी होगी। वहीं उत्तर कोयल नहर परियोजना के तहत पुलों के निर्माण कार्य में तेजी आई है। पुराने पुलों को तोड़कर नए पुलों का निर्माण किया जा रहा है जिससे नहर के दोनों किनारों को जोड़ने वाले मार्गों को मजबूत और सुरक्षित बनाया जा सके। इसके अलावा नहर के निर्माण कार्य में मिट्टी उड़ाही और ढलाई का कार्य भी जोरों पर है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि परियोजना के विभिन्न कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। नए पुलों के निर्माण और नहर के जीर्णोद्धार से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी और सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता भी बढ़ेगी। परियोजना के पूरा होने से क्षेत्र का विकास होगा और लोगों को इसका लाभ मिलेगा। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि परियोजना का कार्य समय पर पूरा करने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। परियोजना के पूरा होने से क्षेत्र के किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और क्षेत्र का विकास होगा। इधर, नहर को लेकर संघर्षरत उत्तर कोयल नहर किसान संघर्ष मोर्चा के सचिव सह जिला पार्षद बालेश्वर प्रसाद यादव, मुख्य संरक्षक जयनंदन शर्मा, अध्यक्ष नंदलाल सिंह ने बुधवार को बताया कि बीते दिनों गुरुआ प्रखंड के तमरुआ गांव (350 आर.डी.) से शुरू कर भीम बराज (0 आर.डी) तक नहर के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मुख्य शाखा में नहर की सफाई और कंक्रीट लाइनिंग का कार्य कुछेक जगहों को छोड़कर बाकी सभी जगहों पर तेजी से चल रहा है। मुख्य शाखा में 211 आर.डी. पर सीआर गेट का निर्माण कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा है। अधिकांश पुराने पुलों को तोड़कर नया पुल बनाया जा रहा है। जी.टी. रोड से नीचे चेईं नवादा कैनाल, कोटवारा कैनाल, अंगरा कैनाल और कोंची कैनाल का सफाई कार्य अभी तक शुरू नहीं किया गया है, इसे यथाशीघ्र शुरू किया जाना चाहिए। उत्तर कोयल नहर के मुख्य शाखा नहर को अपर मोरहर नहर तक लाकर छोड़ दिया गया है। इसके आगे मोरहर नदी तक खुदाई/सफाई कार्य नहीं किया जा रहा है, इसे यथाशीघ्र शुरू किया जाना चाहिए। बता दें कि नहर के पानी से किसानों के सवा लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित होंगे।

प्रखंडों में प्रतिदिन हो रहा महिला संवाद कार्यक्रमों का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गया। जिले में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। जिले के सभी प्रखंडों में प्रतिदिन महिला संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक बनाना और उन्हें अपने अधिकारों एवं अवसरों के प्रति सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में भाग लेने वाली महिलाएं सामाजिक और विकासात्मक विषयों पर खुलकर अपने विचार साझा कर रही हैं। महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है, जिससे वे इसका लाभ ले सकें। महिलाएं अपनी आकांक्षाओं और सामुदायिक आवश्यकताओं को आयोजकों और अन्य लोगों के समक्ष रख रही हैं ।

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना सं.- ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(सूचना) / 668 दिनांक: 06.05. 2025, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्वी रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सं. : ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3444; कार्य का नाम:** फेयरली प्लेस कोलकाता में पूर्वी रेलवे मुख्यालय भवन में विद्युत वितरण प्रणाली के संवर्धन/उन्नयन के संबंध में विद्युत (साधारण) कार्य; **निविदा मूल्य:** रु. 4,28,17,944.00; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 3,64,100.00; **समापन अवधि:** 180 दिन; **समापन तिथि एवं समय:** 28.05.2025 को 15:00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण नोटिस में उल्लिखित समापन तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा समापन की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा क्योंकि IREPS की वेबसाइट पर आवेदन निविदा की समापन तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं देता है। हालाँकि, ऑनलाइन निविदाएँ निविदा की समापन तिथि और समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन पर खोली जाएँगी। निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे उपरोक्त वेबसाइट पर अपना प्रस्ताव ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

(HWH-73/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

तीन पुलिस पदाधिकारियों का स्थानांतरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गुरारू। थाना से तीन पुलिस अधिकारियों का स्थानांतरण हुआ वहीं तीन पुलिस अधिकारियों ने योगदान दिया। गौरतलब है कि सहायक थानाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह का मगध मेडिकल थाना, जमादार रामप्रवेश गोस्वामी एवं प्रवीण सिंह को रामपुर थाना में स्थानांतरित किया गया है तथा खिजरसराय थाना से दारोगा अरविंद कुमार सिंह, महकार थाना से जमादार अजय कुमार एवं विष्णुपद थाना से रामाकांत तिवारी को स्थानांतरित वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया है। ज्ञात हो कि महेंद्र प्रताप सिंह एवं रामप्रवेश गोस्वामी तीन वर्षों से भी अधिक समय से पदस्थापित रहे हैं।

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना सं. एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/543, दिनांक: 06.05.2025, निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, पूर्वी रेलवे, एस एंड टी, आरएमएस बिल्डिंग, कैसर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा ई-टेंडर आमंत्रित किया जाता है। **ई-निविदा सं. एसडीएसटीई/एसआईजी/टी/06/25-26/आरआरएसके; कार्य का नाम और स्थान:** सियालदह मंडल में आयु सह स्थिति के आधार पर ऑपरेटिंग पैनल का प्रतिस्थापन; **निविदा मूल्य:** रु.88,15,185.24 ; **निविदा दस्तावेज की लागत:** शून्य। **जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षा:** रु.1,76,300.00 ; **कार्य की समाप्ति अवधि:** 9 (नौ) महीने; **निविदा प्रस्तुत करने की आरंभ तिथि:** 16.05.2025; **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि:** 30.05.2025 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली खुलने की तिथि:** 30.05.2025 को 14.30 बजे। विस्तृत जानकारी उपलब्ध हो सकती है: **www.ireps.gov.in तकनीकी पात्रता मानदंड:-** निविदाकर्ता ने पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, जिसमें निविदा आमंत्रित की गई है, पिछले महीने के अंतिम दिन को समाप्त होने वाले कार्य की निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक को सफलतापूर्वक पूरा किया होगा या काफी हद तक पूरा किया होगा: (i) तीन समान कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए, या (ii) दो समान कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए, या (iii) एक समान कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए। **वित्तीय पात्रता मानदंड:-** निविदाकर्ता के पास न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या 'वी' होना चाहिए, जो भी कम हो; जहां वी= निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ों रुपये में, एन= कार्य पूरा होने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना ऑडिटेड बैलेंस शीट के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल संविदात्मक भुगतानों" के औसत के रूप में की जाएगी। हालांकि, यदि पिछले वर्ष की बैलेंस शीट अभी तैयार/ऑडिट की जानी है, तो औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष की ऑडिटेड बैलेंस शीट पर विचार किया जाएगा। निविदाकर्ता जीसीसी 2022 के अनुलग्नक-वीआईबी (तत्काल निविदा दस्तावेज के फॉर्म-6) के अनुसार अपेक्षित जानकारी जमा करेंगे, साथ ही चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा विधिवत प्रमाणित ऑडिटेड बैलेंस शीट की प्रतियां/ऑडिटेड बैलेंस शीट द्वारा समर्थित चार्टर्ड अकाउंटेंट से प्रमाण पत्र भी जमा करेंगे। **जमा किये जाने वाले अन्य दस्तावेज़:** जैसा कि निविदा दस्तावेज में उल्लेख किया गया है। **समान प्रकृति की कार्य:-** डेटा लॉगर या आरटीयू की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग का कोई भी कार्य या ईआई या आरआरआई या पीआई या आईबीएस या आईबीएच या एलसी गेट इंटरलॉकिंग या यार्ड संशोधन या यूएफएसबीआई या ट्रैक सर्किट (एएफटीसी या डीसी टीसी) या एक्सल काउंटर (एसएसडीएसी या एमएसडीएसी या एचए-एसएसडीएसी) या स्वचालित सिग्नलिंग से संबंधित कोई भी सिग्नल इंटरलॉकिंग कार्य को तत्काल निविदा कार्य के लिए समान प्रकृति के कार्य के रूप में माना जाएगा। **टिप्पणी:** निविदाकर्ता को निविदा प्रस्ताव के साथ-साथ निविदा दस्तावेज में उल्लिखित पात्रता मानदंडों को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तुत किए गए क्रेडेंशियल के समर्थन में दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों की प्रति के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता या निविदा देने वाली फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्वयं-सत्यापित/डिजिटल हस्ताक्षर किए जाने चाहिए। स्व-सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होनी चाहिए।


(SDAH-44/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।

आवश्यक सूचना।
(लापता विगन राम, उम्र–52 वर्ष)



विशुनपुरा थाना सनहा सं0–19/25 दिनांक–29.04.2025 में लापता विगन राम उम्र– 52 वर्ष, पिता –सुरेश राम, ग्राम–पिपरी कला, थाना– विशुनपुरा, जिला–गढ़वा, राज्य– झारखण्ड के रहने वाले है। उक्त लापता व्यक्ति विगन राम जो दिनांक–26.04.20 25 को दवा लाने हेतु डालटन गंज के लिए गये थो जो अबतक वापस नहीं आये, इनका दिमागी हालत ठीक नहीं है।

उक्त लापता व्यक्ति का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है।

अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता व्यक्ति किसी व्यक्ति को कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय),गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया :–रंग–सांवला, बाल–दाढ़ी–सफेद, भाषा–हिन्दी, पहनावा – शर्ट सफेद रंग का, पैंट–काला रंग का गमछा– सफेद रंग का, पैर में भुरा रंग का जुता।
विशिष्ट–मानसिक संतुलन खराब है।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR.NO.351886 Police(25-26):D

संपादकीय

अल्बनीज व वोंग की जीत!

ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर से भारत के लिए दो अच्छी खबरें हैं। वहां हुए आम चुनाव में जो नेता और पार्टियां जीती हैं, वो भारी बहुमत के साथ न सिर्फ सत्ता में लौटीं हैं बल्कि उनका रवैया भारत मित्र का है। मसलन ऑस्ट्रेलिया के आम चुनाव में प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज की लेबर पार्टी ने इकतरफा जीत हासिल की है। अल्बनीज दोबारा देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। चुनाव में लेबर पार्टी ने 150 में से 86 सीटें जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। अल्बनीज की इस जीत के पीछे उनका मूलमंत्र है, किसी को रोका नहीं गया और किसी को पीछे नहीं छोड़ा गया। अल्बनीज 2022 में देश के प्रधानमंत्री बने थे। वह ऑस्ट्रेलिया के लोगों के लिए बड़ी राहत की बात थी। क्योंकि उनके पूर्ववर्ती प्रधानमंत्री स्कॉट मारिसन बहुत अलोकप्रिय रहे थे। देश में राजनीतिक अस्थिरता और आंतरिक संकट की स्थिति बन रही थी। लेकिन अल्बनीज ने हालात को कुशलता से संभाला। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने की कोशिशों को बढ़ावा दिया. उन्होंने अंतरराष्ट्रीय संबंधों को स्थिर करने और प्रमुख नीतिगत बदलावों को लागू करना शुरू कर दिया। 61 साल के अल्बनीज का बचपन अभावों में बीता। युवावस्था तक उन्हें अपने पिता का पता नहीं था। वे राजनीति में आए और 1996 में 33 साल की उम्र में पहली बार सिडनी की एक स्थानीय सीट के लिए चुने गए। अब वे देश के सबसे लंबे समय तक सांसद रहने वालों में से हो गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की मुफ्त स्वास्थ्य सेवा को बचाकर रखने के लिए सम्मान पाया। साथ ही एलजीबीटी समुदाय के पैरोकार, रग्बी के एक उत्साही प्रशंसक और ऑस्ट्रेलिया के गणतंत्र बनने का समर्थन करने वाले के रूप में उन्होंने काफी लोकप्रियता हासिल की। अल्बनीज 2007 में पहली बार मंत्री बने। उन्हे मध्यमार्गी माना जाता है। अल्बनीज के सामने बड़ी चुनौती ऑस्ट्रेलिया की अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने की है, जो कोविड के बाद से खराब चल रही है। देश में महंगाई बढ़ी हुई है। लोगों के लिए आवासों की भारी कमी है। उनकी पिछली सरकार ने देश में 15 लाख किफायती घर बनाने का वादा किया था। हालांकि देश को उनसे बड़े आर्थिक सुधारों की अपेक्षा है। ऐसा नहीं है कि अल्बनीज का पिछला कार्यकाल पूरी तरह बेदाग रहा हो। उनके कार्यकाल पर सबसे बड़ा धब्बा अक्टूबर 2023 का द वॉयस जनमत संग्रह है। जिसके तहत आदिवासी और टोरेस स्ट्रेट द्वीप में रहने वालों को संवैधानिक मान्यता देना था और साथ ही उनके लिए एक संसदीय सलाहकार निकाय स्थापित करनी थी। लेकिन वो इसमें नाकाम रहे। लेकिन मतदाताओं ने इस पर ध्यान नहीं दिया। जहां तक भारत की बात है कि ऑस्ट्रेलिया के साथ हमारे बहुत अच्छे सम्बंध रहे हैं। लाखों भारतीय ऑस्ट्रेलिया में रहते हैं। इसके अलावा भारत हिंद महासागर की सामूहिक निगरानी करने वाले उस क्वाड्रिलैटरल सिक्योरिटी डायलॉग (क्वाड) का सदस्य है, जिसमें अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान शामिल हैं। उधर सिंगापुर के आम चुनाव में प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग की प्रचंड जीत हुई है। उनकी पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) ने संसद की 97 में से 87 सीटें जीतकर सत्ता पर अपनी पकड़ कायम रखी। पीएपी सिंगापुर में 50 साल से सत्ता पर काबिज है। खास बात है कि ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर दोनो देशों में ही भारतीयों की प्रभावी उपस्थिति है और वे राजनीतिक रूप से भी अपनी आवाज दमदार तरीके से उठाते रहे हैं। हमारे इन दोनों देशों के साथ व्यापारिक और शैक्षणिक सम्बन्ध भी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दोनो प्रधानमंत्रियों की जीत की बधाई देते हुए परस्पर रिश्तों के और मजबूत होने की अपेक्षा की है। वैसे भी वर्तमान हालात में इन देशों में भारतमित्र सरकारों का होना हमारे लिए बेहद खास है।

ऑस्ट्रेलिया के नए प्रधानमंत्री ने थामा भगवा

आस्ट्रेलिया में एक बार फिर एंथनी अल्बनीज का जादू चला है। उनकी लेबर पार्टी ने संघीय चुनाव जीत लिया है। इसके साथ ही अल्बनीज लगातार दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री बनने वाले हैं। कुछ समय पहले अल्बनीज ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'दुनिया का बॉस' बताया था। अब ऑस्ट्रेलिया की जनता ने उन्हें फिर से बॉस चुन लिया है। इसके साथ ही अल्बनीज 21 सालों में दोबारा चुनाव जीतने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री बन



गए हैं। ऑस्ट्रेलिया में शनिवार को आम चुनाव में महंगाई और आवास की कमी जैसे मुद्दे छाए रहे। मतदान सुबह आठ बजे शुरू हुआ। इससे पहले डाक मतदान 22 अप्रैल को ही शुरू हो गया था। ऑस्ट्रेलिया उन गिने चुने देशों में शामिल है, जहां मतदान करना अनिवार्य है। साल 2022 में हुए पिछले आम चुनाव में 90 फीसदी मतदान हुआ था। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज दूसरा कार्यकाल पाने की कोशिशों में जुटे थे। उनका मुकाबला कंजर्वेटिव पार्टी के नेता पीटर डटन से था।

अशोक भाटिया

ऑस्ट्रेलिया संसद में दो सदन हैं। ऊपरी सदन को सीनेट और निचले सदन को हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स (प्रतिनिधि सभा) कहा जाता है। भारत की तरह ही निचले सदन में बहुमत पाने वाली पार्टी या गठबंधन का नेता ही प्रधानमंत्री बनता है। इसकी 150 सीटों के लिए अभी वोटिंग हुई थी। ऑस्ट्रेलिया में भारतीय मूल की अच्छी-खासी आबादी है। इस बार चुनाव में भारतीय मूल के 8 लाख मतदाता अपने वोट का इस्तेमाल कर रहे है। भारतीय मूल के वोटर्स को लुभाने के लिए सियासी दलों ने अपनी-अपनी रणनीति बनाई थी। प्रधानमंत्री की पार्टी ने भारतीय छात्रों के लिए वीजा की संख्या बढ़ाने का वादा किया है। इतना ही नहीं, वर्क वीजा बढ़ाने का भी मुद्दा चुनाव में छाया हुआ है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री अल्बनीज भारत के साथ संबंधों को और भी बेहतर बनाना चाहते हैं का वायदा किया था। विपक्ष के नेता पीटर डटन अपनी सीट भी नहीं बचा पाए। उन्हें लेबर पार्टी की उम्मीदवार अली फ्रांस ने हरा दिया। चुनाव के नतीजे आने के बाद डटन ने अपनी हार मान ली और अल्बनीज को फोन करके बधाई दी। अगर लेबर पार्टी को बहुमत मिलता है, तो अल्बनीज ही प्रधानमंत्री रहेंगे। वे अपनी पार्टी के नए सदस्यों में से मंत्रियों को चुनेंगे।

अब बात करते हैं एंथनी अल्बनीज की। उन्हें लोग प्यार से 'अल्बो' भी कहते हैं। वे 2004 के बाद पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने लगातार दो चुनाव जीते हैं। 61 साल के अल्बनीज को कुत्तों से बहुत प्यार है। वे साधारण परिवार से आते हैं और उनका अंदाज काफी सहज रहता है। स्थानीय मीडिया ने भी मान लिया है कि अल्बनीज और उनकी लेबर पार्टी चुनाव जीत गई है। शुरुआती नतीजों से पता चलता है कि लोगों ने लेबर पार्टी को खूब वोट दिया है।

अल्बनीज का बचपन मुश्किलों भरा रहा। उनका जन्म मार्च 1963 में हुआ था। उनकी मां अकेली थीं और उन्हें पेंशन पर गुजारा करना पड़ता था। वे सिडनी में सरकारी घर में रहते थे। दिलचस्प बात यह है कि उन्हें बचपन में बताया गया था कि उनके पिता मर चुके हैं। लेकिन किशोरावस्था में उन्हें पता चला कि उनकी मां शादीशुदा आदमी से गर्भवती हुई थीं जो शायद अभी भी जिंदा थे। तीस साल बाद उन्होंने अपने पिता कार्लो अल्बनीज को ढूंढा और उनसे मिलने इटली गए। लेकिन अल्बनीज मानते हैं कि उनकी मां के साथ बिताए शुरुआती सालों ने उन्हें वह इंसान बनाया जो वे आज हैं। वे अपने परिवार में हाई स्कूल पास करने वाले पहले व्यक्ति थे और उन्होंने सिडनी यूनिवर्सिटी से अर्थशास्त्र में डिग्री हासिल की। उनका राजनीति से पहला नाता यूनिवर्सिटी में जुड़ा जहां वे छात्र परिषद में शामिल हुए। इसके बाद उन्होंने लेबर पार्टी के मंत्री टॉम उरेन के साथ काम किया और फिर एनएसडब्ल्यू लेबर के सहायक महासचिव बने।

अल्बो को लोग 'छोटी-छोटी बातों पर ज्यादा ध्यान न देने वाला' मानते हैं, जो एक नेता के लिए अच्छी बात है। वे पार्टियों और चुनावी कार्यक्रमों में 'डीजे अल्बो' के नाम से गाने भी बजाते हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीवी पर भी वे अक्सर अपने प्यारे कुत्ते 'टोतो' के साथ दिखाई दिए थे । 1996 में अपने 33वें जन्मदिन पर अल्बनीज पहली बार संसद के लिए चुने गए। तब से वे लगातार सांसद हैं और ऑस्ट्रेलिया के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले सांसदों में से एक हैं। उन्होंने लगभग 30 साल तक सिडनी की सीट का प्रतिनिधित्व किया है।

2007 में जब लेबर पार्टी सत्ता में आई तो अल्बनीज बड़े मंत्री बने और पार्टी के नेताओं को बदलने में उनकी अहम भूमिका रही। उन्होंने केविन रड को हटाकर जूलिया गिलार्ड को प्रधानमंत्री बनवाया और फिर वापस केविन रड को लाए। केविन रड के दूसरे छोटे कार्यकाल में वे उप-प्रधानमंत्री भी रहे। 2013 में उन्होंने विपक्ष के नेता के लिए चुनाव लड़ा।

2019 में जब लेबर पार्टी अप्रत्याशित रूप से चुनाव हार गई तो उन्होंने निराश पार्टी का नेतृत्व किया। लेकिन अल्बनीज ने हार नहीं मानी और अपना काम जारी रखा। आखिरकार 2022 में उन्होंने देश का सबसे बड़ा पद जीत लिया और लिबरल-नेशनल गठबंधन के दस साल के शासन को खत्म कर दिया।

अल्बनीज जल्दी ही शादी भी करने जा रहे हैं। उनकी मंगेतर का नाम जोडी हेडन है। वह प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए शादी करने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री होंगे। उन्होंने पिछले साल ही शादी करने का इरादा जाहिर किया था। बाद में उन्होंने शादी को टालने का ऐलान कर दिया। अल्बनीज ने कुछ समय पहले कहा था कि वे चुनाव के बाद और साल खत्म होने से पहले (2025 में ही) शादी करेंगे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज को ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका फिर से चुना जाना ऑस्ट्रेलियाई जनता का उनके नेतृत्व पर 'स्थायी विश्वास' को दर्शाता है। अल्बनीज ने उच्च-स्तरीय राष्ट्रीय चुनाव के बाद अपनी जीत का ऐलान किया है, जिसके तुरंत बाद प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें बधाई दी।

प्रधानमंत्री मोदी ने अल्बानीज को टैग करते हुए अपने एक्स पोस्ट में कहा, 'आपकी शानदार जीत और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री के रूप में पुनर्निर्वाचन के लिए बधाई एंथनी अल्बानीज यह जीत आपके नेतृत्व पर ऑस्ट्रेलियाई जनता के स्थायी विश्वास को दर्शाती है।' प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों इंडो-पैसिफिक लोकतंत्रों के बीच बढ़ती साझेदारी पर भी जोर दिया और अल्बनीज सरकार के साथ क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। उन्होंने कहा, 'मैं भारत-ऑस्ट्रेलिया रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने और इंडो-पैसिफिक में शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए साझा रणनीतियों को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने की उम्मीद करता हूं।' मार्च 2023 में अल्बनीज ने भारत का दौरा किया था, जहां उन्होंने और प्रधानमंत्री मोदी ने रणनीतिक साझेदारी के तहत सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई थी। ऑस्ट्रेलिया में बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी रहते हैं, और दोनों नेताओं ने नियमित रूप से लोगों के बीच संबंधों को द्विपक्षीय संबंधों की प्रमुख धुरी के रूप में उजागर किया है। ऑस्ट्रेलिया की राजनीति में 21 सालों में पहली बार है जब सिटिंग प्रधानमंत्री को लगातार दोबारा में सत्ता में आने का मौका मिला है। ऑस्ट्रेलिया की विदेश नीति में निरंतरता के लिए एक जनादेश के रूप में देखा जा रहा है, खासकर इंडो-पैसिफिक के लिए इस जीत को भारत बेहतर मान रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी व ऑस्ट्रेलिया की नजदीकी के कारण ऑस्ट्रेलिया भारतीय छात्रों का सबसे पसंदीदा स्टडी डेस्टिनेशन बन गया है । एक नई रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया अब भारतीय छात्रों के लिए सबसे पसंदीदा अंतरराष्ट्रीय स्टडी डेस्टिनेशन बन गया है। अंतरराष्ट्रीय शिक्षा प्रदाता द्वारा मार्च 2025 में कराए गए Emerging Futures Seven – Voice of the International Student सर्वे के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया ने अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया है। ऑस्ट्रेलिया की इस बढ़त का श्रेय उसकी मजबूत वैश्विक रैंकिंग और भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग एवं व्यापार समझौते को दिया गया है, जिसने पोस्ट-स्टडी वर्क राइट्स को और आकर्षक बना दिया है। QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स 2025 में ऑस्ट्रेलिया की 15 यूनिवर्सिटीज टॉप 200 में शामिल हैं।

सर्वे में शामिल लगभग 6,000 वैश्विक छात्रों में से 1,400 भारतीय छात्र थे। इनमें से 28 प्रतिशत भारतीय छात्रों ने ऑस्ट्रेलिया को अपनी पहली पसंद बताया, जबकि अमेरिका 22 प्रतिशत के साथ दूसरे और यूके 21 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहा। कनाडा की लोकप्रियता में भारी गिरावट आई है, जो पिछले वर्ष के 19 प्रतिशत से घटकर अब मात्र 13 प्रतिशत रह गई है। हालांकि अमेरिका अभी भी उच्च शिक्षा की गुणवत्ता, करियर अवसरों और वीजा नीतियों के चलते मजबूत विकल्प बना हुआ है, लेकिन भारतीय छात्र अब पढाई के खर्च और वित्तीय मदद जैसे कारकों को प्राथमिकता दे रहे हैं।

अध्यात्म

धैर्य के साथ आगे बढ़ते रहना चाहिए, क्योंकि कभी-कभी सफलता देर से मिलती है



कुछ लोगों को कड़ी मेहनत के बाद भी आशा के अनुरूप फल नहीं मिल पाते हैं और निराशा बढ़ने लगती है। ऐसी स्थिति में सकारात्मकता बनाए रखनी चाहिए और मेहनत में कमी नहीं करनी चाहिए। इस संबंध में गौतम बुद्ध से जुड़ा एक प्रसंग प्रचलित है, जिसमें सुखी जीवन और सफलता पाने के सूत्र छिपे हैं। अगर इन सूत्रों को जीवन में उतार लिया जाए तो हम कई परेशानियों से बच सकते हैं और अपने लक्ष्य तक पहुंच सकते हैं। यहां जानिए वह प्रसंग, जिसमें बताया गया है कि हम कैसे सफल हो सकते हैं...

प्रचलित प्रसंग के अनुसार एक बार अपने शिष्यों के साथ किसी गांव में उपदेश देने जा रहे थे। गांव पहुंचने से पहले रास्ते में उन लोगों को जगह-जगह बहुत सारे गड्ढे खुदे हुए दिखाई दिए।

महात्मा बुद्ध का एक शिष्य इन गड्ढों को देखकर सोचने लगा कि इनका रहस्य क्या है?

उसने अपने गुरु बुद्ध से पूछा कि तथागत कृपया मुझे इन गड्ढों का रहस्य बताएं, एक साथ इतने सारे गड्ढे किसने और क्यों खोदे हैं?

गौतम बुद्ध ने शिष्य को जवाब दिया कि किसी व्यक्ति ने पानी की तलाश में ने इतने सारे गड्ढे खोदे हैं। अगर वह धैर्यपूर्वक एक ही जगह पर गड्ढा खोदता तो उसे पानी अवश्य मिल जाता, लेकिन वह थोड़ी देर गड्ढा खोदता और पानी न मिलने पर दूसरी जगह गड्ढा खोदना शुरू कर देता। इस कारण उसे कहीं भी पानी नहीं मिला।

बुद्ध ने शिष्यों को समझाया कि अगर कोई व्यक्ति किसी काम में सफल होना चाहता है तो उसे कड़ी मेहनत करनी होती है, लेकिन कड़ी मेहनत के साथ ही स्वभाव में धैर्य होना भी जरूरी है। कभी-कभी लंबे समय तक मेहनत करने के बाद ही सफलता मिल पाती है। ऐसी स्थिति में व्यक्ति को धैर्य बनाए रखना चाहिए, वरना सफलता नहीं मिल पाती है।

बम-गोलों से नहीं, पानी से जवाब दे रही भारत सरकार

पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया। इस हमले के जवाब में भारत सरकार ने सैन्य कार्रवाई के बजाय एक अनूठी और रणनीतिक नीति अपनाई, पाकिस्तान को पानी की आपूर्ति पर नियंत्रण। भारत ने 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित करने का ऐलान किया, जिसे कई विशेषज्ञ एक 'जल युद्ध' की शुरुआत के रूप में देख रहे हैं। सिंधु जल संधि, जिसे 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व बैंक की मध्यस्थता में हस्ताक्षरित किया गया था, दोनों देशों के बीच जल बंटवारे का एक महत्वपूर्ण समझौता है। इस संधि के तहत, छह नदियों-सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास, और सतलज-के जल को बांटा गया। पूर्वी नदियां (रावी, ब्यास, सतलज) भारत के नियंत्रण में दी गईं, जबकि पश्चिमी नदियां (सिंधु, झेलम, चिनाब) मुख्य रूप से पाकिस्तान के लिए निर्धारित की गईं। यह संधि दो युद्धों (1947 और 1965) के बावजूद दोनों देशों के बीच सहयोग का प्रतीक रही।

संदीप सृजन

पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था और कृषि के लिए सिंधु नदी प्रणाली अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह देश की 90 प्रतिशत से अधिक कृषि भूमि को सिंचित करती है और इसके बिना पाकिस्तान में खाद्य सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता खतरे में पड़ सकती है। दूसरी ओर, भारत, जो इन नदियों का ऊपरी हिस्सा नियंत्रित करता है, हमेशा से इस संधि का पालन करता रहा है, भले ही दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ता रहा।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष नागरिकों की जान गई, हमला पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी संगठनों द्वारा किया गया। इस घटना के बाद भारत सरकार ने त्वरित और सख्त कदम उठाए। जहां पहले भारत ने उरी (2016) और पुलवामा (2019) हमलों के बाद सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक जैसे सैन्य कदम उठाए थे, इस बार उसने एक गैर-सैन्य, लेकिन रणनीतिक रूप से प्रभावी रास्ता चुना- पानी की आपूर्ति पर नियंत्रण। भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित करने की घोषणा की और कहा कि वह पश्चिमी नदियों (सिंधु, झेलम, चिनाब) के पानी का अधिकतम उपयोग करेगा। जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने स्पष्ट किया कि सरकार का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि पाकिस्तान को एक बूंद पानी न मिले। इसके अलावा, भारत ने अटारी बॉर्डर को बंद कर दिया, पाकिस्तानी राजनयिकों को निष्कासित किया, और भारतीय हवाई क्षेत्र में पाकिस्तानी उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया। ये कदम स्पष्ट रूप से यह संदेश देते हैं कि भारत अब आतंकवाद के खिलाफ कठोर और दीर्घकालिक नीतियां अपनाएगा।

पानी को हथियार बनाने की भारत की रणनीति का यह कदम कई मायनों में अभूतपूर्व है। परमाणु शक्ति संपन्न दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव से परमाणु युद्ध का खतरा बना रहता है। भारत ने इस जोखिम से बचने के लिए एक ऐसी रणनीति अपनाई, जो न केवल प्रभावी है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए भी स्वीकार्य हो सकती है। पानी को हथियार बनाना एक ऐसी रणनीति है, जो पाकिस्तान की आर्थिक और सामाजिक संरचना पर गहरा प्रभाव डाल सकती है। पाकिस्तान पहले से ही जल संकट से जूझ रहा है। विश्व बैंक और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों के अनुसार, पाकिस्तान दुनिया के सबसे अधिक जल-संकटग्रस्त देशों में से एक है। जनसंख्या वृद्धि, खराब जल प्रबंधन, और जलवायु परिवर्तन ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है। यदि भारत पश्चिमी नदियों के पानी को रोकता है या उसका मार्ग बदलता है, तो पाकिस्तान में कृषि, पेयजल आपूर्ति, और जलविद्युत उत्पादन पर गंभीर संकट आ सकता है। भारत की यह रणनीति कई स्तरों पर काम करती है। पानी की कमी से पाकिस्तान की कृषि-आधारित अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान होगा। यह देश की खाद्य सुरक्षा को खतरे में डालेगा और सामाजिक अशांति को बढ़ावा दे सकता है। भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह आतंकवाद को



बर्दाश्त नहीं करेगा। पानी जैसे संसाधन का उपयोग करके भारत ने पाकिस्तान को बिना सैन्य टकराव के कठोर संदेश दिया है। यह कदम भारत के पड़ोसी देशों, विशेष रूप से चीन, को भी यह संदेश देता है कि भारत अपने संसाधनों का उपयोग रणनीतिक रूप से करने में सक्षम है।

सिंधु, झेलम, और चिनाब नदियां भारत के नियंत्रण में हैं, और इनका पानी पाकिस्तान में बहता है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि पानी को पूरी तरह रोकना तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण है। भारत के पास वर्तमान में पर्याप्त बांध और जलाशय नहीं हैं जो पश्चिमी नदियों के विशाल जल प्रवाह को रोक सकें। आजतक की ओपन-सोर्स इंटेलिजेंस टीम के अनुसार, पाकिस्तान में बहने वाले पानी को रोकने के लिए भारत को भाखड़ा नांगल जैसे 22 बड़े बांधों की आवश्यकता होगी। हालांकि, भारत मौजूदा बुनियादी ढांचे का उपयोग करके पानी के प्रवाह को सीमित कर सकता है। गर्मी के मौसम में, जब पाकिस्तान में पानी की मांग सबसे अधिक होती है, भारत पानी की मात्रा को कम कर सकता है। इसके अलावा, भारत नई परियोजनाओं पर काम शुरू कर सकता है, जैसे कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में जलाशयों का निर्माण, जो लंबी अवधि में पानी के उपयोग को बढ़ाएगा।

भारत का यह कदम अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए भी एक महत्वपूर्ण संदेश है। विश्व बैंक, जो इस संधि का मध्यस्थ है, और संयुक्त राष्ट्र जैसे संगठन इस स्थिति पर नजर रख रहे हैं। पाकिस्तान ने भारत के कदम को अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन बताया है और विश्व बैंक से हस्तक्षेप की मांग की है। हालांकि, भारत का तर्क है कि पहलगाम हमले जैसे आतंकी कृत्यों के बाद वह संधि का पालन करने के लिए बाध्य नहीं है। अमेरिका, ब्रिटेन, और अन्य पश्चिमी देशों ने पहलगाम हमले की निंदा की है और भारत को आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई का समर्थन दिया है। तुलसी गबार्ड जैसे अमेरिकी नेताओं ने भारत को आतंकियों को न्याय के कटघरे में लाने में मदद का आश्वासन दिया है। इससे भारत की स्थिति कूटनीतिक रूप से मजबूत होती है।

भारत का यह कदम दोनों देशों के बीच तनाव को और बढ़ा सकता है। क्योंकि पानी की कमी से पाकिस्तान की पहले से ही कमजोर अर्थव्यवस्था और खराब हो सकती है। इससे सामाजिक अशांति और राजनीतिक अस्थिरता बढ़ सकती है। हालांकि दोनों देश परमाणु युद्ध से बचना चाहते हैं, सीमा पर छोटे-मोटे संघर्ष बढ़ सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय दबाव के कारण दोनों देश बातचीत की मेज पर आ सकते हैं, लेकिन इसके लिए पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ ठोस कदम उठाने होंगे। भारत सरकार का सिंधु जल संधि को निलंबित करने का फैसला एक साहसिक और रणनीतिक कदम है, जो बम-गोलों के बजाय पानी को हथियार बनाता है। यह कदम न केवल पाकिस्तान को आर्थिक और सामाजिक दबाव में डाल सकता है, बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की स्थिति को भी मजबूत करता है। हालांकि, इस रणनीति के साथ कई चुनौतियां भी जुड़ी हैं, जैसे कि तकनीकी सीमाएं और अंतरराष्ट्रीय दबाव। भविष्य में, यह देखना दिलचस्प होगा कि भारत इस रणनीति को कैसे लागू करता है और पाकिस्तान इसका जवाब कैसे देता है। एक बात स्पष्ट है-भारत ने यह साबित कर दिया है कि वह आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में नए और प्रभावी तरीके अपनाने से नहीं हिचकिचाएगा।

आज का कार्टून



राशिफल

मेष

आज का दिन रोजगार की तलाश में लगे लोगों के लिए काफी अच्छा रहने वाला है और सिंगल लोगों की उनके साथी से मुलाकात होगी।

वृषभ

सेहत के प्रति लापरवाही करने से बचना होगा। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। अविवाहित जातकों के जीवन में उनके साथी की दस्तक हो सकती हैं।

मिथुन

आपको किसी को धन उधार देने से बचना होगा। व्यापार में आपकी योजनाएं आपको बेहतर लाभ देगी, जिससे आर्थिक स्थिति को मजबूती मिल सकती है।

कर्क

कार्यक्षेत्र में आपको अपने कामों मे अच्छी सफलता मिलेगी। शीघ्रगामी में वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहना होगा। आपके प्रभाव व प्रताप में वृद्धि होगी।

सिंह

अपनी वाणी व व्यवहार से लोगों का दिल जीतने में कामयाब रहेंगे। इनकम के सोर्स बढ़ने से खुशी होगी। विद्यार्थी नई प्रतियोगिता में शामिल हो सकते हैं।

कन्या

आज का दिन आपके लिए सुख सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती हैं।

तुला

आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहने से आप परेशान रहेंगे।

वृश्चिक

दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। वैवाहिक जीवन में भी खुशियां भरपूर रहेंगी। आप अपने बिजनेस में कुछ बदलाव करेंगे।

धनु

आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। यदि आप किसी घर, मकान आदि की खरीदारी के लिए कोई लोन अप्लाई कर रहे थे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा।

मकर

आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आत्मविश्वास मजबूत करने की आवश्यकता है। जीवन साथी को तरक्की करते देख आपका मन खुश रहेगा।

कुंभ

आज का दिन आपके लिए योजना बनाकर कामों को करने के लिए रहेगा। आपको किसी पारिवारिक समस्या को लेकर टेंशन बनी रहेगी।

मीन

आज आपको अपनी जरूरत के हिसाब से ही खर्च करना बेहतर रहेगा। आप बहस बाजी बाजी के चक्कर में अत्यधिक धन व्यय ना करें।

राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार को लेकर न्याय रथ को किया गया रवाना

10 मई को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए न्याय रथ वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषि कांत एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव करूणा निधि प्रसाद आर्या के नेतृत्व में रथ को रवाना किया गया है। यह पहल लोगों को न्यायिक प्रक्रिया और लोक अदालत के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए की जा रही है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की उपस्थिति में इस न्याय रथ वाहन को रवाना किया गया है, जो जिले भर में घूमकर लोगों को जागरूक करेगा। आगामी अदालत 10 मई को होने



वाले जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषि कांत ने ए.डी.आर. बिल्डिंग परिसर से हरि झंडी दिखा कर न्याय रथ वाहन को रवाना किया। यह न्याय रथ वाहन जिले भर में विभिन्न पंचायत के गांव गांव घूमकर लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व और लाभों के बारे में जागरूक करेगा। आगामी 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषि कांत ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य लोगों को न्यायिक प्रक्रिया के बारे में जागरूक करना और उनके मामलों का त्वरित निपटारा करना है। उन्होंने कहा कि न्याय रथ वाहन जिले भर में घूमकर लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व और लाभों के बारे में जागरूक करेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाएं और अपने मामलों का निपटारा कराएं। डीएलएसए सहायक कर्मी इंद्रसेन शर्मा, उदय कुमार, संगम कुमार, सौरभ कुमार, शशिकांत कुमार, रवि कुमार, आलोक कुमार मौजूद थे।

क्षेत्र की समस्या लेकर मंत्री से मिली जिप सदस्य

वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। वीरपुर बाजार और फजिलपुर के जल जमाव की समस्या को लेकर बुधवार को वीरपुर के जिला परिषद सदस्य शिल्पी कुमारी ने बिहार सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री अशोक कुमार चौधरी से मुलाकात कर जल निकासी हेतु महत्त्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन की आवश्यकता से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने बताया कि नाला निर्माण योजना जनहित में अत्यंत आवश्यक हैं और इनके शीघ्र कार्यान्वयन से क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलेगी। जिसकी जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि माननीय मंत्री महोदय ने तुरंत श्री तुषार सिंगला जिला पदाधिकारी, बेगूसराय से फोन पर बात कर कार्य को गति देने का आदेश दिया है। हमारी उद्देश्य आमजनों के अपेक्षाओं को पूरा करना ही हमारा संकल्प है। हमें उम्मीद ही नहीं पुरा विश्वास है कि इन योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए विभाग जल्द आवश्यक कदम उठाएगा।

एक नजर

हड़ताल होगी ऐतिहासिक : खेग्रामस

बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा (खेग्रामस) जिलाकमिटी की बैठक कार्यालय कमलेश्वरी भवन में जिलाध्यक्ष मोहम्मद इसराफिल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में खेग्रामस जिलासचिव चन्द्रदेव वर्मा, मोहम्मद कमाल, रामानंद महतो, रामबदन सदा, गजेंद्र पंडित, रामप्रवेश पासवान, अर्जुन पासवान, कलदेव पासवान, कैलाश प्रसाद शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए जिलासचिव चन्द्रदेव वर्मा और अध्यक्ष मोहम्मद इसराफिल ने कहा कि 10 केन्द्रीय ट्रेड यूनियन के आह्वान पर 20 मई को आम हड़ताल होगा। खेत मजदूर संगठनों ने ग्रामीण भारत बंद का आह्वान कर हड़ताल को आवेग प्रदान किया है। गांव से शहर और औद्योगिक जगत से दफ्तरों तक सारा कारोबार ठप रहेगा।ताकि तानाशाह मोदी सरकार के चार श्रम कोड वापस लेने को बाध्य किया जाएगा। इसकी सफलता के लिए प्रखंडों में कार्यकर्ता कन्वेंशन कर आवाम को आन्दोलन में शामिल करने का निर्णय लिए गए। बैठक में पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए शैलानियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

हथियार के साथ गिरफ्तार

नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। नावकोठी पुलिस तथा एसटीएफ ने संयुक्त छापामारी मे कई कांडों के वांछित को महेशवाडा से हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी थानाध्यक्ष मनोज प्रसाद ने बताया कि गिरफ्तार वांछित महेशवाड़ा के पिक्कू सिंह का पुत्र अंकित कुमार है। उसने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि अंकित कुमार को हथियार लहराते हुए महेशवाड़ा पावर हाउस के समीप देखा गया है। सूचना के सत्यापन हेतु वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए सूचना स्थल पर दलबल तथा एसटीएफ टीम के साथ पहुंचे। पुलिस को देखकर वह भागने लगा। पुलिस के जवान ने उसे खदेड़ कर पकड़ लिया। उसकी तलाशी लेने पर उसके कमर से लोडेड पिस्तौल बरामद किया गया। खोल कर देखने पर उसमें दो जिंदा कारतूस था। दो मोबाइल, पिस्तौल तथा गोली जब्त किया गया। आर्म्स एक्ट के तहत कांड अंकित कर न्यायालय के माध्यम से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना को सैल्यूट

बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। भारत की सेना द्वारा पाकिस्तान को दिए गए करारा जवाब एवं ऑपरेशन सिंदूर की पूर्ण सफलता पर बिक्रम के विभिन्न संगठनों ने सेनाओं को सैल्यूट किया है। बिक्रम शहीद चौक पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने तिरंगा के साथ भारत माता की जय का नारा लगाया एवं सेना के साहस को सैल्यूट किया।कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को साहसिक निर्णय बताया। मौके पर विक्रम नगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक रंजन मोंटी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सतीश कुमार, अविनाश कुमार उपाध्याय, जितेंद्र यादव, संधीर यादव, सूर्य नारायण सिंह, कमलदेव शर्मा, घनश्याम, उदय शंकर सिंह, रामा राव, योगेश तिवारी, उज्ज्वल कुमार, ललन राम, गोलू कुमार, पंकज सिंह, मिंटू ठाकुर ,राहुल कुमार, राहुल गुप्ता, बच्चू सिंह आदि मौजूद थे।

नहीं रहे प्राचार्य मोहन सिंह, शिक्षा कर्मियों ने जताई संवेदना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

समस्तीपुर। विद्यापति कालेज विद्यापति नगर के प्रभारी प्राचार्य प्रो अनुज कुमार सिंह उर्फ मोहन सिंह के आकस्मिक निधन की खबर से शिक्षा जगत स्तब्ध रह गया। इस निधन पर शोक व्यक्त करते हुए वित सम्पोषित शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी कल्याण महासंघ पटना के प्रदेश अध्यक्ष प्रो गणेश प्रसाद सिंह के हवाले से प्रदेश सचिव सह प्रवक्ता प्रो. प्रवीण कुमार झा प्रेम ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि प्रो मोहन सिंह एक कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक, योग्य प्रशासक तथा संघ के समर्पित सिपाही थे। विदित हो कि वर्षों से विद्यापति कालेज की मान्यता रद्द हैं, परन्तु प्रो मोहन सिंह कालेज के पुनः मान्यता दिलाने के लिए प्रतिबद्ध थे। काफी हद तक वे सफलता के करीब पहुंच भी गए थे। अब उनके आकस्मिक निधन से कालेज परिवार काफी निराशा में हैं। प्रो मोहन सिंह के निधन पर महासंघ के जिला संरक्षक डॉ परमानन्द लाभ, अनुमंडल संयोजक प्रो हीरा नंद झा, कोषाध्यक्ष प्रो प्रमोद कुमार चैधरी, प्रो एसके चैधरी, राम नगर कालेज के पूर्व प्राचार्य प्रो त्रिभुवन प्रसाद वर्मा, पूर्व प्राचार्य प्रो राम बाबू रजक, डॉ राजकुमार, प्रो ओम कुमार सिंह, प्रो सत्य संघ भारद्वाज, प्रो मुख्तार सिंह, प्रो अरुण झा, प्रो परमानन्द झा, प्रो अरुण सिंह, प्रो मणि कांत सिंह, प्रो रुद्रा नंद गिरि, प्रो अरविंद झा, प्रो गणेश महतो आदि ने शोक व्यक्त किया।

कांग्रेस के बिहार प्रभारी का किया गया स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बलिया। नगर पालिका क्षेत्र के राष्ट्रीय उच्च पथ 31 पर मंगलवार की देर शाम कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिहार प्रदेश प्रभारी का भव्य स्वागत किया। मंगलवार को साहेबपुर कमाल विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी राकेश सिंह के नेतृत्व मे बेगूसराय से खगड़िया की ओर जा रहे अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव सह बिहार प्रभारी शाहनवाज आलम बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के नेता तारापुर मुंगेर राजेश मिश्रा का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज आलम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम इस समय बिहार दौरा पर राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मलिका



अर्जुन खरगे और आदरणीय नेता राहुल गांधी के निर्देश पर बिहार दौरा पर हैं। हमलोग का मकसद है बिहार से नीतीश कुमार की 20 साल से चल रही सरकार को उखाड़ना है। क्योंकी इनके और भाजपा के नेतृत्व मे चल रही एनडीए सरकार बिहार मे कुछ नहीं कर पाई है। बिहार मे अपराध चरम सीमा पार कर चुकी है। दर्जनों लोगो की रोज हत्या हो रही है। वही बिहार से लाखो मजदूर का रोज पालायन हो रहा है। प्रशासनिक भ्रष्टाचार लोग को खोखला कर रही है। इसलिए बिहार विधानसभा चुनाव मे एनडीए सरकार को हटाकर महागठबंधन सरकार बनायेगे। आप सब कांग्रेस कार्यकर्त्ताओ के सहयोग से ही यह सम्भव है। इस कार्यक्रम मे पूर्व मुखिया जिला कांग्रेस महासचिव इरशाद आलम, मंडल अध्यक्ष मो नवाब, प्रेम कुमार मिश्रा, कांग्रेस नेता नवीन सिन्हा, मंजू देवी, रेखा देवी, मो अरमान, गंगा महतो, धर्मदेव चौधरी, राजेश सिंह, दीपक कुमार, नीरज चौधरी, नंदन साह, नीरज सिंह, मनोज रजक, चंद्रशेखर पासबान, ओम प्रकास पोद्दार, मो मेहराज, अमित कुमार, बिट्टू शर्मा सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

रेलवे इम्प्लाइज एसोसियेशन की बैठक में 22 मुद्दों पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

समस्तीपुर। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के मंथन सभागार में ऑल इंडिया ओबीसी रेलवे इम्प्लाइज एसोसियेशन की बैठक मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत ऑल इंडिया ओबीसी रेलवे इम्प्लाइज एसोसियेशन के मंडल अध्यक्ष के संबोधन के साथ हुई जिसमें मंडल मंत्री महेश कुमार द्वारा 22 मुद्दों पर चर्चा की गई। मंडल रेल प्रबंधक के निर्देश पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, सहायक कार्मिक अधिकारी, सीनियर डीईएन कॉर्डिनेशन, वरिष्ठ परिचालन प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर, वरिष्ठ मंडल इलेक्ट्रिक



इंजिनियर (ओपी) एवं अन्य उपस्थित अधिकारियों ने सभी समस्याओं का निराकरण किया। बैठक में ओबीसी एसोसियेशन ने कर्मचारियों के ससमय पदोन्नति, रेलवे आवास की मरम्मत, कार्यस्थल पर एवं रेलवे आवास में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, रेलवे कॉलोनी की चारदीवारी का मरम्मत व निर्माण, ओबीसी एसोसियेशन के कार्यालय का आवंटन एवं पूर्व से आवंटित कार्यालय की मरम्मत, सहरसा ज्क्ष कर्मचारियों के समयोपरि भत्ता, कर्मचारी रामचंद्र प्रसाद के प्रोन्नति, सभी रेल कर्मचारियों को सीयूजी उपलब्धता सुनिश्चित करवाना, मेडिकल चिकित्सालय में दवा वितरण काउंटर का सुगम और पारदर्शी बनाना,सभी कर्मचारियों के लोकल परचेज का समान रूप से व्यवस्था, सहरसा में नियमित रूप से डॉक्टर की उपलब्धता, दरभंगा एवं जयनगर समाधि डिपो में कर्मचारियों के लिए लंच रूम की व्यवस्था, रेल आवास आवंटन समिति एवं कॉलोनी केयर कमिटी का निर्माण और पुनर्संरचना व अन्य मुद्दों पर गहनता से विचार विमर्श किया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने सभी समस्याओं के यथा समय निराकरण किए जाने का आश्वाशन दिया। मौके पर मंडल मंत्री महेश कुमार, मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष विनय कुमार के अलावा अन्य पदाधिकारी अजय राय, विजय चैरसिया, शिवशंकर यादव, अवधेश कुमार शर्मा, शशि कुमार, विभूति कुमार, बिनोद यादव, वेद प्रकाश, अंगद कुमार, पुष्पक कुमार, मनीष कुमार यादव, इंद्रजीत कुमार, कबींद्र कुमार, जावेद आलम उपस्थित थे।

आपरेशन सिंदूर से मिथिलांचल की धरती से प्रधानमंत्री मोदी की घोषणा हुई पूरी : नीलम सहनी

भाजपा ने मनाया जश्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

समस्तीपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व व भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम से पिछले दिनों पहलगाम में पाकिस्तान पोषित आतंकी द्वारा 26 निर्दोष लोगों की हत्या का बदला लेते हुए 9 आतंकी ठिकानों को सफलता पूर्वक ध्वस्त कर दिया गया। आपरेशन सिंदूर के तहत करीब 25 मिनट तक चले जल, थल और हवाई सेना के संयुक्त अभियान में मिसाइल स्ट्राईक द्वारा सौ से अधिक आतंकियों को जमींदोज कर दिया गया। पाकिस्तान को करारा जवाब देने के लिए भाजपा समस्तीपुर ने पीएम नरेन्द्र



मोदी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए आभार व्यक्त किया। साथ ही भारतीय सेना के शौर्य पर गर्व व्यक्त करते हुए उन्हें इसके लिए बधाई दिया। इस क्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं व नेताओं ने समस्तीपुर पटेल मैदान गोलंबर के निकट रंग गुलाल एवं आतिशबाजी कर जश्न मनाया। इस दौरान पूरा शहर भारत माता की जय के उद्घोष से गुंजायमान हो गया। भाजपा जिलाध्यक्ष समस्तीपुर उत्तरी नीलम सहनी और जिलाध्यक्ष दक्षिणी शशिधर झा के संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा नेता सामंत चैधरी, शशिकांत आनंद, प्रदीप शाह शिवे, मुकेश कुमार सिंह, राकेश राज, श्रीमती रूपांजली, वीरेंद्र यादव, अमित सिंह, सुशील चैबे, सहित अन्य लोग शामिल रहे।

हरियाणा ने मणिपुर को एवं आंध्र ने दिल्ली को हराया



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। खेलो इंडिया यूथ गेम के तहत बेगूसराय मे हो रहे फुटबाल मैच के तीसरे दिन सुबह में महिला के ग्रुप बी वर्ग का दो मैच खेला गया।यमुना भगत स्टेडियम, खेल गांव बरौनी, तेघड़ा में मणिपुर एवं हरियाणा के बीच मैच खेला गया। वहीं आईओसीएल बरौनी रिफाइनरी स्टेडियम में दिल्ली एवं आंध्र प्रदेश के टीमों के बीच मुकाबला हुआ। मणिपुर एवं हरियाणा के बीच हुए कांटे की टक्कर में हरियाणा ने मणिपुर को 2-1 से हराया। हरियाणा की ओर से सिमरिन ने पहले हाफ 40वें मिनट में पहला गोल किया तथा दूसरे हाफ में कप्तान पूजा ने 69वें मिनट में दूसरा गोल किया। जवाब में हरियाणा की टीम की तरफ से दूसरे हाफ के 51वें मिनट में नेमइरापम अरिना देवी ने पहला गोल किया। हरियाणा की गोलकीपर अंकुश को मैच रेफरी ने 47वें मिनट में यलो कार्ड दिया, जबकि मणिपुर के नेमइरापम अरिना देवी को 62वें मिनट में मैच रेफरी ने यलो कार्ड दिया। दूसरे मैच दिल्ली और आंध्रपदेश के बीच में भी मैच रोमांचक रहा, आंध्रपदेश की टीम ने दिल्ली को 3-1 से हराया। पहले हाफ में दोनों टीमों की तरफ से एक-एक गोल दागे गये। आंध्रप्रदेश की कप्तान मंडल अंशु ने दो गोल दागे। पहले हाफ के 42वें मिनट में पहला गोल किया तथा 82वें मिनट पर दूसरा गोल किया। इस्कला साई वर्णिता ने मैच के आखिरी समय में 90.4 मिनट पर तीसरा और अंतिम गोल किया। वहीं दिल्ली की तरफ से पहली हाफ मे नितीका नेकी ने 452 मिनट पर पहला गोल किया। हरियाणा की खिलाड़ी इरूकला साई वर्णिता को 65वें मिनट पर मैच रेफरी ने यलो कार्ड दिया। दोनों मैच रोमांच से भरा रहा। दर्शकों के साथ-साथ मैदान पर आये स्कूल के बच्चे-बच्चियां भी फुटबल मैच का खूब लूप्त उठा रहे है। बेगूसराय मे हो रहा यह आयोजन युवाओं को प्रेरित कर रहा है साथ ही खेल विधा से जोड़े रहा।

माउंट लिट्रा में आयोजित हुआ आपदा सुरक्षा मॉक ड्रिल

सुरक्षित भारत, शिक्षित भारत की दिशा में एक सशक्त पहल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल में बुधवार को विद्यार्थियों की सुरक्षा और सजगता को ध्यान में रखते हुए छात्रों के लिए एक विशेष मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह अभ्यास युद्ध जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित निर्णय और आत्म-संरक्षण की तैयारी को ध्यान में रखते हुए किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जैसे ही सायरन बजने के साथ हुई, पूरे विद्यालय परिसर में अनुशासन और सतर्कता का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। छात्रों को पहले से इसे एक सामान्य सुरक्षा अभ्यास के रूप में बताया गया था, ताकि उनके मन में किसी प्रकार की घबराहट उत्पन्न न हो। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के निर्देशों का पालन करते हुए ड्राप डाउन एंड कवर की अंतरराष्ट्रीय तकनीक को अपनाया। सभी छात्र तुरंत नीचे झुके, जमीन से सटे और अपने सिर एवं गर्दन को दोनों हाथों से ढकते हुए, बेंच के नीचे सुरक्षित मुद्रा में बैठ गए। यह तकनीक प्राकृतिक आपदाओं और आपातकालीन स्थितियों में जीवन रक्षा की सबसे प्रभावी प्रक्रियाओं में से एक मानी जाती है। इस प्रकार के अभ्यास विद्यार्थियों में आत्म-विश्वास और धैर्य का विकास करते हैं। हमारा प्रयास है कि हमारे छात्र न केवल शैक्षणिक रूप से समृद्ध हों, बल्कि हर परिस्थिति में स्वयं को और अपने आसपास के लोगों को सुरक्षित रखने में सक्षम बनें। वहीं डा. मनीष देवा ने कहा आज के युग में सजगता ही सुरक्षा है। यह मॉक ड्रिल विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव देती है और उन्हें मानसिक रूप से तैयार करती है, जिससे वे किसी भी चुनौती का साहसपूर्वक सामना कर सकें।

महिला संवाद कार्यक्रम में योजनाओं की दी गई जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। सदर प्रखंड में सागर ग्राम संगठन कर्मा भगवान के महिला संवाद में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला परियोजना प्रबंधक जीविका पवन कुमार, प्रबंधक सूक्ष्म वित्त पंचम दांगी, प्रखंड परियोजना प्रबंधक श्रुतिकांत पाठक एवं सभी महिलाओं ने भाग लिया। जिलाधिकारी द्वारा महिला संवाद के बारे बताया गया कि बिहार सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए विभिन्न विभिन्न तरह की योजना चलाई जा रही है। जिलाधिकारी द्वारा कन्या उत्थान योजना, मुख्यमंत्री महिला उधमी योजना, बालिका साईकिल योजना, छात्रवृत्ति योजना एवं आवास योजना के बारे मे विस्तार से बताया एवं इसका लाभ लेने के लिए सभी को प्रेरित किया। महिला संवाद कार्यक्रम बिहार की 'आधी आबादी' को राज्य के विकास में सहभागी बना रहा है।

गर्मी, लू, सूखा और आगजनी से बचाव के लिए करें अग्रिम तैयारी : डीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। समाहरणालय सभागार में भीष्ण गर्मी, लू, अग्निकांड, संभावित वाद, सूखे की तैयारीयों को लेकर जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा गर्मी के मौसम में संभावित आपदा से सुरक्षा हेतु विभागवार समीक्षा की। गर्मी के कारण जिले में हो रहे हीट वेव (लू), सुखा, पीने का पानी की कमी, लू एवं संभावित बाढ़ एवं सूखे जैसे आपदा से निपटने के लिए सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि राज्य सरकार द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया के आलोक में सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि संभावित भीषण गर्मी एवं लू के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं एवं जन-हानि



को रोका जा सके। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि जिले के सभी अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में ओआरएस घोल, दवाइयां, मरीज के लिए बेड, डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ती, कुलर आदि का समुचित व्यवस्था किया जाए। जिला पदाधिकारी के द्वारा यह भी बताया गया कि किसी भी परिस्थिति लू से ग्रसित मरीजों के इलाज में कोताही नहीं बरती जाए। जिलाधिकारी के द्वारा सभी नगर परिषद एवं नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी से संबंधित वार्डो में पेयजल की समस्या की तैयारी किस प्रकार कर रहे हैं इसकी बिंदुवार जानकारी ली एवं वार्डो में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था टैंकर, वाटर एटीएम एवं पेआउ के माध्यम से माध्यम से करने का निर्देश दिए। कार्यपालक अभियंता पीएचईडी से चापाकल की मरम्मत की स्थिति, नल जल की मरम्मत की स्थिति, नए चापाकल अधिष्ठापन की स्थिति एवं कितना जगह चापाकल फ़ेल हुआ है उसकी स्थिति का जायजा लिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी खराब चापाकल को यथाशीघ्र मरम्मत करना सुनिश्चित करें। इसकी अतिरिक्त निर्देश दिया गया कि जिन वार्डों में नल जल फंक्शनल नहीं है उसे यथाशीघ्र मरम्मति करायें। पशु एवं मत्स्य पदाधिकारी को पशुओं की दवा की पर्याप्त उपलब्धता एवं पशुओं के लिए पानी पीने की समुचित व्यवस्थाके बारे में पूछे एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गये। इसके अतिरिक्त जिला पदाधिकारी द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि पर किसी घर में आग लगी की घटना होती है तो उसे अविलंब मुआवजा भुगतान करें अगर किसी घर में सारा सामान जल गया हो तो उन परिवारों के लिए खाना-पीना का भी व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। इस भीषण गर्मी में के कारण सुखाड़, पीने का पानी की समस्या, लू जैसे आपदा से निपटने के लिए अन्य विभाग के संबंधित पदाधिकारियों को भी आवश्यक निर्देश दिए गए। उक्त बैठक में अपर समाहर्ता आपदा श्री उपेंद्र पंडित, बंदोबस्त पदाधिकारी शैलेश कुमार सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार सिंह, सहायक आपदा प्रभारी अंतरा कुमारी, निदेशक डीआरडीए अनुपम कुमार, डीपीओ आईसीडीएस विनीता कुमारी, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी एवं विद्युत, एवं वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी एवं जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

उपयोगिता के आधार पर तय होंगी योजनाएं, छोटी योजनाओं को भी मिले प्राथमिकता : केदार प्रसाद गुप्ता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

आरा। बिहार सरकार के पंचायतीराज मंत्री एवं भोजपुर जिले के प्रभारी मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना की संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसमें मंत्री के साथ विधान परिषद सदस्य श्रीभगवान सिंह कुशवाहा, आरा विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह, तरारी विधायक विशाल प्रशांत, अगिआंव विधायक शिव प्रकाश रंजन, जिलाधिकारी तनय



सुल्तानिया, पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज, डीडीसी डॉ. अनुपमा सिंह, नगर आयुक्त समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने योजना के तहत अब तक की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना का उद्देश्य नगर निकायों के प्रमुख पथों को राष्ट्रीय राजमार्ग या पथ निर्माण विभाग की प्रमुख सड़कों से जोड़ना है, ताकि जनसामान्य को सुविधा मिल सके। इसमें पर्यटन स्थलों, शिक्षण संस्थानों और अस्पतालों से जुड़ी सड़कों को प्राथमिकता दी जा रही है।

जिलाधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए विधायकों द्वारा कुल 111 योजनाएं अनुशंसित की गई थीं। इनमें से 90 योजनाओं का प्राक्कलन तैयार हो चुका है और 85 योजनाओं को तकनीकी स्वीकृति मिल गई है। विभागीय स्तर पर प्रथम चरण में 7 योजनाओं को स्वीकृति मिली है, जबकि 9 योजनाएं प्रक्रियाधीन हैं।

मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने भोजपुर जिले में योजनाओं की गति तेज करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि सभी माननीय सदस्य वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अपनी प्राथमिकतावार योजनाएं शीघ्र उपलब्ध कराएं।

समीक्षा बैठक में संचालन समिति के सदस्यों ने अपने क्षेत्रों की समस्याएं भी साझा कीं। मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि योजनाओं के चयन में उपयोगिता को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही, नाला सफाई और शहरी गंदगी के समाधान को भी योजना में शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि छोटी योजनाओं की महत्ता भी कम नहीं है, अतः प्राथमिकता तय करते समय इनकी उपयोगिता पर भी ध्यान दिया जाए।

मां जानकी उत्सव पर भव्य कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मोतिहारी। विश्व हिन्दू परिषद् चकिया जिला के मातृशक्ति एवं दुर्गावाहिनी द्वारा सीता नवमी यानि मां जानकी प्रकट उत्सव के पावन अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन विक्रम संवत 2082 के बैशाख शुक्ल पक्ष नवमी तिथि तदनुसार 6 मई 2025 मंगलवार को कुंवआ ग्राम स्थित शनि मंदिर के प्रांगण में महायज्ञ स्थल पर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में अयोध्या से पधारे कथा वाचक श्रीमान धर्मेन्द्र शास्त्री एवं धर्म समाज महाविद्यालय मुजफ्फरपुर के वेद विभागाध्यक्ष डॉ. शशि रंजन पांडेय एवं चकिया शिशु मंदिर विद्यालय के पालक मनोज तुलसयान, काशीनाथ त्रिपाठी, नगर सह कार्यवाह शंभू तुलसयान, मुख्य शिक्षक नवीन बजाज, विश्व हिन्दू परिषद के उपाध्यक्ष निर्मला पांडेय, सह मंत्री अजय सिंह, विपिन कुशवाहा, रोहित पांडेय, बजरंग दल के जिला संयोजक मनीष, अभिषेक, मातृ शक्ति की उमा सिंह देवी, दुर्गा शक्ति की छोटी कुमारी के साथ-साथ विहिप चकिया जिला के पालक गण सह नगर परिषद के प्रमुख व्यवसायी राधेश्याम, लखीनद्र, अवध, लाल देव, रंजीत कुमार जी, विश्वनाथ जी, राजन, सत्यनारायण जी, रॉकी कुमार, उपेंद्र, नवल जी, लालबाबु जी, गोविंद, राजेन्द्र सिंह जी, हरिद्र सिंह जी एवं केके सिंह जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी सम्मानित अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र प्रदान करके किया गया। कार्यक्रम संचालन विहिप चकिया जिला अध्यक्ष उमेश कुमार सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मां सीता की पूजा-अर्चना और आरती के साथ-साथ भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मातृशक्ति और दुर्गा वाहिनी की माता बहनें उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य मां सीता के जीवन मूल्यों और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है।

ऑपरेशन सिन्दूर के तहत आतंकवादी संगठनों पर हमले से छाई खुशी की लहर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मोतिहारी। आपरेशन 'सिंदूर' के तहत पूर्वी चम्पारण स्वर्णकार संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा गुदरी बाजार चौक पर भारत माता की जयकारा लगाकर खुशी जाहिर किया। इस दौरान संघ ने जमकर आतिशबाजी किया और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भारतीय सैनिकों को धन्यवाद दिया।आज पहलगाम अटैक के 15वें दिन पर भारत सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहल पर ऑपरेशन सिन्दूर के तहत पाकिस्तान में घुसकर वायुसेना के वीर जवानों द्वारा पाकिस्तानी आतंकवादी संगठनों के ठिकाने को नेस्तनाबूद कर दिया है। इस पर पूर्वी चंपारण स्वर्णकार संघ के




पदाधिकारी, सदस्यों एवं वहां उपस्थित अन्य लोगों ने भारत माता की जयकार लगाकर देश का प्रधानमंत्री के साथ उनके टीम और वीर जवानों का जोशपूर्ण जयकार लगाया और पाकिस्तान मुर्दाबाद बोलकर पटाखा बजाकर इस ऑपरेशन पर हर्ष व्यक्त किया। सभी ने अपना विचार दिए कि पाकिस्तान अब तुम्हारा खैर नहीं, पीओके हमारा है।नगर उपमेयर लालबाबू प्रसाद, स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार स्वर्णकार, जिला महामंत्री सुधीर गुप्ता, सचिव राजेश कुमार, उपाध्यक्ष दीपक सर्राफ, सुमित कुमार, दशरथ कुमार, राजेश कुमार, सूरज कुमार, अविनाश कुमार, रितिक कुमार, उमेश कुमार, सुधीर कुमार, दिनेश कुमार, गुड्डू बबलू एवं अन्य बहुत सारे लोग उपस्थित होकर काफी हर्ष व्यक्त किए।

मानस कुमार पिरामल फाउंडेशन के गांधी फेलोशिप हेतु चयनित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मोतिहारी। समाजकार्य विभाग, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में अध्यनरत मानस कुमार पिरामल फाउंडेशन के गांधी फ़ेलोशिप, बैच 2025-27 में चयनित हुए है। मानस की भूमिका परिवर्तन निर्माता के रूप होगी जो 'भारत निर्माण' में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाएंगे। वह समाज कार्य विभाग सत्र 2024-25 के विद्यार्थी है। मोतिहारी जिला के फुलवरिया गाँव निवासी मानस ने अपने मेहनत और कौशल से यह सफलता हासिल की। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने मानस कुमार और समाजकार्य विभाग को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा बनेगी। सामाजिक विज्ञान



संकाय के अधिष्ठाता प्रो सुनील महावर ने मानस को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विभाग और विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने मानस के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विभाग के शिक्षकों डॉ.अनुपम कुमार वर्मा, डॉ. उपमेश तलवार, डॉध अरुण दुबे और डॉ. मुस्कान सहित शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने मानस को बधाई दी और उनके उज्जवल शुभकामनाएं दी।

होटल के कमरे से युवक का शव बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। बिहार के भागलपुर स्थित भावना इंटरनेशनल होटल में मंगलवार को एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थिति में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान पीरपैंती थाना क्षेत्र के सुंदरपुर निवासी स्व. कुमार सुंदरम के पुत्र 24 वर्षीय कुशाल ठाकुर के रूप में की गई है। युवक सोमवार को घर से निकला था और उसी दिन दोपहर करीब 3 बजे होटल में कमरा नंबर 101 बुक कराया था। इसके बाद से उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया था और वह लापता था।

परिजनों द्वारा मोबाइल लोकेशन के आधार पर खोजबीन करते हुए जब होटल पहुंचे, तो काफी प्रयास के बाद खिड़की के रास्ते कमरे में प्रवेश किया गया। भीतर कुशाल का शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला। सूचना पर सिटी डीएसपी अजय चौधरी मौके पर पहुंचे और पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल से कुछ नोट और सामान भी बरामद किए गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक जांच टीम को भी बुलाया गया है। भागलपुर एसएसपी हृदयकांत ने बताया कि युवक के शव के पास से कुछ नोट और अन्य सामग्री मिली है। मौके पर एफएसएल टीम जांच कर रही है। फिलहाल परिजनों से आवेदन नहीं मिला है, सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

परिजनों ने आत्महत्या से इनकार किया, हत्या की जताई आशंका

मृतक के भाई मोहित ठाकुर ने साफ तौर पर इसे आत्महत्या मानने से इनकार किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि चाचा गोपाल ठाकुर द्वारा जमीन विवाद को लेकर कुशाल को लंबे समय से मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। उन्होंने इस घटना में गोपाल ठाकुर और एक महिला रिश्तेदार की संलिप्तता का भी आरोप लगाया। मोहित ने बताया कि उसका भाई एमसीए की पढ़ाई कर रहा था और किसी भी तरह की मानसिक परेशानी में नहीं था।

दो महीने पहले पिता की भी हुई थी संदिग्ध मौत

इस मामले को और भी रहस्यमय बनाता है यह तथ्य कि कुशाल के पिता की भी दो महीने पूर्व संदेहास्पद परिस्थितियों में मौत हो गई थी। परिजनों ने इस घटना को उसी कड़ी का हिस्सा बताते हुए गहराई से जांच की मांग की है। होटल प्रबंधन की लापरवाही भी इस मामले में उजागर हुई है।

गोपालगंज में खूनी संघर्ष: युवक की चाकू घोंपकर हत्या, बवाल के बाद पुलिस से झड़प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गोपालगंज। बिहार के गोपालगंज जिले के भोरे थाना क्षेत्र अंतर्गत सिसई बाजार में सोमवार को दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष में एक युवक की चाकू मारकर निर्मम हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान सिसई पैठान टोला निवासी 23 वर्षीय कैफ खान, पिता कमाल खान के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि पुराने विवाद को लेकर हुए इस हमले में आरोपियों ने कैफ पर ताबड़तोड़ चाकू से वार किए, जिससे उसके शरीर पर तीन गंभीर घाव हो गए। एक चाकू उसके सीने में धंसा रह गया। घटना के तुरंत बाद परिजनों ने घायल अवस्था में उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने तीन संदिग्धों को लिया हिरासत में, अस्पताल में चल रहा इलाज

सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज



दिया। त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को हिरासत में लिया गया है, जो झड़प के दौरान घायल हो गए थे। तीनों का इलाज पुलिस अभिरक्षा में सदर अस्पताल में जारी है।

एसडीपीओ आनंद मोहन गुप्ता ने कहा, घटना बेहद दुखद है। तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मामले की गहन जांच जारी है और इलाके में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है।

हत्या के बाद भड़की भीड़, पुलिस से हुई झड़प

हत्या की खबर मिलते ही आक्रोशित ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए। गुस्साई भीड़ ने दो बाइकों में आग लगा दी और पुलिस के साथ झड़प की स्थिति उत्पन्न हो गई। हालात बिगड़ते देख तत्काल आसपास के थाना क्षेत्रों से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। स्वयं एसडीपीओ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में लिया।

इलाके में तनाव, सुरक्षा कड़ी

घटना के बाद से सिसई बाजार और आसपास के क्षेत्रों में तनाव का माहौल बना हुआ है। एहतियात के तौर पर बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। प्रशासन मामले की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए पूरी सतर्कता बरत रहा है।

हर्षोल्लास के साथ मना विश्व कवि रवीन्द्र नाथ टैगोर का जन्मदिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मोतिहारी। डॉ. श्री कृष्ण सिन्हा महिला महाविद्यालय में विश्व कवि रवींद्रनाथ टैगोर का जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफ़ेसर (डॉ) पंकज कुमार ने की। उन्होंने विश्व कवि के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक बार आइंस्टीन और गुरुदेव मिले और दोनों की भाषागत समस्या होने के कारण एक कमरे में दोनों चुपचाप मौन बैठे रहे। जब बाहर निकले तो पत्रकार ने पूछा बातें हो गई तो उन्होंने कहा हां वैश्विक समस्याओं से लेकर समसामयिक परिदृश्य सभी विषयों पर चर्चा हो गई । हिंदी साहित्य के प्रयोगवादी कवि अज्ञेय जी ने कहा है कि शब्द तो शोर है सन्नाटा है। मौन ही अभिव्यंजना की भाषा है इसी अभिव्यंजना की भाषा से उन्होंने अपने सारी बातों को एक दूसरे के सामने रख लिया और उनका समाधान भी ढूंढ लिया। मनोविज्ञान विभाग की डॉ. ज्योति कुमारी ने गुरुदेव की रचनाओं में 'एकला चलो रे' पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अगर कोई साथ न दे तो भी हमें अपनी मंजिल की तरफ अकेले ही चलना हैं तो रास्ता मिलता ही मिलना है और करवा बनता ही जाएगा। राजनीति शास्त्रविभागाध्यक्ष डॉ. दीपमाला श्रीवास्तव ने कहा कि रविंद्र नाथ टैगोर ने भारत के राष्ट्रगान जन गण मन के साथ ही साथ बांग्लादेश का राष्ट्रगान 'अमर सोनार बंगाल' दोनों जगह का राष्ट्रगान लिखा है। जो हमारे लिए गौरव की बात है। 1913 ई0 में गीतांजलि पर इन्हें नोबेल पुरस्कार मिला यह उसे समय की बात है जब हम अंग्रेजों की गुलामी झेल रहे थे। एक भारतीय के लिए यह बहुत ही सम्मान की बात है। धन्यवाद ज्ञापन अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ मनोरमा राय ने किया। उन्होंने धन्यवाद ज्ञापन में सभी शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के साथ-साथ महाविद्यालय के बच्चों को भी धन्यवाद दिया। इस बात का भी उन्होंने धन्यवाद दिया कि ऐसे प्रतापी व्यक्तित्व का जन्म हमारे देश में हुआ जिन्होंने हमारे सामने एक मिसाल खड़ी कर दी। जिस पर चलना हम सभी का काम है द्य महाविद्यालय की छात्राओं में स्नातकोतर छात्रा रिचा सिंह ने गुरुदेव की साहित्यिक और उनके संस्कृत अवदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरुदेव के व्यक्तित्व के विभिन्न आयाम थे किसी एक पर बात करते हुए दूसरे का छूट जाना स्वभाविक है। मंच संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ कुमारी रोशनी विश्वकर्मा ने किया। विश्व प्रसिद्ध रचना गीतांजलि के गीत 'वैराग्य साधना में जो मुक्ति है वह मेरी नहीं' इसी से मंच संचालन का प्रारंभ किया। उन्होंने गुरुदेव द्वारा रचित साहित्य में नाटक, कहानी, कविता इत्यादि पर प्रकाश डालने के साथ ही साथ उनके सांस्कृतिक व्यक्तित्व पर भी प्रकाश डाला उनके व्यक्तिगत जीवन को भी अपने मंच संचालन में शामिल किया। आई क्यू ए सी कोर्डिनेटर डॉ. नीतू ने इस कार्यक्रम की बधाई पूरे महाविद्यालय परिवार को दिया। महाविद्यालय की शिक्षकों में डॉ अल्फिया नूरी, डॉ. अंजली कुमारी, डॉ. मनोहर राय, डॉ. मो इरशाद आलम, इत्यादि शामिल हुए। शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में अमन कुमार, निहाल कुमार, भास्कर गुप्ता, लवली सिंह, सोनी कुमारी, प्रकाश कुमार पांडे, संगीता, सविता, नीलम देवी, विकास कुमार रजक, हरिचरण इत्यादि शामिल हुए। महाविद्यालय की छात्राओं में ऋचा सिंह, चांदनी कुमारी, नीतू सिंह, अंजली, सोनी, दीपिका, रश्मि इत्यादि शामिल थे।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बाबा गरीबनाथ में विशेष पूजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरपुर (संवाददाता)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा नौ आतंकी ठिकानों पर किए गए एयर स्ट्राइक 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर मंगलवार को उत्तर बिहार के प्रमुख धार्मिक स्थल बाबा गरीबनाथ धाम में विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में देशभक्ति और आस्था का अद्वितीय संगम देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने बाबा गरीबनाथ का दूध, दही, घी, शक्कर और पुष्पों से अभिषेक कर विशेष श्रृंगार किया। मंदिर परिसर ह्लहर हर महादेवङ्क और ह्लजय शिव बोल बमङ्क के नारों से गूंज उठा। इस आयोजन में पुजारियों, स्थानीय श्रद्धालुओं और संत समाज के लोगों ने भारत सरकार और सेना की इस कार्रवाई की प्रशंसा की।

एयर स्ट्राइक सिर्फ ट्रेलर है - संत अमरनाथ

आचार्य महामंडलेश्वर अमरनाथ ने कहा, ह्लऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि अब आतंक के खिलाफ जवाब सीधा और कठोर होगा। अगर भविष्य में देश को हमारी जरूरत पड़ी, तो संत समाज भी जवानों के साथ सीमा पर खड़ा मिलेगा। यह एयर स्ट्राइक अभी शुरुआत है–अभी बहुत कुछ बाकी है।

भारत को आँख दिखाने वालों को किया जाएगा नेस्तनाबूद

स्थानीय निवासी विकास कुमार ने कहा, पहलगाम में शहीद हुए जवानों की शहादत का जवाब आज भारत ने दिया है। यह कार्रवाई एक संदेश है कि जो भी भारत की तरफ आँख उठाएगा, उसे दुनिया के नक्शे से मिटा दिया जाएगा।

पुजारी बोले—पीएम मोदी को बाबा का आशीर्वाद

मंदिर के पुजारी अभिषेक झा ने कहा, ह्लयह भारत की निर्णायक कार्रवाई है। बाबा गरीबनाथ का आशीर्वाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ है। यदि पाकिस्तान फिर कोई दुस्साहस करता है, तो उसका जवाब और भी करारा होगा।

पूजा-अर्चना के इस आयोजन के जरिए मुज़फ्फरपुरवासियों ने एक स्वर में भारतीय सेना को सलामी दी और जवानों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। बाबा गरीबनाथ धाम में उमड़ी भीड़ इस बात का प्रतीक बनी कि अब राष्ट्र की रक्षा के लिए देशवासियों की भावनाएं और आस्था भी मोर्चे पर खड़ी है।

शराब माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मोतिहारी। जिला पुलिस कप्तान के निर्देश पर शराब माफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत डुमरिया घाट पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है, गुप्त सूचना पर डुमरिया घाट थानाध्यक्ष सुधीर कुमार थाना क्षेत्र के मलंग बाबा मन्दिर के पास से चेवोलेट कार से किंग फीसर बियर 500 एमएल का 213 पिस, ब्लैंडर प्राइड 375 एम एल का 23 पिस, 8 पीएम गोल्ड फ्रूटी 180 एम एल का 144 पिस अंग्रेजी विदेशी शराब के साथ दो शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया गया।

योग जागरुकता के लिए क्विज और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मोतिहारी। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयू) के विश्वविद्यालय खेल बोर्ड द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम 'योग अनप्लग्ड 2025' के तहत क्विज और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। यह आयोजन सोमवार को चाणक्य परिसर (जिला स्कूल) में ऊर्जा और उत्साह के साथ शुरू हुआ। कार्यक्रम का मुख्य विषय था 'अपने शरीर की सुनो और ध्यान के लिए गतिशील बनो।' 6 मई को आयोजित क्विज सत्र के साथ 100 दिनों की वेलनेस यात्रा की शुरुआत हुई, जो 21 जून 2025 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तक चलेगी। इस पहले दिन आयोजित रोचक क्विज प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के 84 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों के योग और वेलनेस ज्ञान की परीक्षा के साथ-साथ उनके भीतर योग के लाभों की गहरी समझ विकसित करना भी था। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. उपमेश कुमार और डॉ. अरविंद कुमार शर्मा द्वारा किया गया। निबंध प्रतियोगिता, जो हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में आयोजित की गई, का विषय था 'विद्यार्थियों के लिए योगः ध्यान और अनुशासन का साधन।' इसमें 50 से अधिक छात्रों ने 7 मई 2025 को भाग लिया। इस प्रतियोगिता के सह-समन्वयक डॉ. राकेश कुमार पांडेय और डॉ. सुनील दीपक घोडके रहे। दोनों प्रतियोगिताओं को मनीषा, प्रिंस, हर्षित, शिवानी, आयुष, हर्षिता, आदित्य, शुभम, अंशु और रवि सहित स्वयंसेवकों का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ। योग जागरूकता अभियान का अगला चरण पोस्टर प्रतियोगिता होगा, जो 8 मई 2025 को 'योगः जीवन की सांस' विषय पर आयोजित की जाएगी।

मोतिहारीः 'ऑपरेशन सिंदूर' के प्रति महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षकों और छात्रों ने जताया समर्थन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मोतिहारी। आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना द्वारा चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के प्रति महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षकों और छात्रों ने समर्थन जताया। उपस्थित लोगों ने कहा कि भारतीय सेना के पराक्रम और शौर्य पर हमें पूर्ण विश्वास है। भारत सरकार के निर्णय का हम पुरजोर समर्थन करते हैं। आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी जानी चाहिए। बार-बार मौका दिए जाने के बावजूद पाकिस्तान को आतंकवाद को प्रायोजित करना भारी पड़ेगा। बताते चलें कि भारत को अब सॉफ्ट स्टेट मानना किसी की भी गलती हो सकती है। भारत बदल चुका है। अपने



नागरिकों की सुरक्षा के लिए मजबूती के साथ खड़ा है। ऑपरेशन सिंदूर बहुत ही प्रतीकात्मक है। आतंकवादियों को इसका परिणाम भुगतना ही होगा। आतंकवाद का पोषण करने वाले देश पाकिस्तान को भी बड़े सबक देने की जरूरत है। भारतीय सेना इसके लिए सक्षम भी है और तत्पर भी। हम हर स्थिति में एकजुट है और भारतीय सेना पर हम सभी को गर्व है। इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं सहित बड़ी संख्या में शिक्षक भी उपस्थित रहे। डॉ आशा मीणा, डॉ गरिमा तिवारी, डॉ मनीषा रानी, डॉ बबलू पाल, डॉ गोविंद प्रसाद वर्मा, डॉ उपमेश तलवार डॉ असलम खान सहित कई शिक्षक मौके पर मौजूद रहे। इस दौरान महेश, धीरज, सलोनी, अमनदीप, ज्योति, अंजू, सूरजभान, अदिति सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं भी उपस्थित थे।

विद्यालय में नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पीपराकोठी(पूर्वी चम्पारण)। थाना क्षेत्र के हरपुर स्थित शांति निकेतन पब्लिक स्कूल में बुधवार को नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस दौरान छात्रों को आपात स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी गई। सायरन बजते ही सभी विद्यार्थियों ने ब्लैकआउट प्रक्रिया का पालन किया। उन्होंने बिजली के उपकरण बंद कर दिए और शांतिपूर्वक सुरक्षित स्थानों की ओर बढ़ गए। विद्यार्थियों को निर्देश दिया गया कि आपात स्थिति में भगदड़ नहीं मचानी चाहिए। साथ ही माचिस, टॉर्च और धूम्रपान से भी बचना चाहिए। शिक्षकों ने छात्रों को समझाया कि आपदा के समय धैर्य, अनुशासन और सूझबूझ सबसे महत्वपूर्ण होते हैं।

एग्जाम वॉरियर नामक पुस्तक का किया गया लेखन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मोतिहारी। सीकरीया बीएड कॉलेज के राधा कॉन्फ्रेन्स हॉल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नये भारत के निर्माण हेतु शिक्षा में क्रांति लाने के उद्देश्य से एग्जाम वॉरियर नामक पुस्तक का लेखन किया गया। जिसमें दिये गये मूल मंत्रो शिक्षा बनाम परीक्षा पर चर्चा हेतु सेमिनार का का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ गन्ना उद्योग मंत्री भाई कृष्णनन्दन पासवान द्वारा दीप प्रजवल्लन कर किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम मे विद्यायक सुनीलमणी तिवारी, विधायक श्यामबाबू यादव, उपमेयर डॉ. लालबाबू प्रसाद, पूर्व विधायक सचिन्द्र, वार्ड पार्षद धीरज जायसवाल, चंद्रभूषण पांडे, अनिल प्रसाद के साथ शहर के बुद्धिजीवी



एवं भारी संख्या में छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. शम्भूनाथ सीकरीया ने की तथा कार्यक्रम के आयोजक युवा भाजपा नेता सह सचिव यमुना सीकरीया ने कार्यक्रम की रूप-रेखा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा हमारे जीवन के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है और परीक्षा को हमे तनावमुक्त होकर एक उत्सव और उल्लास का पर्व मानना चाहिए। इसमें सफल और असफल होने को खुशी और गम ने नहीं जोड़ना चाहिए। पूरा जीवन हमारा परीक्षा से गुजरता है। जिसमें हमें खेल कर खिलना चाहिए। कल्पना तेज दिमाग की चाबी है, तथा प्रतिस्पर्धा की जगह में अनुस्पर्धा हमें करनी चाहिए। प्रधानमंत्री जी द्वारा उपरोक्त पुस्तक में दिये गये सफलता के मूल मंत्रो की पुस्तक एक्जाम वॉरियर को मंत्री जी और यमुना जी ने सभी छात्र-छात्राओं को पुस्तक सप्रेम भेट करते हुए कहा कि इस पुस्तक के मूल मंत्रो से आप अपने उज्जवल भविष्य की कामना के साथ-साथ नव राष्ट्र निर्माण में सहयोग प्रदान करें, और मंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा हर क्षेत्र में नये राष्ट्र की कल्पना के लिए तरह-तरह के कार्यक्रम किये जा रहे है। उसका यह एक महत्वपूर्ण अंग है, और कहा कि हमारे यमुना जी के द्वारा मोदी जी के निर्देशो का पालन धरातल पर किया जाता है। इसके लिए उन्हे दिल से धन्यवाद है। इस अवसर पर सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं समयबद्धता हो : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



भभुआ। कैमूर में बुधवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री एवं कैमूर जिला के प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने की। बैठक का आयोजन जिला समाहरणालय के मुंडेश्वरी सभागार में किया गया जिसमें जिले के सभी जनप्रतिनिधियों तथा कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के सदस्यों को आमंत्रित किया गया था। प्रभारी मंत्री के कैमूर आगमन पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया एवं जिलाधिकारी सावन कुमार द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका औपचारिक स्वागत किया गया। बैठक के दौरान जिले में संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं एवं जवाबदेही एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को इनका सीधा लाभ मिल सके। प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि सरकार का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों के सुझावों को भी गंभीरता से सुना और कहा कि स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कार्ययोजना तैयार की जाएगी। बैठक जिले के दूरगामी एवं समावेशी विकास के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर सिद्ध हुई।बैठक में जिले के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न विभागीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। कृषि विभाग के अंतर्गत कार्यरत माप-तौल शाखा की सुस्त कार्यप्रणाली पर चिंता जताई गई। समिति ने इसकी सक्रियता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। राजस्व अभिलेख की समस्या पर सर्वेक्षण एवं चकबंदी की प्रक्रियाओं में अंतरविरोध के कारण कुछ मौजों में राजस्व अभिलेख संबंधित समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इस पर जिलाधिकारी ने विभागीय मार्गदर्शन एवं यथासंभव शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। परिमार्जन में कठिनाई में परिमार्जन से संबंधित तकनीकी एवं प्रक्रियात्मक कठिनाइयों को गंभीरता से लिया गया। इस मुद्दे पर शीघ्र निराकरण का आश्वासन अधिकारियों द्वारा दिया गया। ई-रिक्शा की बढ़ती संख्या व यातायात व्यवस्था को लेकर शहर में ई-रिक्शा की अत्यधिक वृद्धि से यातायात पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका जताई गई। विशेष रूप से नाबालिगों द्वारा ई-रिक्शा संचालन पर चिंता प्रकट की गई। जिलाधिकारी द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि शहर के ट्रैफिक प्लान पर कार्ययोजना बनाकर शीघ्र प्रस्तुत करें।

जातीय जनगणना नीतीश कुमार की देन: बैरिस्टर सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



डिहरी ऑन-सोन। समाजवादियों की विचारधारा और सिद्धांतों को मानकर आगे बढ़ रही केंद्र सरकार 1990-94 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जातीय जनगणना कराने की मांग तत्कालीन केंद्र सरकार से किया था और बिहार में जातीय सर्वे करा लिया। यह सब देखते हुए आखिर एन डी ए की सरकार ने पूरे देश में जातीय जनगणना कराने को तैयार है जो कुछ भी देश हित में नागरिकों के लिए अच्छा रहेगा वैसा कार्य हमारे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया है। कांग्रेस के साथ उसके अपने बेसिक वोट नहीं रहा इस लिए पिछड़ों अति पिछड़े वर्ग दलितों को लुभाने के लिए जाति जनगणना की बात उठा रही थी। यह कहना है जदयू जिला प्रवक्ता अधिवक्ता बैरिस्टर सिंह का। इन्होंने बताया कि जब कांग्रेस की सरकार थी तब तक उसने समाजवादियों पर अत्याचार कराया। जे पी, लोहिया कर्पूरी जगदेव प्रसाद को अपमानित किया। कांग्रेस के कुशासन में जगदेव जी की हत्या तक हुई है। कांग्रेसियों को सामाजिक न्याय और उनके हक पर बात करने का कोई नैतिकता नहीं बची है। यह बात साफ हो गया है कि नीतीश कुमार मॉडल पर देश भी चलेगा। क्यूंकि नीतीश कुमार की सोच देश को बहुत आगे ले जाएगा। जातीय जनगणना हो जाने से जो भी जाति वर्ग के लोग मुख्य धारा में शामिल नहीं हो पाया है उसको मुख्य धारा में शामिल किया जाएगा और उनका विकास भी होगा। जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आरक्षण की व्यवस्था भी बढ़ाई जा सकती है। चहुंमुखी विकास होगा सबका सम्मान बना रहे जाति-पाती वर्ण व्यवस्था धर्म से इंकार नहीं कर सकते। यदि ऐसा नहीं है तो आतंकवादी धर्म पूछकर गोली नहीं मारते। इस देश में जातीय नरसंहार भी हुए हैं। इन्हें रोकने का बहुत बड़ा पहल है जातीय जनगणना। इसके निष्पक्ष तरीके से कराया जाना चाहिए ताकि हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाया जा सके। प्रधानमंत्री को बहुत बहुत बधाई शुभकामनाएं देता हूं।

रोहतास एसपी की चेतावनी साइबर ठगों से रहें सचेत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। आपके पास अगर किसी भी अनजान व्यक्ति अथवा महिला, पुलिस और सीबीआई का फोन आता है तो उसकी बगैर पुष्टि किए सत्यता का परख कर आप उसे अपने बारे में कुछ भी नहीं बताएं। हो सकता है कि वह साइबर ठग होगा। रोहतास के पुलिस कप्तान रौशन कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि साइबर ठग का मोबाइल फोन विभिन्न लोगों के पास आने की सूचना मिल रही है। अगर आपके पास बिना परिचित लोगों का मोबाइल फोन आता है तो उसे अपने बारे में बैंक अकाउंट अथवा किसी ऐसी चीजों के बारे में जानकारी नहीं दें। हो सकता है कि वह साइबर ठग हो और आप ठगी का शिकार बन जाएं। अगर वह बार-बार आपके मोबाइल पर फोन करता है, तंग करता है तो इसकी सूचना साइबर थाना अथवा रोहतास एसपी की सरकारी मोबाइल नंबर 94318 22978 पर सूचना दें जिस पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

गोलीबारी की घटना में दो गिरफ्तार, पांच हथियार व गोली बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



भभुआ। कैमूर पुलिस ने क्षेत्र के भगवानपुर थाना के बहुरी सुनरी गांव के तिमोहानी के पास दो दिन पूर्व हुई गोलीबारी की घटना में पुलिस ने दारा (कसेर) गांव में छापेमारी कर दो अपराधियों के साथ भारी मात्रा में हथियार व गोली बरामद किया है। घटना में दो लोगों को गोली लगी थी जिन्हें गम्भीर हालत में वाराणसी में इलाज चल रहा है। घायलों में भगवानपुर के मरची गांव के अंतु यादव पिता राजेन्द्र यादव को सीने में व लव पांडेय उर्फ बमबम पांडेय पिता स्व. श्रीराम पांडेय को पेट में गोली लगी थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए छापेमारी टीम का गठन किया गया था। पुलिस ने बताया कि छापेमारी पुलिस ने दारा कसेर गांव के अभय पांडेय पिता दाऊद पांडेय के घर छापेमारी किया जिसमें चार एक नाली व एक दो नाली समेत पांच बंदूक, बारह बोर के 13 जिंदा कारतूस 17 खोखा, तीन सौ पंद्रह बोर के पांच जिंदा कारतूस व एक खोखा बरामद किया है। मामले में पुलिस ने जनार्दन पांडेय उर्फ छोटन पांडेय पिता कमला पांडेय व दिलीप शंकर पांडेय पिता दुर्गा शंकर पांडेय को गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवशंकर कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मोहनियां प्रदीप कुमार, अंचल निरीक्षक भभुआ संतोष कुमार रजक, डीआईयू अवधेश कुमार, राहुल कुमार दिनकर, थानाध्यक्ष भगवानपुर प्रमोद कुमार, थानाध्यक्ष नुआंव अनीश कुमार, थानाध्यक्ष करमचट विकास कुमार व कुमार लक्की आनंद शामिल थे।

मां कामाख्या पॉलिटेक्निक कॉलेज का स्थापना दिवस सह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। मां कामाख्या पॉलिटेक्निक कॉलेज, रामडीहरा (तिलौथू) का स्थापना दिवस सह सांस्कृतिक कार्यक्रम भव्य आयोजन डिहरी ऑन-सोन रोहतास कैमूर पहाड़ी की सुरम्य तलहटी एवं मां तुतला भवानी की पावन गोद में स्थित मां कामाख्या पॉलिटेक्निक कॉलेज, रामडीहरा, तिलौथू में स्थापना दिवस सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रजनीश कुमार, विशिष्ट अतिथि राधा शांता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार सिंह, सरस्वती विद्या मंदिर के पूर्व प्रधानाचार्य जंगलेश प्रसाद चौरसिया, शिशु संस्कार केंद्र के प्रधानाचार्य उमेश शुक्ला, जीवन उत्सव पब्लिक स्कूल चंदनपुरा के डायरेक्टर मिथिलेश विश्वकर्मा, गंगा चौधरी, अमित राज, अभिजीत सिंह, तन्नू श्री, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रशांत कुमार एवं पत्रकार सत्यानंद कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर संस्थापक स्वर्गीय ई. धर्मदेव सिंह एवं मां सरस्वती के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति से सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

मंडल रेल प्रबंधक ने किया सासाराम-आरा रेलखंड का निरीक्षण

विक्रमगंज एवं पीरो स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकास कार्यों का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



डिहरी ऑन-सोन। मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने निरीक्षण यान द्वारा डीडीयू जंक्शन से चलकर मंडल के अंतर्गत सासाराम-आरा रेलखंड का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रेल अवसंरचना, परिचालन तथा विभिन्न यात्री सुविधाओं व कार्यों की स्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण क्रम में विक्रमगंज और पीरो स्टेशनों पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत जारी विकास कार्यों का जायजा लिया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने दोनों स्टेशन परिसरों में विकसित की जा रही यात्री सुविधाओं और कार्यों का सूक्ष्म अवलोकन किया। इसके अतिरिक्त गढ़ नोखा एवं गड़हनी स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं, साफ-सफाई और रखरखाव की स्थिति का निरीक्षण किया गया। साथ ही रेलखंड पर स्थित कुछ अंडरपास की स्थिति का भी जायजा लिया गया। आज का निरीक्षण संरक्षा, सुरक्षा, समय पालन एवं टिकट चेकिंग का समेकित कार्यकलाप है। निरीक्षण के दौरान सबसे पहले सासाराम स्टेशन पर यात्री सुविधाओं व प्रगति पर कार्यों की जानकारी ली गई। निरंतरता के साथ आज भी सघन टिकट चेकिंग अभियान भी जारी है। यात्रियों से अनुरोध है कि वे सदैव उचित टिकट लेकर निर्धारित श्रेणी में ही यात्रा करें और अपनी तथा सहयात्रियों की सुविधा का ध्यान रखें। निरीक्षण के समय मंडल के विभिन्न शाखा अधिकारी उपस्थित रहे।

रावण अंगद प्रसंग सही रास्ते पर चलने के लिए करता है प्रेरित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। डालमियानगर में चल रहे हनुमान चालीसा ज्ञान यज्ञ में मानस केसरी अरुण शास्त्री ने मंगलवार रात अपने कथावचन में कहा कि रावण अंगद प्रसंग हमें सही रास्ते पर चलने को प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि रावण अंगद प्रसंग में भगवान राम के दूत अंगद रावण के दरबार में जाते हैं और उसे समझाने की कोशिश करते हैं कि वह सीता को वापस कर दे, लेकिन रावण अंगद की बात नहीं मानता और उसे धमकी देता है। उन्होंने कहा कि लक्ष्मण मेघनाथ युद्ध प्रकरण लक्ष्मण मेघनाथ युद्ध प्रकरण में, लक्ष्मण और मेघनाथ के बीच एक भयंकर युद्ध होता है। मेघनाथ एक शक्तिशाली योद्धा है, लेकिन लक्ष्मण उसे हराने में सफल होते हैं। उन्होंने कहा कि संजीवनी बूटी की कथा में लक्ष्मण युद्ध में घायल हो जाते हैं और उनकी जान बचाने के लिए संजीवनी बूटी की आवश्यकता होती है। हनुमान जी संजीवनी बूटी लाने के लिए हिमालय जाते हैं और उसे लाकर लक्ष्मण की जान बचाते हैं।

जाम की समस्या से कराह रहा अकोढ़ी गोला बाजार, पुलिस प्रशासन बना मूकदर्शक

नो एंट्री के समय में चल रहे हैं भारी वाहन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



अकोढ़ी गोला (रोहतास)। अकोढ़ी गोला में भारी वाहनों के लिए नो एंट्री लगने के बावजूद भी नो एंट्री में घुस रही गाड़ियों से लग रही है जाम की समस्या। अनुमंडल पदाधिकारी डिहरी सूर्य प्रताप सिंह के द्वारा अकोढ़ी गोला में बार-बार हो रही जाम से आने-जाने वाले राहगीरों की समस्या को ध्यान में रखते हुए सुबह 07:00 बजे से रात्रि के 09:00 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर निषेध लगाया गया है, लेकिन स्थानीय पुलिस प्रशासन इसे पालन कराने में विफल साबित हो रही हैं। नो एंट्री को लेकर क्या कहते हैं अनुमंडल पदाधिकारी-अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि नो इंट्री में भारी वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जाएगी। नो इंट्री का सख्ती से पालन कराने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया है। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से जुर्माना वसूला जाएगा।
वहीं स्थानीय लोगों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाया कि इन लोगों की मिली भगत से प्रति दिन दर्जनों वाहन नो एंट्री में घुसती है तथा ओवरलोडिंग एवं एक ही चलान पर दो से तीन ट्रिप चलाते हैं वाहन आने की सूचना मिलते ही गश्ती वाहन अपना रूख मोड़ लेती है जब सूचना थानाध्यक्ष को दिया जाता है तो बोलते हैं कि ठीक है हम देखते हैं, लेकिन होता कुछ नहीं है। क्या कहा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने-अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कोटा किरण कुमार ने इस संबंध में बताया कि मामला मेरे संज्ञान में नहीं था, संबंधित पदाधिकारी को सख्त हिदायत दिया गया है। ऐसी समस्या दुबारा नहीं होना चाहिए। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

राजद कार्यकर्ताओं की प्रखंड कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रामपुर (कैमूर)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बेलाव डॉ विजय कटरा में राजद प्रखंड कार्यकारिणी का बैठक हुई जिसमें सामाजिक न्याय परिचर्चा एवं संगठनात्मक विस्तार हेतु डेलीगेट्स चुना गया जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राजनाथ सिंह एवं संचालक अशोक यादव कैमूरी किए इसमें उपस्थित प्रखंड रामपुर चुनाव प्रभारी मुकेश पटेल, सलमान खान तथा बिहार सरकार पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य बिरेंद्र कुशवाहा रहे। इसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई कि पार्टी को किस प्रकार से आगे बढ़ाया जाए जिसमें ए टू जेड की भागीदारी सुनिश्चित हो इसमें उपस्थित विद्योतमा देवी, देवमुनि सिंह, नासिर अंसारी, बृजलाल यादव, चंद्रमा यादव, राहुल कुमार, संदीप कुमार, संदीप सिंह, मिथिलेश बिंद, अनिल साहनी, गुदरी शर्मा, लालबाबू पासवान, नथुनी राम, धरमजीत पासवान, शक्ति सिंह, नंदकिशोर यादव, राजाराम पाल, सत्यवीर कुमार, अनिल कुमार, बहादुर पासवान आदि थे।

ट्रेन से गिरकर यात्री की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कुदरा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर कुदरा के एक यात्री की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। मृतक कुदरा निवासी पुरूषोत्तम तिवारी कुदरा से वाराणसी के लिए जा रहे थे। रेलवे पुलिस ने घटना की सूचना कुदरा पुलिस को दी। कुदरा पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। घटना की पुष्टि करते हुए मृतक के पुत्र चातर बाबा ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही घर में मातम पसर गया। परिजन घटनास्थल के लिए निकल गए हैं।

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियंता/ पुल/ लाइन/हाजीपुर के द्वारा निम्नलिखित कार्य के मान्यता प्राप्त अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम ठेकेदारों से एवं रेल, सिचांई, सी.पी.डब्लु.डी., एम.इ.एस. अथवा अन्य लोक उपक्रम में रजिस्टर्ड अथवा कार्यरत ठेकेदारों से ऑनलाइन ई–निनिदा आमंत्रित करते हैं ।

क्र.सं. 1. निविदा सूचना सं. : BRL-DNR-2025-02 कार्य का नाम लोकेशन के साथ : वरीय प्रशाखा अभियंता/पुल/ दानापुर के अधीन PNBE-DDU सेक्शन में BTA- KWR के बीच पुल सं. 200 'A' के गर्डर के बचे हुए ऊपरी हिस्से का मेटलाइजिंग कार्य। अनुमानित निविदा राशि : ₹2,74,90,872.56 अग्रिम धन राशि : ₹2,87,500/–, क्र.सं. 2. निविदा सूचना सं. : BRL-DNR-2025-03 कार्य का नाम लोकेशन के साथ : वरीय प्रशाखा अभियंता/ पुल / मोकामा के अधीन 3/17-3/18 किमी पर RDUM-BJU स्टेशन के बीच पुल सं 5 DB का इंस्ट्रुमेंटेशन का कार्य । अनुमानित निविदा राशि : ₹57,26,091.98 अग्रिम धन राशि : ₹1,14,500/–

▪ निविदा कागजात जमा करने एवं निविदा खुलने की तिथी एवं समय : निविदा ऑनलाइन www.ireps.gov.in पर दिनांक 05.05.2025 को प्रस्तुत की गई । निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 27.05.2025 को 13.00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन 13.00 बजे के बाद निविदा खोली जायेगी ।

▪ वेवसाईट का नाम एवं निविदा संबंधी सूचना : निविदा सूचना पात्रता मानदंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस (CRIS) के वेवसाईट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है, सूचना की पूर्ण जानकारी के लिए कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखें। यदि जरूरी हो शुद्धि पत्र वेवसाईट पर अपलोड होगा ।

कार्यपालक अभियंता/पुल/लाईन/
पूमरे/दानापुर
पीआर/0200/डीएनआर/अभिं/टी/25–26/44

उपनयन संस्कार कर बताया जाता है शिक्षा का मार्ग : आचार्य नन्दलाल शास्त्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



भभुआ। प्रखण्ड अंतर्गत कोहारी गांव में चल रहे संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन आचार्य नन्दलाल शास्त्री जी ने बताया कि तीन बालकों जिसमें दीपम मिश्रा, रौनक मिश्रा एवं सत्यम मिश्रा का उपनयन संस्कार किया गया। आपको बताते चलें कि वही उपनयन संस्कार कर रहे आचार्य नन्दलाल जी शास्त्री ने बताया कि उपनयन संस्कार जिसमें जनेऊ पहना जाता है और विद्यारम्भ होता है। मुण्डन और पवित्र जल में स्नान भी इस संस्कार के अंग होते हैं। सूत से बना पवित्र धागा जिसे यज्ञोपवीतधारी व्यक्ति बाएं कंधे के ऊपर तथा दाईं भुजा के नीचे पहनता है। वही यज्ञोपवित एक विशिष्ट सूत्र को विशेष विधि से ग्रन्थित करके बनाया जाता है। इसमें सात ग्रन्थियां लगायी जाती हैं। ब्राह्मणों के यज्ञोपवित में ब्रह्मग्रंथि होती है। तीन सूत्रों वाले इस यज्ञोपवित को गुरु दीक्षा के बाद हमेशा धारण किया जाता है। तीन सूत्र हिंदू त्रिमूर्ति ब्रह्मा, विष्णु और महेश के प्रतीक होते हैं। शास्त्री जी ने आगे बताया कि अपवित्र होने पर यज्ञोपवित बदल लिया जाता है। बिना यज्ञोपवित धारण किये अन्न जल ग्रहण नहीं किया जाता। जनेऊ का नाम सुनते ही सबसे पहले जो चीज मन में आती है, वो है धागा, दूसरी चीज है ब्राह्मण। जनेऊ का सम्बन्ध क्या सिर्फ ब्राह्मण से है, ये जनेऊ पहनते क्यों हैं, क्या इसका कोई लाभ है, जनेऊ क्या, क्यों, कैसे आज आपका परिचय इससे ही करवाते हैं। जनेऊ को उपवीत, यज्ञसूत्र, व्रतबन्ध, बलबन्ध, मोनीबन्ध और ब्रह्मसूत्र के नाम से भी जाना जाता है। हिन्दू धर्म के 24 संस्कारों (आप सभी को 16 संस्कार पता होंगे लेकिन वो प्रधान संस्कार हैं, 8 उप संस्कार हैं, जिनके विषय में आगे आपको जानकारी दूंगा) में से एक 'उपनयन संस्कार' के अंतर्गत ही जनेऊ पहनी जाती है जिसे 'यज्ञोपवित धारण करने वाले व्यक्ति को सभी नियमों का पालन करना अनिवार्य होता है। उपनयन का शाब्दिक अर्थ है 'सन्निकट ले जाना' और उपनयन संस्कार का अर्थ है- 'ब्रह्म (ईश्वर) और ज्ञान के पास ले जाना'। वही हिन्दू धर्म में प्रत्येक हिन्दू का कर्तव्य है जनेऊ पहनना और उसके नियमों का पालन करना। हर हिन्दू जनेऊ नहीं पहन सकता है। सिर्फ तीन वर्णों को ये अधिकार दिया गया। शुद्र वर्ण को जनेऊ पहनने और इस कारण शिक्षा का अधिकार नहीं दिया गया। जनेऊ धारण करने के बाद ही द्विज बालक को यज्ञ तथा स्वाध्याय करने का अधिकार प्राप्त होता है। द्विज का अर्थ होता है दूसरा जन्म।
मतलब सीधा है जनेऊ संस्कार के बाद ही शिक्षा का अधिकार मिलता था और जो शिक्षा नहीं ग्रहण करता था उसे शूद्र की श्रेणी में रखा जाता था (वर्ण व्यवस्था)।
आपको आगे बताते हुए चलें कि शास्त्री जी ने बताया कि जिस लड़की को आजीवन ब्रह्मचर्य का पालन करना हो, वह जनेऊ धारण कर सकती है। ब्रह्मचारी तीन और विवाहित छह धागों की जनेऊ पहनता है। यज्ञोपवित के छह धागों में से तीन धागे स्वयं के और तीन धागे पत्नी के बतलाए गए हैं। जनेऊ में तीन-सूत्रः त्रिमूर्ति ब्रह्मा, विष्णु और महेश के प्रतीक- देवऋण, पितृऋण और ऋषिऋण के प्रतीक- सत्व, रज और तम के प्रतीक होते हैं। साथ ही ये तीन सूत्र गायत्री मंत्र के तीन चरणों के प्रतीक है तो तीन आश्रमों के प्रतीक भी। जनेऊ के एक-एक तार में तीन-तीन तार होते हैं। अतः कुल तारों की संख्या नौ होती है। इनमें एक मुख, दो नासिका, दो आंख, दो कान, मल और मूत्र के दो द्वारा मिलाकर कुल नौ होते हैं। इनका मतलब है- हम मुख से अच्छा बोले और खाएं, आंखों से अच्छा देंखे और कानों से अच्छा सुने। जनेऊ में पांच गांठ लगाई जाती है, इसे प्रवर कहते हैं जो ब्रह्म, धर्म, अर्ध, काम और मोक्ष का प्रतीक है। ये पांच यज्ञों, पांच ज्ञानेद्रियों और पंच कर्मों के भी प्रतीक है। प्रवर की संख्या 1, 3 और 5 होती है। **जनेऊ संस्कार का महत्वः**
यह अति आवश्यक है कि हर परिवार धार्मिक संस्कारों को महत्व देवें, घर में बड़े बुजर्गों का आदर व आज्ञा का पालन हो, अभिभावक बच्चों के प्रति अपने दायित्वों का निर्वाह समय पर करते रहें। धर्मानुसार आचरण करने से सदाचार, सद्बुद्धि, नीति-मर्यादा, सही-गलत का ज्ञान प्राप्त होता है और घर में सुख शांति कायम रहती है।

समाहरणालय, औरंगाबाद

(जिला कल्याण शाखा)

नामांकन हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना

औरंगाबाद जिला अन्तर्गत अत्यन्त पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग समुदाय के बालकों के लिए संचालित जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास, ग्राम– कर्मा भगवान औरंगाबाद में स्वीकृत छात्रबल के विरूद्ध 100 सीट पर नामांकन की कार्रवाई की जा रही है, जिसमें अत्यन्त पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग के समुदाय के छात्रों को निःशुल्क आवासन की सुविधा के साथ–साथ प्रतिमाह रू0 1000/– अनुदान, प्रमिताह 15 कि0ग्रा0 खाद्यान्न, डिजिटल अध्ययन केन्द्र एवं पुस्तकालय आदि की सुविधा उपलब्ध है। उक्त छात्रावास में नामांकन हेतु आवेदन–पत्र संबंधित जिला कल्याण कार्यालययय, औरंगाबाद सूचना प्रकाशन की तिथि से अगले **पन्द्रह(15)** दिनों तक प्रत्येक कार्यदिवस में आमंत्रित की जाती है। अधिक जानकारी के लिए छात्र/अभिभावक प्रत्येक कार्यदिवस को 10:00 AM बजे से 5:00 PM बजे तक जिला कल्याण कार्यालय, औरंगाबाद में सम्पर्क कर सकते हैं।

नामांकन की शर्तें :–

1. आवेदक **अत्यन्त पिछड़ा वर्ग जाति** का छात्र हो।
2. बिहार राज्य का निवासी हो।
3. औरंगाबाद स्थित किसी भी सरकारी/मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान में प्रवेशिकोत्तर पाठ्यक्रम में नामांकित हो।
4. अहर्त्ता प्राप्त आवेदकों में उच्च प्राप्तांक वाले छात्रों को प्राथामिकता दी जायेगी।

आवेदन की प्रक्रिया :–

1. आवेदन–पत्र, विहित–प्रपत्र में हस्तलिखित/टंकित होना चाहिए।
2. आवेदन–पत्र के साथ सभी वांछित प्रमाण–पत्रादि (आवेदन–पत्र के निम्नभाग में अंकित संलग्न किया जाना आवश्यक है।

आवेदन पत्र के सभी कॉलम सही–सही भरा हुआ होना चाहिए, अपूर्ण भरे हुए आवेदन–पत्र एवं वांछित अनुलग्नक नहीं संलग्न किये गए आवेदन–पत्र रद् कर दिये जायेगें। निर्धारित समय–सीमा के बाद प्राप्त आवेदन–पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदन–पत्र में दी गई सूचना गलत पाये जाने पर गलत सूचना अंकित करने वाले छात्रों का नामांकन रद्द करने का अधिकार नामांकन समिति को होगा।

जिला पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी,औरंगाबाद

PR. No. 002677 (Welfare) 2025-26

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।

सायरन बजा तो लोग हुए सतर्क, बुझ गई घरों की लाइटें

दो मिनट तक सायरन बजने के बाद ब्लैक आउट

नवबिहार टाइम्स संवाददात



फुलवारीशरीफ। ब्लैक आउट के दौरान फुलवारीशरीफ इलाके के शहरी व ग्रामीण इलाकों में जबरदस्त उत्साह का माहौल रहा। सायरन बजने के बाद और ब्लैकआउट की अवधि के दौरान जोरदार तरीके से फुलवारी में पाकिस्तान मुर्दाबाद हिंदुस्तान जिंदाबाद भारत माता की जय के नारे गूंजने लगे। ट्रैफिक जहां की तहां रुक गयी। लोगों ने अपनी गाड़ियां बंद कर दी और घरों गलियों मोहल्ले में लाइट ऑफ कर दी गई लोगों ने ब्लैक आउट के 10 मिनट की अवधि के बाद भारत माता की जय और हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए। अनिसाबाद गोलंबर बेउर जेल मोड़ खगौल लॉक हवाई अड्डा बिपार्ड फुलवारी शरीफ के वाल्मी पुलिस कॉलोनी बीएएसएफ 5 अनीसाबाद में भारत सरकार के दिशा निर्देश के आधार पर प्रशासन ने सायरन बजाया। अचानक सायरन बजने लगा तो लोग सतर्क हो गए और 2 मिनट तक सायरन बजने के बाद ब्लैक आउट की तैयारी लोगों ने शुरू कर दी। लोगों ने अपने-अपने घरों दुकानों वाहनों यहां तक की मोबाइल की लाइट भी ऑफ कर दी। ब्लैक आउट की अवधि में लोगों ने स्वतः अपनी-अपने घरों और दुकानों की बत्तियां बुझा दी यहां तक की मोबाइल भी ऑफ कर दिया। इसे लेकर लोगों में काफी उत्साह और उमंग का माहौल रहा। घरों में काम कर रही महिलाएं भी किचन में अपना काम 10 मिनट तक के लिए बंद कर दी। बच्चों में भी काफी उत्साह रहा। बच्चे उत्सुक नजर आए कि आखिर लाइटें क्यों बुझाई जा रही है। जब लोगों ने ब्लैक आउट के दौरान भारत माता की जय, पाकिस्तान मुर्दाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने लगे तो बच्चे भी उत्साह से नारे लगाने लगे। ब्लैकआउट के तहत खोजा इमली पेठिया बाजार से शहीद भगत सिंह चौक चुनौती कुआं एम्स गोलंबर खगौल लख तक रोका गया। ट्रैफिक से थाना गोलंबर मुख्य मार्ग के दोनों तरफ आने जाने वाली गाड़ियों सारे ट्रैफिक को रोक दिया गया। उधर पुलिस कॉलोनी अनीसाबाद बेऊर मोड रामकृष्ण नगर सिपारा जगनपुरा खेमानी चक्की जीरो माइल गोपालपुर इलाही बाग परसा बाजार पुनपुन बस स्टैंड गौरीचक संपतचक बाजार बेलदारी चक हारून नगर ईसापुर नया टोला संगत पर राष्ट्रीय गंज बिरला कॉलोनी सकेत बिहार मित्र मंडल कॉलोनी भुसौला दानापुर जानीपुर और आसपास के तमाम शहरी व ग्रामीण इलाकों में अवधि में दुकान की रोशनी को 2 मिनट के लिए बंद कर दी गई। इसे लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह चौक चौराहा पर मुस्तैद नजर आई। प्रशासन के अलावा नगर परिषद के भी अधिकारी इसे लेकर सड़क पर चौकस नजर आए। फुलवारी शरीफ नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी भावेश कुमार ने बताया कि भारत सरकार के दिशा निर्देश के बाद पटना के जिलाधिकारी के आदेश पर फुलवारीशरीफ नगर परिषद के सभी 28 वार्डों में माईकिंग के जरिए वाहन से प्रचारित कर लोगों को ब्लैक आउट एवं सायरन बनने की अवधि के दौरान क्या क्या करना है इसके लिए जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि ब्लैक आउट की अवधि के दौरान सभी वार्ड में नगर परिषद के कर्मी एवं जनप्रतिनिधि वहां लोगों को आग्रह किये कि आप अपने घर की लाइट भक्ति बुझा दे। इसके लिए सभी कर्मियों को पहले से ही ट्रेंड कर दिया गया था। सभी जनप्रतिनिधियों से भी सहयोग करने की अपील की गई।

अनाथ बच्चों के बीच खुशियां बांटने पहुंचे विश्वेश्वरैया, बचपन के सपने को किया साकार

वेतन का एक हिस्सा बच्चों के बीच किया खर्च

नवबिहार टाइम्स संवाददात

फुलवारीशरीफ। सामाजिक संवेदनाओं से ओतप्रोत एक मिसाल पेश करते हुए हाजीपुर, वैशाली के प्रशिक्षण अधिकारी विश्वेश्वरैया कुमार ने बचपन के सपने को साकार करते हुए अपने वेतन का एक हिस्सा अनाथ बच्चों की सेवा में अर्पित किया। सोमवार को उन्होंने विभिन्न इलाकों में घूम-घूम कर अनाथ बच्चों के बीच कपड़े, स्कूल बेल, घड़ियां और जरूरी खाद्य सामग्री का वितरण किया। विश्वेश्वरैया कुमार ने बताया कि यह उनका बचपन से सपना था कि जब नौकरी लगेगी, तो सबसे पहले अपनी सैलरी से कुछ हिस्सा गरीबों, अनाथों और माता-पिता को समर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि आज इस कार्य को पूरा करते समय उन्हें ऐसा लगा जैसे साक्षात ईश्वर के दर्शन हो गए हो। उन्होंने समाज के अन्य लोगों से भी अपील की कि वे अपनी क्षमता के अनुसार जरूरतमंदों की मदद करें। उन्होंने कहा, जीवन का असली उद्देश्य सिर्फ खुद के लिए जीना नहीं, बल्कि दूसरों के काम आना है यही असली इंसानियत है। इस नेक कार्य में स्थानीय लोगों और संस्था के पदाधिकारियों ने भी भरपूर सहयोग किया।

देश की हिफाजत में एकजुट हुआ फुलवारीशरीफ

पहलगाम के बाद देशवासियों की भावना का जवाब मिला ऑपरेशन सिंदूर

नवबिहार टाइम्स संवाददात

फुलवारीशरीफ। भारतीय सेना द्वारा हाल ही में चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर फुलवारीशरीफ में जबरदस्त जनसमर्थन देखने को मिला। जैसे ही सुबह इस कार्रवाई की जानकारी आम लोगों को हुई, वैसे ही हर चौक-चौराहे पर चर्चा शुरू हो गई। लोगों ने इसे समय पर उठाया गया साहसिक कदम बताया और कहा कि देश की सरहद पर बुरी नजर डालने वालों को अब साफ संदेश मिल गया है। जनता का कहना है कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने जो निर्णय लिया, वह बिल्कुल सही है अगर कोई हमारे देश की तरफ आंख उठाकर देखेगा तो उसे अब अंजाम भुगतना पड़ेगा। यह सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि पूरे देश की भावना का जवाब है। स्थानीय चौराहों पर चाय की दुकानों पर लोगों की भीड़ थी और सभी एक ही बात कह रहे थे कि अब जवाब मिला है। लोग बोले कि अब हर वो देश या ताकत जो भारत की शांति में खलल डालने की कोशिश करेगा, उसे करारा जवाब दिया जाएगा। बातचीत में शामिल कुछ लोगों ने बताया कि वे कश्मीर घूमने की योजना बना रहे थे, लेकिन निर्दोष पर्यटकों पर हमले की खबर से वो दहल गए और कार्यक्रम रद्द करना पड़ा। उनका कहना था कि यह हमला कायराना था और जवाब देना जरूरी था। लोगों का मानना है कि पाकिस्तान हमेशा आतंकियों को बढ़ावा देता आया है और बार-बार घुसपैठ कर अशांति फैलाने की कोशिश करता रहा है लेकिन इस बार उसे ऐसा सबक मिला है कि अब वह इसे याद रखेगा।लोगों ने कहा कि यह कदम वक्त की जरूरत था और इसे पूरे देश का समर्थन मिलना चाहिए। लोगों ने एक स्वर में कहा कि भारत हमेशा शांति चाहता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम कमजोर हैं। हम चुप रहते हैं मगर जब सहनशीलता की सीमा पार होती है, तब जवाब देना हमारी मजबूरी बन जाता है। बातचीत में शामिल कुछ लोगों ने कहा कि आतंकवाद मानवता के खिलाफ अपराध है और उसे जड़ से मिटाना जरूरी है। दुनिया को अब समझना होगा कि भारत अब खामोश नहीं बैठेगा।अगर छेड़ा गया, तो जवाब ऐसा मिलेगा जो यादगार बन जाएगा। लोगों की भावनाओं में देशभक्ति की लहर साफ नजर आई। हर किसी का यही कहना था कि अब वक्त आ गया है जब देश के दुश्मनों को एक-एक करके सबक सिखाया जाए। ऑपरेशन सिंदूर इस दिशा में उठाया गया पहला सशक्त कदम है, और देश की जनता इसके साथ खड़ी है।जवाब जरूरी है, ताकि मुल्क की सरहद पर कोई बुरी नजर से देख ना सके।

पीपा पुल पर आठ घंटे तक लगा रहा जाम

नवबिहार टाइम्स संवाददात



दानापुर। दियारा के लाइफ लाइन कहे जाने वाले पीपा पुल के उतरी छोर के पहुंच पथ जर्जर व पुल के चादर जर्जर होने के कारण पुल पर बुधवार को जाम लगा रहा। पुल पर दोनों ओर करीब छह घंटे तक लोग जाम में फंसे रहे। दियारा के लोगों ने बताया कि पुल के उतरी छोर के पहुंच पथ जर्जर व पुल के चादर जर्जर होने के कारण सुबह आठ बजे से शाम साढे चार बजे तक पुल पर वाहनों का जाम लगा गया। जाम के कारण पुल पर पैदल चलना मुश्किल हो गया। दियारा से इलाज कराने आ रहे लोगों को जाम के कारण वापस लौटना पड़ा। लोगों ने बताया कि संवेदक द्वारा पुल के दोनों ओर पहुंच पथ का मरम्मत सही ढंग से नही किया गया है। जिससे अक्सर पुल पर जाम लग जाता है। जाम के कारण कई बाराती गाड़ी समेत आम लोगों के वाहन फंसे रहे। जिला पार्षद के प्रतिनिधि सह भाजपा नेता रंजीत यादव ने बताया कि पुल के दोनों ओर पहुंच पथ जर्जर है और पुल के कई जगहों पर लोहे की चादर का नट वोल्ट भी ढीला हो गया है। उन्होंने बताया कि विभाग के अधिकारी व संवेदक भी जर्जर पहुंच पथ का मरम्मत सही तरीके से नही किया जाता है। जिससे अक्सर पुल पर जाम लग जाता है। दियारा के लोगों ने बताया कि जाम के कारण लोगों को भारी फजीहत झेलना पड रहा है।

नामांकन अभियान को लेकर प्रधानाध्यापक व शिक्षा सेवकों की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददात

मसौढ़ी। पुनपुन प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में नामांकन के लिए जागरूक बढ़ाने के लिए शहीद रामानंद राम गोविंद सिंह उच्च विद्यालय पुनपुन में बुधवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी पुनपुन विनय कुमार मंडल की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में उच्च, मध्य एवं प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक शिक्षा सेवक, तालीम मरकज, कस्तूरबा के शिक्षिका मौजूद रहे। बैठक में नामांकन के लिए प्राप्त आवेदनों व नामांकन के लिए बनाई गई सूची की समीक्षा की गई। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार मंडल ने कहा कि कोई भी जरूरतमंद बच्ची किसी तरह छूट न जाए, इसका ध्यान रखा जाए। शिक्षा सेवक व तालीम मरकज अपने पोषक क्षेत्र के बच्चियों के अभिभावक से सम्पर्क बनाएंगे और अधिक से अधिक नामांकित होकर लाभान्वित हो सके।

डायन के आरोप में दो पक्षों में जमकर मारपीट, दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददात

मसौढ़ी। पुनपुन के मनोरा गांव में दो महिला गुटों में जमकर झड़प हुई, इसके बाद देखते ही देखते महिलाओं के साथ पुरुष भी भिड़ गए और दोनों तरफ से लाठी डंडे चलने लगे जिसमें कई लोग जख्मी हुए हैं। दरअसल बताया जाता है की पूरी लड़ाई की शुरुआत तब हुई जब एक महिला दूसरे महिला को डायन कह कर उसे आरोप लगा रही थी और तरह-तरह की गली-गलौज कर रही थी इसी बीच दोनों पक्षों की ओर से मारपीट हो गई और देखते-देख रणक्षेत्र में तब्दील हो गया जहां पर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है। दोनों पक्षों की ओर से चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, एक पक्ष की ओर से सविता देवी राधेश्याम यादव ने दो लोगों को प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं दूसरी ओर से रूबी देवी पति अनिल उपाध्याय ने दो लोगों पर केस दर्ज करवाया है। इस पूरे मामले में पुलिस अब तक दो लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि डायन कह कर मारपीट की गई थी।

मसौढ़ी में लोगों ने घरों की बत्ती बुझाकर किया मॉक ड्रिल

नवबिहार टाइम्स संवाददात

मसौढ़ी। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए आज मसौढ़ी में कई जगहो पर मॉक ड्रिल अभ्यास कराया गया, इसके बाद शाम होती ही स्वतः लोगों ने अपने-अपने घरों की बिजली को बंद कर लिया, दरअसल जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव काफी बढ़ा हुआ है। इस बीच देश भर में आज हवाई हमले की स्थिति में खुद को बचाव की तैयारी के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया है। ऐसे मे शाम 6.58 बजते ही शहरी क्षेत्रों में मोहल्ले वासियों ने स्वतः अपने-अपने घरों की बत्ती बुझा ली और 7 बजकर 10 मिनट तक पावर कट रहा। इस दौरान लोगों से भी घर-दुकानों में इन्वर्टर से भी लाइट न जलाने की अपील की गई है। सड़क पर वाहनों को रुकवाकर उनकी लाइटें बंद की गई। बता दें कि भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया। इस हमले में आतंकवादियों के 9 ठिकाने पूरी तरह से तबाह हो गए। भारत ने यह कार्रवाई जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 15 दिन बाद की ऑपरेशन सिंदूर के बाद बुधवार को शाम को सबों ने स्वत ब्लैकआउट डे मनाया सड़कों पर उतरकर भारत माता की जय ऑपरेशन सिंदूर जिंदाबाद के नारे लगे। मौके पर डॉ सुधीर, कृष्णा सिंह, राहुल चंद्रा, डॉ सुनील गावस्कर, उज्जवल कुमार, गोल्डी कुमार, आशा किरण सिंह, समेत कई लोगों ने कहा यह भारत के लिए बहुत ही खुशी का मौका है कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता मिली है कई आतंकी आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया गया है।

20 सूत्री की बैठक में योजनाओं पर चर्चा

दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। विधान पार्षद अनामिका सिंह पटेल की अध्यक्षता में बीस सूत्री की बैठक हुई। बैठक के पूर्व श्रीमती पटेल ने बीस सूत्री कार्यालय का शुभारंभ किया। बैठक में पीएम आवास योजना, नल जल योजना, स्वास्थ्य विभाग, मनरेगा संबंधित योजना, आपूर्ति विभाग, राजस्व विभाग की समस्या समेत प्रखंड से क्षेत्र में संचालित अन्य विभागों समस्या को लेकर बीस सूत्री की कमिटी के सदस्यों ने अपनी बातों को रखा। इस दौरान विधान पार्षद ने कहा कि बीस सूत्री के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्यों सामजंस्य बनाकर विकास करने को कहा।

पुनपुन में एनसीसी कैडेटों का मॉकड्रिल

सायरन बजा और जमीन पर लेट गये बच्चे

नवबिहार टाइम्स संवाददात



मसौढ़ी। पुनपुन के एसएमडी कॉलेज श्रीपालपुर में एनसीसी इकाई की तरफ से एनसीसी कैडेट को मॉक ड्रिल अभ्यास कराया गया और कश्मीर पहलगाम हमले की निंदा करते हुए एनसीसी कैडेट अपने भारतीय सेना के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का और कायराना हरकत वाले पाकिस्तान को सबक सिखाने का जज्बा दिखाया। 2014 बैच के एक्स कैडेट मोहम्मद मेराज हुसैन और एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार द्वारा कराया गया मॉक ड्रिल में 60 एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे। मॉक ड्रिल के दौरान आपातकालीन स्थिति में आग लगे और उसे कैसे अपने आप को बचाव करें इसके साथ ही किसी आपदा अवसर में जमीन पर लेट कर अपने आप को कैसे सुरक्षित करें जिसको लेकर मॉक ड्रिल अभ्यास कराया गया इसे साथी सायरन बजाने पर कैसे जमीन पर लेट कर एक सुरक्षित स्थान पर अपने आप को सेव करना है शरीर को कैसे जमीन पर और अपने सर को कैसे लपेट कर रखना है उसे तमाम स्थितियों के बारे में बचाव के गुरु बदलते हुए मॉडल अभ्यास कराया गया। इस मौके पर एसएमडी कॉलेज में एनसीसी कैडेट शामिल हुए, मॉक ड्रिल के दौरान विभिन्न तरह के आत्मरक्षार्थ और बचाव के तरीके के बारे में अभ्यास करके जानकारियां दी गई, बहरहाल पहलगाम आतंकी हमले के बाद पूरे देश भर में सरकार के द्वारा मॉकड्रिल अभ्यास कराया गया है। ऐसे में पुनपुन में भी सायरन बजाकर मॉक ड्रिल का अभ्यास करवाया गया।

ऐप पर लॉगिन में लापरवाही को लेकर 55 बीएलओ से स्पष्टीकरण

नवबिहार टाइम्स संवाददात

मसौढ़ी। बीएलओ एप पर लॉगिन नहीं करने के मामले में मसौढ़ी एसडीएम अमित कुमार पटेल ने मसौढ़ी के 55 बीएलओ पर स्पष्टीकरण जारी किया है। दरअसल बताया जाता है कि निर्वाचन आयोग की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि 189, मसौढ़ी (अ0जा0) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत कुल 55 बी0एल0ओ0 के द्वारा बी0एल0ओ0 ऐप लॉगईन तक नहीं किया जाता है। जिस पर खेद प्रकट की गई। वहीं इस संबंध में प्रासंगिक पत्र के माध्यम से पूर्व में भी कई बार सूचित किया जाता रहा है कि दैनीक रूप से बी0एल0ओ0 ऐप को लॉगिन करते हुए ससमय चेकलिस्ट का निष्पादन करे,लेकिन सभी के द्वारा वरीय पदाधिकारी के आदेश का अवहेलना करते हुए बी0एल0ओ0 ऐप को लॉगईन नहीं किया गया, जो निर्वाचन जैसे अतिमहत्वपूर्ण कार्य के प्रति घोर लापरवाही को द्योतक है। ऐसे में उक्त मामलों में 55 बीएली पर स्पष्टीकरण जारी करते हुए 24 घंटे के अंदर बी0एल0ओ0 ऐप लॉगिन करते हुए अपना स्पष्टीकरण समर्पित करेंऔर लापरवाही के विरूद्ध अनुशासनीक कार्रवाई करने हेतु चेतावनी भी दी गई।

एक नजर

ब्लैक आउट के दौरान लाइटें बुझी

दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देश के आलोक में बुधवार को शाम में 6।58 से 7।10 मिनट तक नगर में ब्लैकआउट मॉक ड्रिल के तहत नगर में बिजली बुझी रही। सेना इलाके समेत नगर में ब्लैकआउट मॉक ड्रिल में लोगों ने अपने घरों की बती बुझायी। सड़कों पर लोगों में ब्लैकआउट को लेकर उत्साह देखा जा रहा था। नगर परिषद के ईओ पंकज कुमार ने बताया कि नगर में लाउडस्पीकार से ब्लैकआउट को लेकर प्रचार प्रसार किया जा रहा था कि ब्लैक आउट के दौरान अपने घरों के बती को बुझा कर रखने की अपील की गई। सैन्य अधिकारी ने बताया कि गृह मंत्रालय के निर्देश पर सेना हाई एलर्ट पर है और हर मुकाबला के लिए सेना तैयार है।

महादलित बस्तियों में घर-घर पहुंची सरकार की सेवायात्रा अभियान

फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। डा. आंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत फुलवारी शरीफ प्रखंड में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की दिशा में सराहनीय पहल की गई है। अधिकारी स्वयं विभिन्न महादलित टोले में जाकर लाभुकों के बीच जन्म प्रमाण पत्र वितरित कर रहे हैं। प्रखंड मुख्यालय से पंचायत पहुंचकर अधिकारी ने प्रमाण पत्र वितरण की शुरुआत की। वहीं सुईथा पंचायत के महादलित मुसहरी टोला में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी रवि कुमार शर्मा ने लाभार्थियों को जन्म प्रमाण पत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि नोहसा, कोरियामा, आलमपुर, गोंणपुरा, कुरथौल, रामपुर, फरीदपुर, भूसौला, दानापुर व सुईथा पंचायत के महादलित बस्तियों में विशेष शिविर लगाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इस अभियान में विकास मित्रों की भूमिका अहम रही। कल्याण पदाधिकारी रवि कुमार शर्मा के साथ विकास मित्र विजय भूषण, बजरंग लाल, विपिन चौधरी व सीमा चौधरी भी सक्रिय रूप से शामिल रहे। सरकार की इस पहल से समाज के वंचित तबकों को मुख्यधारा में लाने की कोशिश को गति मिल रही है।

दुर्घटना में आधा दर्जन जखमी

फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। पटना के न्यू अनीसाबाद बायपास रोड में दोपहर के वक्त विपरीत दिशा से आ रही दो चार पहिया वाहन आमने सामने टकरा गए। इस भीषण हादसे में दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। एक मारुति अल्टो कार एवं एक बड़े लग्जरी वाहन के आपस में टक्कर होता देख इलाके में अफरा तफरी मच गई। दोनों वाहन अपने-अपने लेंन से डिवाइडर पार कर दूसरी लेने में चले गए। टक्कर होने के दौरान दोनों वाहनों का एयरबैग खुल गया जिससे अनहोनी नहीं हुई लेकिन दोनों वाहन में सवार आधा दर्जन लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। एक मारुति अल्टो बारात से लौट रहा था जिसमें सवार बाराती बुरी तरह जख्मी हुए। स्थानीय लोगों ने दोनों वाहनों में सवार घायलों को नजदीक के अस्पताल में एडमिट कराया। वहीं सूचना मिलने पर ट्रैफिक पुलिस बेउर थाना एवं गर्दनी बाग़ थाना पुलिस मौके पर पहुंच गए। दोनों वाहनों को ट्रैफिक थाना पुलिस ले गई।घायलों के अस्पताल में जाकर पुलिस टीम बयान लेकर आगे के कार्रवाई में जुट गए।

उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग ने शराब फैक्ट्री पकड़ी

फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। पटना का संपतचक में मित्तन चक इलाके में बड़े पैमाने पर नकली अंग्रेजी शराब का कारोबार चल रहा था। यहां नकली शराब फैक्ट्री पकड़ी गई है। उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग ने छापामारी करके यहां भारी मात्रा में अर्द्धनिर्मित शराब निर्मित शराब शराब के डब्बे रैपर बोतल मशीन पैकिंग स्टीकर आदि आपत्तिजनक सामान बरामद किया है। उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त प्रेम ने बताया कि सूचना के आलोक में पुलिस टीम द्वारा पहले मित्तन चक पहुंचकर सही जानकारी ली गई उसके बाद एक टीम बनाकर उक्त जगह पर छापेमारी की गई। मितनचक मुसहरी गोपालपुर थाना इलाके मे छापामारी करते हुए मौके से 207 बोतल नकली अंग्रेजी शराब क्यूआर स्कैन, 500 पीस अलग-अलग ब्रांड के शराब कि खाली बोतल 500 पिस शराब पैकेट मे लगने वाले ढक्कन लगभग 1000 पीस बरामद के साथ शराब मे मिलाने बाला 2 रंग डिब्बा भी बरामद किया है।

पृष्ठ 1 का शेष

आपरेशन सिंदूर...

आतंकी ड्रोन के जरिए हथियार और नशे की खेप भारत में भेज रहे थे।

महमूना जोया कैम्प : अंतरराष्ट्रीय सीमा से 12 से 18 किमी दूर यह कैम्प हिजबुल मुजाहिदीन का था। यहीं से प्रशिक्षण लेने के बाद आतंकी जम्मू और कठुआ में घुसपैठ करते हैं। पठानकोट एयरबेस पर हुए हमले की साजिश यहीं रची गई थी। यह कैम्प एक स्वास्थ्य केंद्र की आड़ में चल रहा था। जम्मू में आतंकी हमलों को अंजाम देने वाला इरफान टांडा इस कैम्प को चलाता था।

मरकज तैयबा कैम्प : अंतरराष्ट्रीय सीमा से 18 से 25 किमी दूर यह कैम्प भी लश्कर-ए-तैयबा का था। यह पाकिस्तान के अंदर मौजूद सबसे बड़े आतंकी ठिकानों में से एक था। 2008 के 26/11 मुंबई हमलों को अंजाम देने आए आतंकियों ने यहीं प्रशिक्षण लिया था। अजमल कसाब और डेविड हेडली को भी यहीं पर ट्रेनिंग दी गई थी, जिसे दौरा-ए-रिब्बत कहा जाता है। तहव्वुर राणा भी यहां पर आया था, जिसे अब अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किया जा चुका है।

मरकज सुभानअल्लाह : अंतरराष्ट्रीय सीमा से 100 किमी दूर यह कैम्प जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय था। यहां पर लोगों को भड़काकर उन्हें आतंकी बनाया जाता था। भर्ती के बाद उन्हें प्रशिक्षण दिया जाता था। आतंकी सरगना अक्सर यहां आते थे। फरवरी 2019 के पुलवामा हमले की साजिश यहीं से रची गई थी। इसी परिसर में जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर और उसके भाई असगर के घर भी थे। मसूद अजहर वही आतंकी है, जिसे 1999 के कंधार विमान अपहरण मामले के बाद यात्रियों की रिहाई के बदले छोड़ना पड़ा था। बाद में इसने जैश-ए-मोहम्मद आतंकी संगठन बनाया।

सेना के साहस और...

भी जहाज पाकिस्तान की सीमा में नहीं गया और भारत की सीमा के अन्दर से ही इन ठिकानों को निशाना बनाया गया जो आज खण्डहर में तब्दील हो गया है। श्री प्रसाद ने कहा कि खुंखार आतंकवादी मसूद अजहर के 10 संबंधी और अंतरंग सहयोगी भी मारे गए और वो रोते हुए कह रहा है कि मैं भी मर जाता तो अच्छा होता। ये 9 आंतकवादी ठिकाने वही है जहां से विगत वर्षों में भारत पर आतंकवादी हमले हुए और निर्दोष लोगों को मारा गया। भारत ने आज पूरी दुनिया में सन्देश दिया है कि वो आतंकवाद के आगे झुकेगा नहीं। अगर भारत और भारतीयों को छेड़ा जाएगा तो नरेन्द्र मोदी का भारत उन्हें छोड़ेगा नहीं। उन्होंने कहा कि सेना के इस ऑपरेशन का नाम 'ऑपरेशन सिन्दूर' देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विशेष अभिनन्दन। पहलगाम में आतंकवादियों ने बड़ी संख्या में महिलाओं और बहनों के सिन्दूर को धर्म पूछ कर उजाड़ा था तो आज उसी सिन्दूर का सम्मान करते हुए ऑपरेशन सिन्दूर के तहत आतंकवादियों का सफाया किया गया। भारत की सेना का अभिनंदन, जय हिन्द।

संक्षिप्त समाचार

विभिन्न पंचायतों में लगाया गया विकास शिविर

मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रखंड के बिभिन्न पंचायतों में डॉ अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान अंतर्गत विकास शिविर का आयोजन किया गया।शिविर अंतर्गत वंचित लोगों का निःशुल्क रासन कार्ड,स्वास्थ्य ,पेंसन बिजली मनरेगा जॉब कार्ड आवास,राजस्व आदि समस्याओं का तत्काल समाधान किया गया।प्रखंड विकास पदाधिकारी वरुण केतन ने बताया कि डॉ अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान अंतर्गत बिभिन्न पंचायतों में विकास शिविर का आयोजन किया गया है।जिसे गरीबो एवं निसहाय लोगों का बिभिन्न समस्याओं का समाधान हो सके।इधर प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी विकास कुमार द्वारा विकास मित्रों की एक बैठक की गई।जिसमें बताया गया है प्रखंड के सभी पंचायतों में शिविर लगाकर जल्द से जल्द लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाय।

आपात से निपटने के लिए अस्पताल प्रबंधन अलर्ट

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। भारत पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। इसको लेकर अनुमंडलीय अस्पताल में 6 बेड का एक अलग वार्ड बनाया गया है। उक्त वार्ड में ऑक्सीजन समेत स्वास्थ्य से जुड़ी तमाम व्यवस्था की गई है। अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ . संजीव कुमार ने बताया कि दोनों देश मे बढ़ते तनाव को देखते हुए विभागीय निर्देश के आलोक में स्वास्थ्य से जुड़ी किसी भी तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए अस्पताल प्रबंधन तैयार है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में अलग से 6 बेड का एक वार्ड बनाया गया है। हालांकि जरूरत पड़ने पर बेड की संख्या बढ़ाई जा सकती है। सभी बेड के पास ऑक्सीजन की व्यवस्था है। साथ ही पर्याप्त मात्रा में दवाईयां भी है। सभी एम्बुलेंस को तैयार रखा गया है।उपाधीक्षक ने बताया कि इसको लेकर चिकित्सको की एक टीम गठित की गई है जिसका मॉनिटरिंग वे स्वयं कर रहे है। टीम को एलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया गया है। उपाधीक्षक ने कहा कि सभी डॉक्टरों एवं चिकित्साकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। साथ ही किसी तरह की लापरवाही बरतने वाले कर्मियो सख्त हिदायत भी दी गई है। मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक जितेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे।

हड़ताल पर गए राजस्व कर्मचारी, कार्य प्रभावित

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ के आह्वान पर अपनी मांगों को लेकर बुधवार से अंचल के सभी राजस्व कर्मचारी एक बार फिर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। राजस्व कर्मचारियो के हड़ताल पर जाने से आमलोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगो के राजस्व संबंधित कई महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित है। बता दें कि संघ के आह्वान पर सभी राजस्व कर्मचारी अपनी 17 सूत्री मांगों को लेकर पिछले चार मार्च से हड़ताल पर गए थे हालांकि सत्रह मार्च को सभी राजस्व कर्मचारी अपने काम पर लौट गए थे। वही बुधवार से एक बार फिर अपनी मांगों को लेकर राजस्व कर्मचारियो ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दिया हैं। राजस्व कर्मचारियों का कहना है कि जब तक सरकार हमारी मांगों को पूरा नहीं करती है, तब तक यह हड़ताल जारी रहेगा। इधर सीओ सुधांशु शेखर ने बताया कि अपनी मांगों को लेकर पुनः एक बार फिर सभी राजस्व कर्मचारी अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश पर चले गए है। जिससे अंचल से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य व आवेदनों का निष्पादन प्रभावित है। सीओ ने बताया कि वर्तमान में दो ही राजस्व कर्मचारी अंचल में कार्यरत है जो पुराने है। दो कर्मचारी होने के चलते कई काम प्रभावित है। बता दे कि अंचल अंतर्गत कुल 15 कर्मचारी कार्यरत है। जिसमे 13 नए कर्मचारी है।

टीएचआर वितरण में गड़बड़ी की शिकायत

सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रखंड के कचनार गांव के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 163 पर टीएचआर वितरण में गड़बड़ी की शिकायत सामने आई है। वार्ड संख्या 5 के निवासी दरोगा भगत ने बुधवार को बीडीओ को आवेदन देकर बताया कि उनकी बेटी कृति कुमारी का नाम केंद्र 163 में दर्ज है। नवंबर 2024 से अप्रैल 2025 तक उनके मोबाइल पर रानी कुमारी को टीएचआर मिलने का मैसेज आता रहा। जबकि उनके घर में रानी कुमारी नाम की कोई लड़की नहीं है।वही दरोगा भगत ने बताया कि सेविका विमला देवी ने अब तक एक बार भी टीएचआर नहीं दिया है। जब उन्होंने इस बारे में सेविका से पूछा तो वह नाराज हो गई। उल्टा-सीधा बोलने लगी। सेविका ने कहा कि उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। वह हर महीने ऑफिस को पैसे देती है। इसके अलावा दरोगा भगत ने बीडीओ से इस गड़बड़ी की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

अंग्रेजी शराब के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

लहलादपुर (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जनता बाजार थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर दो शराब कारोबारियों को अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष टुनटुन कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने लहलादपुर गांव निवासी इद्रिश जान के पुत्र कमरूदिन जान उर्फ मुन्ना जान तथा कटेया गांव निवासी द्वारिका साह के पुत्र महेश साह को गिरफ्तार किया। दोनों के पास से कुल 14.4 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। बरामद शराब को जब्त करते हुए दोनों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

बिहार की तरक्की के लिए और अधिक तन्यमता के साथ करें कार्य: प्रभारी मंत्री



बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के मंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री जनक राम की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में महिला संवाद कार्यक्रम की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजनाओं की समीक्षा भी की गयी। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में संपूर्ण राज्य में तेजी के साथ विकास कार्यों को धरातल पर उतारा जा रहा है। इनके नेतृत्व में बिहार राज्य तीव्र गति से विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन अच्छे से कराएं ताकि आमजनों को ससमय लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी बिहार के तरक्की के लिए कार्य कर रहे हैं। इसे और तन्मयता के साथ करने की आवश्यकता है। महिला संवाद कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने कहा कि यह अत्यंत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। महिला सशक्तीकरण की दिशा में सरकार द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। सरकार के प्रयास के बदौलत आज महिलाएं हर क्षेत्र में अच्छा मुकाम हासिल कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं के कल्याण एवं उत्थान के लिए कई तरह की योजनाएं संचालित कर रही है। इन योजनाओं का लाभ लेकर किशोरियां तथा महिलाएं आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी महिला संवाद कार्यक्रम में भाग लें एवं महिलाओं से संवाद स्थापित करें। महिलाओं की आकांक्षाओं को जानें और उसे सरकार तक पहुंचायें। पदाधिकारियों की बातों को महिला-पुरूष बेहतर तरीके से समझते हैं और अपनी बातों को खुलकर रखते हैं।समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी, दिनेश कुमार राय ने बताया कि सरकार के निर्देश के आलोक में जिले में महिला संवाद कार्यक्रम 18 अप्रैल से प्रारंभ है। जिसे 15 जून तक शत-प्रतिशत ग्राम संगठनों में संचालित करने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि 2542 ग्राम संगठनों में महिला संवाद कार्यक्रम चलाया जाना है। अबतक 836 ग्राम संगठनों में महिला संवाद कार्यक्रम सम्पन्न हो गया है।उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्राम संगठनों में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम तथा डॉ. अम्बेडकर समग्र सेवा अभियन के तहत विशेष विकास शिविर में सभी संबंधित पदाधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर दिये गये दायितों का निवर्हन अच्छे तरीके से करें।समीक्षा के क्रम में कई जनप्रतिनिधिगणों द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किये गये। उप विकास आयुक्त ने मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजनाओं की कार्य प्रगति तथा डीपीएम जीविका ने महिला संवाद कार्यक्रम की प्रगति की विस्तृत जानकारी पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से दी। इस अवसर पर पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की मंत्री रेणु देवी, विधायक राम सिंह, भागीरथी देवी, उमाकांत सिंह, रश्मि वर्मा, विनय बिहारी, विधान पार्षद, वीरेन्द्र नारायण यादव, सौरभ कुमार, पुलिस अधीक्षक डॉ. शौर्य सुमन, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनिल कुमार सिन्हा, निदेशक, डीआरडीए, अरूण प्रकाश सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

वीटीआर पहुँचे बिहार सरकार के पर्यावरण मंत्री

पौधारोपण कर संरक्षण कार्यों का लिया जायजा



बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बिहार सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने आज वाल्मीकि टाइगर रिजर्व का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, वन्यजीव सुरक्षा और इको-पर्यटन जैसे अहम विषयों पर चर्चा की। मौके पर मंत्री ने वाल्मीकि इको पार्क में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रतीकात्मक और प्रेरणात्मक पहल की। इसके बाद उन्होंने वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के अधिकारियों के साथ बैठक कर संरक्षण कार्यों, जैव विविधता, वन्यजीवों की सुरक्षा और स्थानीय पारिस्थितिकी के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मंत्री ने इन कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इसके उपरांत उन्हें हाथी और अन्य वन्य जीवों का दीदार किया, जहां उनके साथ वाल्मीकिनगर के सांसद सुनील कुमार (जदयू) भी मौजूद रहे। डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि वाल्मीकि टाइगर रिजर्व बिहार का सबसे बड़ा इको-पर्यटन केंद्र है और यहाँ बाघों की बढ़ती संख्या राज्य के लिए एक गर्व का विषय है। उन्होंने इसे सरकार और स्थानीय प्रशासन द्वारा किए जा रहे सुनियोजित प्रयासों का सकारात्मक परिणाम बताया। मंत्री ने इस अवसर पर राज्य में हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से अधिक से अधिक पौधारोपण करने और पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने की अपील भी की।उन्होंने लोगों से हर रविवार एक घंटा ह्यप्रकृति के नामह्ण देने की अपील की, जिसमें वे अपने परिजनों के नाम से एक पौधा लगाएं और उसकी देखभाल करें। यह अभियान राज्य में हरित क्रांति को जनांदोलन बनाने की दिशा में एक रचनात्मक पहल है। इस दौरान मंत्री ने वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के पास स्थित प्रसिद्ध सोमेश्वर नाथ मंदिर का भी भ्रमण किया। उन्होंने मंदिर के धार्मिक और पर्यटन महत्व को देखते हुए अधिकारियों को इसके सौंदर्यीकरण और विकास कार्य जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह मंदिर क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने में सहायक साबित हो सकता है। यह बिहार में सतत विकास, जैव विविधता संरक्षण और जन-भागीदारी के माध्यम से पर्यावरण संतुलन बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण है।वहीं, अपने इस दौरे के दौरान स्थानीय जदयू सांसद सुनील कुमार के साथ मंत्री ने वाल्मीकि नगर में एनडीए कार्यकताओं से भी मुलाकात की। उनकी समस्याओं को सुना और उसके समाधान का भरोसा दिया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और एनडीए को मजबूत करने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए।

बिजली के पोल पर काम कर रहे लाइन मैन की मौत

मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। थाना क्षेत्र के पिपरा दुबे में बिजली विभाग के मानव बल के रुप में कार्य कर रहे व्यक्ति की बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई।वहीं बिजली मिस्त्री की पहचान ओझा मठिया वार्ड नं 13 निवासी मोहन महतो का 32 वर्षीय पुत्र अजय कुमार महतो के रुप में हुई है।

सूचना पर पहुंचे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जीएमसीएच भेज दिया है।इधर मृतक के परिजनों एवं ग्रामीणों ने मुआवजा को लेकर शिकारपुर बिजली ग्रिड के सामने रास्ता को अवरुद्ध कर घंटो बवाल काटा।परिजनों का आरोप है कि बिजली विभाग की लापरवाही के वजह से मौत हुई है।मृतक के चार छोटे छोटे बच्चे हैं।मृतक गरीब परिवार से है।जबतक जेई मुआवजा नही देता है तबतक प्रदर्शन जारी रहेगा।घंटो प्रदर्शन के बाद बिजली विभाग के जेई रतन कुमार ने पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने के आश्वासन पर प्रदर्शन कारी शांत हुए।

वही मृतक की पत्नी संगीता देवी ने बताया कि मेरे पति की कमाई पर घर परिवार का खर्चा चलता था।अब हमलोग बिल्कुल बेसहारा हो गए हैं।मुझे चार छोटे छोटे मासूम बच्चे हैं।जिसमे दो पुत्र रितिक कुमार साहील कुमार एवं दो पुत्री रंजना कुमारी एवं अंजली कुमारी है।इस सब का परवरिश कैसे होगा।कहकर फूट फूट कर रोने बिलखने लगी।रोते रोते बेहोश हो जाती थी।इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष विश्वमोहन चौधरी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है।आवेदन मिलने पर अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी।

आर्म्स एक्ट में तीन को तीन-तीन वर्ष की सजा

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। घर में घुसकर गोली मारने एवं हथियार बरामद होने के एक मामले की सुनवाई पूरी करते हुए दशम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रभाकर दत्त मिश्र ने तीन आरोपियों को दोषी पाते हुए उन्हें तीन-तीन वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक के ऊपर आठ आठ हजार रुपया अर्थदंड भी लगाया है।अर्थदंड का भुगतान नहीं करने पर उन्हें अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। सजायाफ्ता रॉकी सिंह, अमन सिंह और अंकित सिंह उर्फ छोटू सिंह जोगापट्टी थाने के मच्छरगावां के रहने वाले हैं। अपार लोक अभियोजक कन्हैया प्रसाद ने बताया कि घटना 5 दिसंबर वर्ष 2023 की है ।तीनों अभियुक्त मनोज कुशवाहा के घर में गए और उन लोगों ने मिलकर कमर से कटा निकालकर उनके छाती पर फायर कर दिया। जिससे मनोज कुशवाहा बुरी तरह जख्मी हो गया और वह गिर गया। भागने के क्रम में तीनों अभियुक्तों को ग्रामीणों ने पकड़ा और उनके पास से एक देसी कट्टा और गोली बरामद किया गया। इस संबंध में जोगापट्टी थाना में मनोज कुशवाहा के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। विचारण के दौरान न्यायाधीश ने अभियुक्त को गोली मारने के आरोप में संदेह का लाभ देते हुए दोष मुक्त कर दिया वहीं आर्म्स एक्ट के अंतर्गत आरोपों को सही पाते हुए तीनों को यह सजा सुनाई है।

महाप्रबंधक ने सीवान के की मैन राजन को सम्मानित किया मैन ऑफ द मंथ पुरस्कार से



सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। महाप्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर ने मुख्यालय गोरखपुर स्थित सभाकक्ष में 06 मई को संरक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले वाराणसी मंडल के 04 कर्मचारियों को ह्यमैन ऑफ द मंथह्ण घोषित कर नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया.इसी क्रम में वाराणसी मंडल के सीवान कचहरी स्टेशन पर की-मैन के पद पर कार्यरत राजन कुमार यादव ने 29 दिसम्बर को ट्रैक की पेट्रोलिंग के दौरान किमी. 8/14-15 पर ए.टी.वेल्ड क्रैक देखकर तुरन्त जागलिंग कर ट्रैक को सुरक्षित किया, जिसके कारण सुरक्षित रेल परिचालन होता रहा और ट्रैक की सुरक्षा एवं संरक्षा पर कोई प्रभाव नही पड़ा.छपरा जं0 पर ट्रैक मेंटेनर के पद पर कार्यरत मिथिलेश कुमार ने छपरा कचहरी से छपरा जं. स्टेशन के मध्य किमी. 325/21-23 के बीच पेट्रोलिंग के दौरान रेल फ्रैक्चर देखकर तुरन्त इसकी सूचना पर्यवेक्षक को दिया, जिसके उपरान्त ट्रैक को ठीक किया गया. परिणामस्वरूप ट्रैक पर किसी प्रकार खतरा नही हुआ. छपरा कोचिंग डिपो में तकनीशियन के पद पर कार्यरत मदन कुमार ने 27 जनवरी को रोलिंग परीक्षण के दौरान गाड़ी संख्या-15115 के एक कोच का प्राइमरी आउटर स्प्रिंग टूटा हुआ देखकर पर्यवेक्षक को सूचित किया. फलस्वरूप इस कोच को गाड़ी के रेक से अलग कर मरम्मत हेतु भेजा गया. बैतालपुर स्टेशन पर कांटावाला के पद पर कार्यरत नीलेश कुमार ने 14 फरवरी को बैतालपुर स्टेशन के समपार संख्या-135/ए सी पर कार्य के दौरान किमी. 461/37 पर लाइन संख्या-1 में रेल पटरी टूटा हुआ देखा, जिसकी सूचना इन्होंने तुरन्त स्टेशन मास्टर बैतालपुर को दिया.स्टेशन मास्टर द्वारा इंजीनियरिंग विभाग को सूचित किया गया जिससे ट्रैक को ठीक कराया गया. नीलेश कुमार की सतर्कता से एक सम्भावित दुर्घटना को बचाया जा सका. मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी विनीत कुमार श्रीवास्तव ने संरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिये उक्त कर्मचारियों की सराहना करते हुए मैन ऑफ दी मन्थ पुरस्कार प्राप्त करने पर बधाई दी है।

आपदा प्रबंधन पर मॉक ड्रिल आयोजित



सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। गोरेयाकोठी प्रखंड के प्रेमचन्द उच्च विद्यालय सरारी में बुधवार को आपदा मित्र प्रमोद कुमार साहवाल द्वारा आपदा प्रबंधन पर एक मॉक ड्रिल आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूली छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया। प्रमोद कुमार साहवाल ने ब्लैक आउट, सायरन, स्ट्रेचर बनाने, बंकर और मेडिकल किट के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि युद्ध के समय रेडियो की उपयोगिता और सुखा सेल टार्च के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही सीपीआर देने का तरीका भी सिखाया गया और छात्रों से प्रैक्टिकल कराया गया।इस अवसर पर स्कूली प्रधानाध्यापक वीरेंद्र तिवारी, विनय तिवारी, मनमोहन मिश्रा और अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं और सैकड़ों छात्र-छात्राएं मॉक ड्रिल का हिस्सा बने। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों को आपदा प्रबंधन के बारे में जागरूक करना और उन्हें आवश्यक कौशल प्रदान करना था।

छपरा में 'स्वस्थ बिटिया - सशक्त बिटिया' विषय पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

मासिक धर्म स्वच्छता, भ्रांतियों के निवारण व एचपीवी वैक्सीनेशन पर दी गई जानकारी

के. के. सिंह सेंगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

छपरा (सारण)। लायंस क्लब ऑफ छपरा के तत्वावधान में बुधवार को हेजलवुड स्कूल, चंचौरा में किशोरियों के लिए 'स्वस्थ बिटिया - सशक्त बिटिया' विषय पर एक दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य मासिक धर्म स्वच्छता, भ्रांतियों के निवारण व गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण के महत्व पर छात्राओं को जागरूक करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के चेयरमैन बालदेव सिद्धार्थ ने की। उन्होंने विषय की सामाजिक प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किशोरियों को सही जानकारी और समझ देकर हम उनके बेहतर भविष्य की नींव रख सकते हैं। मुख्य वक्ता डॉ. नताशा ने छात्राओं से संवादात्मक शैली में बातचीत करते हुए मासिक धर्म के दौरान अपनाई जाने वाली स्वच्छता आदतों, एचपीवी वैक्सीनेशन की वैज्ञानिक जानकारी तथा किशोरावस्था में मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। छात्राओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई और खुलकर अपनी जिज्ञासाएं साझा कीं। लायंस क्लब ऑफ छपरा के अध्यक्ष लायन डॉ. विकाश कुमार सिंह ने कहा कि स्वस्थ और जागरूक किशोरी ही भविष्य की सशक्त महिला बनती है। यह कार्यशाला नारी सशक्तिकरण की दिशा में हमारा एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जितेन्द्र सिंह और मीना सिंह मौजूद रहे। उन्होंने भी अपने विचार रखते हुए किशोरियों के आत्मबल और स्वास्थ्य को समाज के विकास से जोड़ने की बात कही। कार्यक्रम में लायंस क्लब के सदस्य लायन सौरभ कुमार ट्विंकल की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। उन्होंने क्लब की विभिन्न सामाजिक सेवाओं का उल्लेख करते हुए छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान पीस पोस्टर प्रतियोगिता में विजयी छात्राओं को सम्मानित किया गया और विद्यालय को क्लब की ओर से स्मृति चिह्न भेंट कर आभार व्यक्त किया गया। कार्यशाला का समापन धन्यवाद ज्ञापन व सामूहिक चित्र के साथ हुआ। यह कार्यशाला न केवल किशोरियों को स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर जागरूक करने में सफल रही, बल्कि समाज में 'स्वस्थ बिटिया - सशक्त बिटिया' के संदेश को भी प्रभावी रूप से प्रसारित करने में मील का पत्थर साबित हुई।





ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में बीजेपी ने निकाली तिरंगा यात्रा



सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बीजेपी सीवान जिला द्वारा पार्टी के पश्चिमी अध्यक्ष राहुल तिवारी के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूरह्ण के समर्थन में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया. तिरंगा यात्रा का शुभारंभ पूर्व जिला अध्यक्ष प्रोफेसर अभिमन्यु कुमार सिंह के आवास से शुरू होकर जेपी चौक तक पहुंचा.यात्रा में सैकड़ो कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लिए हुए भारत माता की जय भारतीय सेना जिंदाबाद, कश्मीर है पुकारता पुकारती मां भारती, खून से तिलक करो गोलियों से आरती के गगनचुंबी नारा लगाते हुए चल रहे थे. इस अवसर दरौंदा विधायक करणजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में भारतीय सेना पाकिस्तान को करारा जबाब दिया जा रहा है. इस बड़े अभियान में आतंकियों के अड्डे ध्वस्त किया जा रहा है.जिला अध्यक्ष राहुल तिवारी ने कहा ऑपरेशन सिंदूर हमारे वीर जवानों की बहादुरी और राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है. भाजपा इस गौरवशाली मिशन का पूर्ण समर्थन करती है और आज की तिरंगा यात्रा से हम अपने सैनिकों के साथ एकजुटता प्रदर्शित कर रहे हैं.हमारे शौर्य के प्रतीक भारतीय सेना ने आतंकवादियों के आकाओं के मुख्यालय पर जोरदार हमला करते हुए सैकड़ों आतंकवादियों मौत के घाट उतार दिया है.भारत के प्रधानमंत्री इस आपरेशन सिंदूर पर अपनी पैनी नजर रखकर दशार्ता है कि देश सुरक्षित हाथों में है.यह तिरंगा यात्रा भाजपा के राष्ट्र प्रथम के संकल्प को और मजबूत करती है.इस अवसर जिला महामंत्री राजेश श्रीवास्तव, हरेन्द्र कुशवाहा,अनुराधा गुप्ता,जिला उपाध्यक्ष सुशीला देवी,मुकेश कुमार बंटी,देवेन्द्र गुप्ता,कुन्दन सिंह,चन्द्र विजय प्रकाश हैप्पी यादव,प्रदीप कुमार रोज,प्रमिल कुमार गोप, शम्भू शरण सिंह,जिला मंत्री किरण गुप्ता,आभा कुशवाहा ,पंकज कुमार सिंह, मनोज राम,उमाशंकर सिंह,विजय चौधरी, सुभाष सिंह कुशवाहा,अजय तिवारी, जय प्रकाश गुप्ता,अमित कुमार सिंह,नगर पार्षद राजकुमार बांसफोर, नीरज पटेल,संतोष राउत,सुनिता जायसवाल, रूपल आनन्द अर्चना सिंह सौरभ कुशवाहा, आदित्य पाठक राजन साह राकेश पाण्डेय, मुकेश कसेरा,अजीत कुमार,रंजीत सिंह इत्यादि सैकड़ों लोग उपस्थित थे.

समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को अधिकारी कर रहे हैं जागरूक

शिविर के माध्यम से शिविर के माध्यम से सरकारी योजनाओं की दी जा रही जानकारी



महाराजगंज/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रखंड क्षेत्र के पोखरा गांव महादलित मोहल्ले में महाराजगंज प्रखंड प्रशासन के तरफ से जागरूकता आयोजन किया गया. कार्यक्रम आयोजन का उद्देश्य समाज में अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को सरकारी योजनाओं के लाभ के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया. महाराजगंज के बीडीओ बिंदु कुमार ने बताया कि सरकार की तरफ से अनुसूचित जाति जनजाति टोल वस्ती में विशेष अभियान चला कर उनको मिलने वाली सरकारी सहायता के बारे में जानकारी देनी है.जिसमें विकास मित्र की विशेष भूमिका होती है. अनुसूचित जाति जनजाति टोल में सरकार के विकास योजनाओं को पहुंचना और वंचित लोगों को उस योजना के लाभ लेने के बारे में जानकारी देनी है. वही वस्ती में जव कार्ड आवेदन राशनकार्ड बनाने हेतु आवेदन आयुष्मान हेल्थ स्वास्थ्य कार्ड जन-धन योजना प्रधानमंत्री मंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्जवल योजना, नाली निर्माण और सोखता निर्माण करने हेतु आवेदन भी लिया गया . वही महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को बताया गया. टीकाकरण और गर्भवती महिलाओं को मिलने वाले लाभ तथा जननी जन सुरक्षा के तहत मिलने वाले लाभ तथा आंगनबाड़ी में बच्चों को मिलने वाले लाभ और आंगनबाड़ी की भूमिका पर प्रकाश डाला गया. जागरूकता शिविर में जीविका दीदी द्वारा बकरी पालन मुर्गी पालन से आर्थिक सहयोग पर जानकारी दी गई . पोखरा वार्ड संख्या 08 दलित टोला दुसाध टोली में समाजिक कार्यकर्ता सह भाजपा जिला प्रवक्ता दिलीप कुमार सिंह ने भी महादलित वर्ग के लोगों को मिलने वाली सहायता पर भी फोकस किया . कैप प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रंजन कुमार ने भी लोगों को संबोधित करते हुए उनके हितकारी योजनाओं पर विशेष प्रकाश डाला कहा इस टोले के बच्चे को आंगनबाड़ी तथा अपने नजदीकी स्कूलों में भेजकर शिक्षा ग्रहण करवाने से ही विकास कार्यों का सही जानकारी और समाज का उत्थान हो सकता है. इसलिए अपने बच्चों को शिक्षित करना बहुत जरूरी है.इस अवसर पर विकास मित्र पोखरा पंचायत पूनम देवी ,स्वास्थ्य क्षेत्र एनएम आशा देवी, पंचायत कार्यपालक चंदन ओझा, स्वच्छता ग्राही मंजय पाल ,रोजगार सेवक, आंगनबाड़ी सेविका संध्या सिंह, किसान सलाहकार प्रमिला देवी जीविका दीदी ,मुखिया रत्नेश्वर यादव. इत्यादि लोग मौजूद थे.

बेकाबू बुलेट पलटने से एक की मौत, अन्य तीन सवार घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। एक तेज रफ्तार बेकाबू बुलेट पलट गया जिसमें बुलेट सवार एक किशोर की मौत हो गई। जबकि तीन अन्य सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। घटना ओबरा थाना क्षेत्र के तेजपुरा लख के समीप एनएच 139 पर की है। मृतक किशोर और तीनों घायल आपस में दोस्त बताए जा रहे हैं। मृतक की पहचान ओबरा थाना क्षेत्र के ही मझियावां गांव निवासी युगल राजवंशी के बेटे मुकेश कुमार (18) के रूप में की गई है। जबकि घायलों में उस गांव के ही रहने वाले लालकेश्वर सिंह का बेटा बृज कुमार (18), राजेश पासवान का बेटा छोटू कुमार (20) और धीरज कुमार (20) शामिल है। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से धीरज को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल दाउदनगर भेजा। जबकि अन्य तीनों युवकों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें सदर अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने मुकेश को मृत घोषित कर दिया। बृज की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में भर्ती कर छोटू का इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम चारों दोस्त घर से एक ही बुलेट बाइक पर सवार होकर शॉपिंग करने दाउदनगर बाजार गए थे। जहां से लौटने के दौरान तेजपुरा लख के पास सड़क पर उभरे ठोकर के कारण उनकी तेज रफ्तार बुलेट बेकाबू होकर पलट गया जिसके कारण चारों को गंभीर चोटें लगी। बुलेट मृतक किशोर मुकेश चला रहा था। उसने हेलमेट भी नहीं पहनी थी। बुलेट से गिरने के कारण उसके सिर में गंभीर चोटें आई जिसके कारण उसकी मौत हो गई। मृतक मुकेश अपने चार भाई बहनों में दूसरे नंबर पर था। बड़ी बहन की शादी हो चुकी थी। मुकेश के पिता किसान है। पिछले साल ही मैट्रिक पास करने के बाद वह औरंगाबाद में रहकर इंटर की पढ़ाई कर रहा था। सदर अस्पताल में युवक की मौत की सूचना पर नगर थाना की पुलिस वहां पहुंची व शव को कब्जे में लेते हुए पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुधवार की सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मझियावां गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

वज्रपात से अधेड़ की मौत

रफीगंज (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता। प्रखंड के मखदुमपुर गांव में बुधवार को व्रजपात गिरने से मखदुमपुर गांव निवासी स्व नाथुन राम के 40 वर्षीय पुत्र सुबोध राम की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। परिजनों के द्वारा आनन-फानन में रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां चिकित्सक द्वारा नस टटोलते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक के बड़े भाई प्रमोद राम ने बताया कि घर के बाहर गए थे, तभी अचानक बारिश होने लगा उसी क्रम में व्रजपात गिरने से मौत हो गई। मृतक के दो पुत्र एवं एक पुत्री हैं मृतक मजदूरी का काम करते थे। मृतक की पत्नी और बच्चे पूरी तरह बेसहरा हो गए। घर मे कमाने वाले इकलौता व्यक्ति थे। पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ संजय यादव, जदयू नेयाज असरफी सहित अन्य लोगो ने वरीय अधिकारियों से मुआवजा का मांग किया है। प्रभारी अंचलाधिकारी राम कुमार रमन ने बताया कि कागजी प्रक्रिया पूर्ण होने पर सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा दिया जाएगा।

एनटीपीसी नबीनगर में क्रिकेट लीग की हुई शुरुआत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। नबीनगर स्थित एनटीपीसी में सोमवार को नबीनगर प्रीमियर लीग की उत्साहपूर्ण शुरुआत हुई। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन एनटीपीसी नबीनगर के परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक एल. के. बेहरा ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, 'ऐसे आयोजन कर्मचारियों में ऊर्जा, सकारात्मकता और आपसी सहयोग को बढ़ावा देने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का पहला मुकाबला एचओपी और जीएम (ओ और एम) के बीच खेला गया, जिसमें परियोजना के वरिष्ठ अधिकारियों ने खेल मैदान में अपना क्रिकेट कौशल प्रदर्शित किया। इस मैच में जीएम (ओ और एम) की टीम विजयी रही। एनपीएल का आयोजन हर साल नबीनगर स्पोर्ट्स काउंसिल द्वारा किया जाता है। इस वर्ष टूर्नामेंट में कुल छह टीमें हिस्सा ले रही हैं, जो विभिन्न विभागों के कर्मचारियों से मिलकर बनी हैं। लीग के मुकाबले अगले तीन सप्ताह तक चलेंगे और 24 मई 2025 को एक भव्य समापन समारोह के साथ टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट का उद्देश्य कर्मचारियों के बीच स्वास्थ्य, फिटनेस, टीम वर्क और आपसी विश्वास को बढ़ावा देना है। ऐसे आयोजन कर्मचारियों को तनावमुक्त रहने में मदद करते हैं और कार्यस्थल पर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। यह आयोजन खेलों के माध्यम से युवा कर्मचारियों में नेतृत्व, अनुशासन और टीम भावना जैसे गुणों के विकास का भी सशक्त माध्यम बन रहा है।

पूर्व सैनिक जंगी मैदान में जाने के लिए तत्क्षण तैयार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



मदनपुर (औरंगाबाद)। पहलगाम हमले के बाद बीती रात भारतीय सेनाओं द्वारा पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिए जाने पर पूर्व सैनिकों ने गौरवान्वित महसूस किया है। वहीं सरकार से अनुरोध किया है कि अगर देश की रक्षा के लिए पूर्व सैनिकों की आवश्यता पड़े तो हम तत्क्षण तैयार हैं। पूर्व सेना संघ के जिला अध्यक्ष डॉ टी के सिंह और मौखेता निवासी पूर्व सेना जेपी प्रसाद सिंह ने बताया कि आज का दिन हमारे सैनिकों के लिए काफी गर्व का दिन है और हर एक भारतीय गौरवान्वित महसूस कर रहा है। पूर्व सैनिकों ने कहा कि ब्लैक आउट का निर्णय हर भारतीयों को मनाना चाहिए और इसको सफल बनाना चाहिए। इसके द्वारा संभावित युद्ध में होने वाले खतरों से हम बचते हैं। पूर्व सैनिकों ने यह भी अनुरोध किया है कि हमारे देश के राजनीतिक दल सरकार के साथ कदम में कदम मिलाकर खड़े रहें। देश हित सर्वोपरि है।

भारतीय सेना और पीएम के नेतृत्व में देश काफी मजबूत



रफीगंज (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता। पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर भारतीय हमले के बाद रफीगंज के योगा ग्रुप में खुशी की लहर दिखी। लोगों का कहना है कि पाकिस्तान को सबक सिखाना काफी जरूरी था। योगा ग्रुप में भारत माता की जय, भारतीय सेना जिंदाबाद के साथ पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। ग्रुप से जुड़े लोगों ने भारतीय सेना को इस बड़ी कार्रवाई के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि देश भारतीय सेना और पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काफी मजबूत है। पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। इस बार हमारी सरकार आतंकियों को पूरी तरह से खत्म कर देगी। प्रखंड से जुड़े पूर्व जिला परिषद दीनानाथ विश्वकर्मा, पिंटू कुमार, रवि कुमार, चंदन सोनार, राजू गुप्ता, विजय शर्मा, राघव शर्मा, जितेंद्र कुमार, उपेंद्र कुमार, विनय शर्मा, अभिषेक कुमार, धर्मेंद्र सोनी एवं किशोर शर्मा ने भी ऑपरेशन सिंदूर पर खुशी जाहिर किया।

23 छात्रों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)। राजकीय अभियन्त्रण महाविद्यालय औरंगाबाद में क्वालिटी ऑस्ट्रिया एंड सेन्ट्रल एशिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा महाविद्यालय के 23 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट किया गया है। सभी चयनित छात्रों को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशान्त मणि ने शुभकामनाएं दी। साथ ही बताया की कई और कंपनियां महाविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट के लिए इच्छुक हैं। इस वर्ष महाविद्यालय के 60 प्रतिशत छात्रों को ऑन कैंपस जॉब आफर प्राप्त हो चुकी है। इन सभी छात्रों को महाविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर प्रो अवेनाश कुमार, डॉ सचिन महेश्वर, प्रो राकेश सिन्हा, प्रो चंदन कुमार सहित अन्य ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।

विष्णुधाम को रामायण सर्किट में शामिल करने की उठी मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित सनातनी परंपरा का महान तीर्थस्थल विष्णुधाम के प्रांगण में जानकी अशोक पेड़ के नीचे जानकी नवमी के अवसर पर माता जानकी जी को याद किया गया। उनके जीवन पर आधारित विचार संवाद का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विष्णु धाम के महंत बालकानंद ब्रह्मचारी जी की उपस्थिति रही। महंत जी को अंग वस्त्र, धार्मिक पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। रहुआ निवासी समाजसेवी मधुसूदन त्रिवेदी ने बताया कि विष्णुधाम का यह जानकी अशोक वृक्ष अत्यंत ही दुर्लभ धरोहर है। माता जानकी के जीवन वृत्त पर चर्चा करते हुए उनके द्वारा गाए गए गौरी स्तुति जय जय गिरिराज किशोरी जय महेश मुख चंद्र चकोरी गीत को सुरेश विद्यार्थी द्वारा गया गया। बताया गया कि जानकी मां नारी सशक्तिकरण के आदर्श हैं अगर किसी स्त्री को अपने जीवन में संघर्ष से कुछ सीखना है तो वह जानकी माता के संघर्षपूर्ण जीवन से सीखे, जिनका पूरा जीवन ही संघर्षों में बीता और संघर्ष में विपरीत परिस्थितियों में इंसान को किस प्रकार से धैर्य धारण करना चाहिए। वक्ताओं ने इस स्थल को भी रामायण सर्किट में शामिल करने की मांग की।

समग्र सेवा अभियान के तहत सरदार टोला में लगा शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



मदनपुर (औरंगाबाद)। डॉ. भीमराव अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति टोला में विशेष विकास शिविर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मदनपुर प्रखंड के खिरियावां पंचायत के महादलित टोला महाराजगंज में आयोजित किया गया। बिहार महादलित विकास मिशन अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग द्वारा विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना, विद्यालय में दाखिला, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, कौशल विकास कार्यक्रम, स्वयं सहायता भत्ता, ई-श्रम कार्ड, जॉब कार्ड, बिजली कनेक्शन, विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन सहित पचास से अधिक आवेदनों का निपटारा किया गया है। सरकार की अन्य सेवाओं के लाभ के लिए आवेदन स्वीकृत किया गया। इस शिविर में मुख्य रूप से शिविर प्रभारी कमल दास, विकास मित्र मनीषा कुमारी, अनीता देवी, शिक्षा सेवक उदय कुमार शिकारी, संदीप कुमार, अशोक कुमार चौधरी, अखिलेश कुमार, पंचायत सचिव अरविन्द कुमार, पंचायत रोजगार सेवक भूपेंद्र कुमार, आवास सहायक रामभोला कुमार, एएनएम शालिनी कुमारी, लाइन मैन उमेश सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे।

नदी पुल के नीचे से वृद्ध का शव बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अंबा (औरंगाबाद)। रिसियप थाना क्षेत्र के नेउरा सुरजमल गांव में नदी पर बने पुल के नीचे से 65 वर्षीय वृद्ध की लाश बरामद हुई है। घटना बुधवार दोपहर की है। मृतक की पहचान झारखंड के पलामू जिला अंतर्गत पिपरा गांव निवासी युगेश्वर सिंह के रूप में हुई है। नदी किनारे वृद्ध की लाश को देखकर स्थानीय लोगों ने रिसियप थाना को सूचना दी। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष निशा कुमारी घटनास्थल पर पहुंचीं और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर परिजन थाना पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम कराने ले गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि संभावना जताई जा रही थी कि लू लगने के कारण वृद्ध की मृत्यु हुई होगी। मृत्यु का स्पष्ट कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा।

■ मृतक की पहचान झारखंड के पलामू निवासी 65 वर्षीय युगेश्वर सिंह के रूप में हुई

यज्ञ के लिए गाजे- बाजे के साथ निकली जलयात्रा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज के बलार पंचायत के साहो करमा गांव मे नवनिर्मित हनुमान मंदिर में प्रतिमा स्थापित करने को लेकर श्री भगवत हनुमंत प्राण- प्रतिष्ठा सह महायज्ञ का आयोजन किया गया। गाजे- बाजे, घोडे के साथ यज्ञ मंडप से निकलकर जयकारा लगाते हुए सैकडो श्रद्धालू देवकली डैम पहूंचे। आचार्य कनक पाण्डेय के वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा डैम मे जलभरी कर वापस यज्ञ मंडप आये। आयोजक जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष अभय प्रताप सिंह एवं अध्यक्ष यज्ञ समिति रामराज सिंह ने बताया कि तीन दिवसीय हनुमंत यज्ञ 7 से प्रारंभ होकर 9 मई तक रहेगी। प्रतिदिन प्रवचन एवं भंडारे का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर सुरेश सिंह, प्रदीप सिंह, मिथलेश सिंह, श्रवण यादव, पैक्स अध्यक्ष उमेश यादव, पूर्व मुखिया रामचंद्र यादव, बृजराज सिंह, गोपाल सिंह, प्रिंस सिंह, सुरेंद्र सिंह, सरोज सिंह, अरुण सिंह, रविन्द्र सिंह, मनीष सिंह, रौशन सिंह, राम एकबाल सिंह, राकी सिंह, कृष्णा सिंह, राकेश सिंह, टिंकू सिंह, उपेंद्र सिंह, विनय सिंह, सुनील सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

रेलवे पुल पर जल जमाव से आवागमन में हो रही परेशानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज-ओबरा पथ के भावड़ा रेलवे पुल के पास आए दिन नाली एवं बारिश का पानी के जल जमाव से राहगीर परेशान हैं। रेलवे ट्रैक के अगल- बगल घनी आबादी है, बावजूद यहां सड़क के किनारे नाली नहीं बनी है। नाली नहीं रहने से घर के वेस्टेज पानी सड़क पर बहाने के लिए लोग मजबूर हैं। वही बारिश का पानी भी जम जाती है। जिससे आये दिन राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। बता दें कि एक मात्र यही रास्ता है जो ओबरा, बराही, हाजीपुर, अब्दलपुर सहित सैकड़ो गांव जाती है। आने जाने वाले बाइक, पैदल चलने वाले पर पानी का छिंटा लगता है। दर्जनों गांवों के बच्चे को बाजार के विद्यालय में पढ़ने के लिए आवाजाही रहती है। दिन रात राहगीरों का बाजार आना जाना लगा रहता है। सभी लोग पानी के छिंटा पड़ने का डर बना रहता है। जिससे स्कूली बच्चे व पैदल जा रहे राहगीर परेशान रहते हैं। लेकिन आज तक यहां नाली बनवाने के लिए एवं पानी जमाव न हो इस ओर प्रशासन गंभीर नहीं है।

तम्बाकू के दुष्परिणामों से अवगत हुए छात्रगण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह की अध्यक्षता में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बच्चों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के अंतर्गत संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक महेश आनंद ने बच्चों को नशापान की विभीषिका से अवगत कराया। तम्बाकू के दुष्परिणामों का विस्तार से चर्चा किया गया। बच्चों को अपने आस-पास जाकर लोगों को शराब, ड्रग्स एवं तम्बाकू सेवन न करने हेतु प्रेरित किया गया। प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने कुछ व्यवहारगत नशाएं यथा मोबाइल की लत, वीडियो गेमिंग एवं इंटरनेट स्क्रोलिंग करते रहने के प्रति भी बच्चों को सचेत किया एवं इससे होने वाले डिप्रेशन आदि की समस्याओं के बारे में भी बताया। इस कार्यक्रम में भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के विशेष प्रशिक्षक के रूप में पहुंचे मंटू कुमार ने बिहार के नशा मुक्ति अभियान के दृष्टिगोचर हो रहे फायदे की जानकारी बच्चों को दिए।

वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। पुलिस ने कोना गांव से एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि औरंगाबाद कोर्ट के द्वारा वारंट निर्गत जारी हुआ था, उसी के आलोक में कोना गांव निवासी वकील भुईया को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई हेतु औरंगाबाद न्यायालय भेज दिया गया।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

राष्ट्रीय लोक अदालत में नौ बेचों के माध्यम से होगा सुलहनीय वादों का निपटारा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। आगामी 10 मई को आयोजित होने वाले वर्ष के दूसरे राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार व जिला जज राज कुमार ने प्रेस वार्ता की। इस अवसर पर प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल सहित अन्य न्यायाधीश मौजूद रहे। जिला जज ने लोक अदालत की तैयारियों के संबध जानकारी देते हुए बताया कि व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में सात एवं अनुमंडलीय न्यायालय दाउदनगर में दो बेंचों के माध्यम से सुलहनीय वादों का निपटारा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के लिए न्यायालय में लंबित सभी तरह के सुलहनीय वादों से संबधित नोटिस को पुलिस के माध्यम से पक्षकार को हस्तगत कराया गया है साथ ही तामिला प्रतिवेदन पर प्राप्त मोबाईल संख्या के आधार पर कार्यालय द्वारा उन्हें लोक अदालत के दिन उपस्थित रहने हेतु भी सूचित किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी संबधित विभागों, न्यायालय तथा संबधित पदाधिकारियों के साथ कई दौर की बैठक का आयोजन किया गया है। मीडिया द्वारा किये जाने वाले सार्थक सहयोग के प्रतिफल के रूप में लोक अदालत के दिन इसका साकारात्मक परिणाम मिलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि परिवारिक मामलों के निस्तारण में इस जिले का पूर्व में भी अच्छा रिकार्ड रहा है और इसे और अव्वल बनाने की प्रक्रिया जारी रहेगी और इसके लिए कई वादों का चयन किया गया है। वादों के संबध में प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रारम्भिक स्तर पर अभी तक 2230 सुलहनीय वाद जो न्यायालय में लंबित है, चिन्हित किया गया है तथा 51 वादों में निस्तारण हेतु सहमति प्रदान किये जाने तथा 5000 से अधिक नोटिस निर्गत किये जाने तथा तथा 600 वादों का निस्तारण का लक्ष्य से संबधित ब्यौरा संवाददाताओं का उपलब्ध कराया गया। साथ ही प्री-लिटिगेशन के अंतर्गत 5000 से अधिक बैंक ऋण संबंधित मामलों में पक्षकारों को नोटिस किया गया है जिसमें 125 से अधिक ऋण वादों का निस्तारण हेतु सहमति प्राप्त हो गया है तथा 1200 से अधिक मामलो को इस लोक अदालत में निस्तारण का लक्ष्य रखा गया है और इनसे सम्बन्धित नोटिस प्रेषण की कार्रवाई की जा चुकी है, जिसे आगे बढ़ने की संभावना है। साथ ही बताया गया कि न्यायालय स्तर से बड़े पैमाने पर नोटिस प्रेषित करने की कार्रवाई की गयी है जिससे कि न्यायालय में लंबित सभी तरह के सुलहनीय मामलों का अधिक से अधिक निस्तारण संभव हो सकेगा। सचिव ने बताया कि नौ बेचों के माध्यम से वादों का त्वरित निष्पादन किया जायेगा। सचिव द्वारा जिलावासियों से यह अपील भी किया गया कि लोक अदालत का अधिक से अधिक फायदा उठायें और लोक अदालत के दिन आकर अपने वादों को निस्तारण कराने में